CMYK

सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-87 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 03 सितम्बर 2023
16 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com




# सूर्य के सफर पर निकला इसरो का आदित्य-एल 1

## 127 दिन में तय करेगा 15 लाख किलोमीटर की यात्रा, अगले 25 साल तक सूर्य के चक्कर लगाएगा आदित्य-एल 1

- इसरो ने रचा नया इतिहास
- इसरो के मिशन से तैयार होगी स्पेस की अगली दुनिया
- सौर हवाओं के विभाजन और तापमान की स्टडी करेगा




**नई दिल्ली।** चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक उतारने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और इतिहास रच दिया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को आदित्य-एल1 मिशन की सफल लॉन्चिंग की। इस मिशन का उद्देश्य सूर्य का अध्ययन करना है।

अंतरिक्ष यान को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल1) पर भेजा गया है। इसरो ने शनिवार को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को प्रक्षेपित किया। आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण पीएसएलवी रॉकेट के जरिए आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च हुआ। इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान को कवर करने वाला पेलोड पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर निकलते ही अलग हुआ। इसके बाद पीएसएलवी के पृथक्करण का तीसरा चरण पूरा हुआ। अब सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य-एल1 को धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर लैग्रेंजियन-1 बिंदु तक पहुंचने में 125 दिन लगेंगे। इसरो के आदित्य-एल1 मिशन का गंतव्य पृथ्वी और सूर्य के बीच लैग्रेंजियन बिंदु एल1 है। एल1 बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है जो पृथ्वी से सूर्य की दूरी का महज 1/100वां भाग ही है। वहीं पृथ्वी से सूर्य की दूरी लगभग 15 करोड़ किलोमीटर है। एक बार मान भी लें कि किसी अंतरिक्ष यान को सूर्य तक भेजा जाए लेकिन यह बहुत मुश्किल होगा।

### हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे: पीएम मोदी

भारत का सूर्य मिशन आदित्य एल-1 सफल रूप से पृथ्वी के ऑर्बिट में पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल लांचिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा है कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा को जारी रखा है पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा है, संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे।

### सीएम योगी ने दी बधाई

**लखनऊ।** भारतीय स्पेस मिशन की इस ऐतिहासिक सफलता पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसरो सहित पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक करार दिया। साथ ही सीएम योगी ने इस मिशन की पूर्ण सफलता की कामना भी की। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, संपूर्ण मानवता की सेवा के ध्येय के साथ आज नए भारत की सामर्थ्य का प्रतीक पीएसएलवी-सी57/आदित्य-एल1 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया।

### रोवर ने लैंडर से 100 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शनिवार को बताया कि चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोवर प्रज्ञान ने लैंडर से करीब 100 मीटर की दूरी तय कर ली है। इसरो प्रमुख ने बताया कि रोवर प्रज्ञान और लैंडर विक्रम को स्लीप मोड में डालने की प्रक्रिया एक या दो दिन में शुरू होगी, क्योंकि उस दौरान उन्हें चंद्रमा पर रात्रि का सामना करना पड़ेगा। इस बीच, चंद्रमा के ऊपर रोवर प्रज्ञान 100 मीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है और उसकी यात्रा जारी है।

## छह को इंडोनेशिया जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6-7 सितंबर तक इंडोनेशिया में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर देश की यात्रा करेंगे। उनकी इंडोनेशिया यात्रा 9-10 सितंबर तक नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है।

आगामी आसियान-भारत शिखर सम्मेलन 2022 में भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के समूह के देशों के संगठन के बीच संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद पहला शिखर सम्मेलन होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगामी शिखर सम्मेलन में भारत और अन्य आसियान सदस्यों के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति विडोडो के निमंत्रण पर जकार्ता का दौरा किया।

## सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए मांगा आठ हफ्ते का वक्त

**ज्ञानवापी मामला**



**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ज्ञानवापी परिसर में अपना सर्वेक्षण पूरा करने के लिए दी गई चार सप्ताह की समयसीमा शनिवार को समाप्त होने के साथ, हिंदू वादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कहा कि एएसआई अदालत से और समय की मांग की है और प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें लगता है कि सर्वेक्षण अभी तक पूरा नहीं हुआ है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को ज्ञानवापी परिसर के सर्वे और इसकी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगा है। एएसआई के प्रार्थना पत्र पर चार सितंबर को सुनवाई होगी। त्रिपाठी ने एएनआई को बताया कि एएसआई प्राथमिक रिपोर्ट दे सकता है लेकिन उन्हें अभी अंतिम रिपोर्ट नहीं देनी चाहिए क्योंकि सर्वेक्षण अधूरा है। लंच के बाद कोर्ट इस मामले पर सुनवाई करेगा. ऐसी संभावना है कि एएसआई अदालत से और समय मांग सकता है। हिंदू वादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील शुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि वाराणसी जिला अदालत द्वारा एएसआई को अपना सर्वेक्षण पूरा करने के लिए दिया गया चार सप्ताह का समय शनिवार को समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि सर्वेक्षण अभी पूरा नहीं हुआ है और एएसआई तारीख बढ़ाने का अनुरोध कर सकता है। वुज़ुखाना को छोड़कर, काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद, 4 अगस्त को शुरू हुआ, जिसने एएसआई को यह निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी कि क्या 17 वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण किया गया था।

## व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं: वीके सक्सेना

**जी-20**

- पिछले 2 महीनों से पूरी टीम के साथ घूमकर एक-एक रोड देख रहा



**नई दिल्ली।** जी20 की तैयारियों पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि पिछले 2 महीनों से हमारा फोकस था कि शहर ऐसा दिखे कि यहां कोई त्योहार होने वाला है। हम इस काम में करीब 2 महीने से लगे हुए हैं और कहीं ना कहीं अब ऐसी दिल्ली दिख रही है। जी 20 की मेजबानी करना कोई आसान काम नहीं है और हमारे प्रधानमंत्री ने इस चुनौती को स्वीकार किया।

हमारी ये जिम्मेजारी बनती है कि हम इसे सफल बनाए। दिल्ली पुलिस सहित देश की अन्य सुरक्षा एजेंसी साथ-साथ काम कर रही हैं। विभिन्न राज्यों से सुरक्षाकर्मियों को बुलाया गया है। जो भी मेहमान यहां आ रहे हैं वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं और उन्हें कोई तकलीफ नहीं होगी। खाने-पीने के बहुत इंतजाम किए गए हैं। जितने भी प्रतिनिधि आ रहें हैं उन्हें भारतीय व्यंजन तो मिलेंगे ही साथ-साथ उनके अपने खाने के भी इंतजाम किए गए हैं। पिछले 2 महीनों से मैं पूरी टीम के साथ घूम रहा हूं, एक-एक रोड को देख रहा हूं।

9 सितंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में 20 सदस्य देशों सहित 40 देशों के नेता और प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। हमने लगभग छह महीने पहले जी20 की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन पिछले दो महीनों में हमारा ध्यान इस बात पर रहा है कि शहर को कैसे साफ किया जाए, सड़कों और फुटपाथों को कैसे बेहतर बनाया जाए और शहर में हरित स्थानों को कैसे बढ़ाया जाए। हमारे सामने बड़ी चुनौती शहर में साफ-सफाई की थी। एलजी ने कहा कि दो महीने पहले, जब हमने अलग-अलग इलाकों का दौरा करना शुरू किया, तो हमने देखा कि सड़कें बहुत गंदी थीं। शहर की 61 सड़कों से करीब 15,000 टन कूड़ा हटाया गया. फिर, इन सड़कों का सौंदर्यीकरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रगति मैदान में अत्याधुनिक भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। राजनीतिक दृष्टि से विश्व में भारत की छवि नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। आर्थिक दृष्टि से दिल्ली आ रहे जी-20 प्रतिनिधिमंडल एक बड़ा कारोबार खड़ा करेंगे।

## मराठा आरक्षण समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा शुक्रवार को की गई कार्रवाई के विरोध में शनिवार को ठाणे, नासिक और लातूर सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। मराठा क्रांति मोर्चा के आह्वान पर लातूर में आयोजित बंद के दौरान दुकानें और प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांपूर्वाह्न करीब दस बजे छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर एक बैठक आयोजित की गई। बंद के दौरान राज्य संचालित महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें सड़कों से नदारद रहीं। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर स्कूल और कॉलेज दिन में बंद रहे। मराठा समुदाय को शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण देने की मांग को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल रैली भी निकाली। संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि जिले के निलांगा तहसील के रेनापुर और औरद शाहजानी में भी विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

**सीएम योगी ने गोरखपुर को दी 195 परियोजनाओं की सौगात**

## दंगाबाज और दगाबाज लगा रहे मोदी जी की राह में बैरियर: सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक तरफ विकास और राष्ट्रवाद का अलख जग रहा है तो दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं

- नए भारत के नए यूपी में चमक रहा नया गोरखपुर: योगी
- शिलान्यास के बाद उद्घाटन भी करती है डबल इंजन की सरकार

जिन्हें गरीबों का विकास व कमजोरों का उत्थान अच्छा नहीं लग रहा है। उन लोगों को नौजवानों को मिल रहा रोजगार, किसानों की खुशहाली अच्छी नहीं लग रही। समर्थ, सक्षम और सशक्त भारत अच्छा नहीं लग रहा। दंगाबाज और दगाबाज लोग मोदी जी की राह रोकने के लिए बैरियर लगा रहे हैं। जनता को जागरूक रहकर हर बैरियर हटाना है और सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते रहने के लिए डबल इंजन सरकार को अवसर प्रदान करते रहना होगा।

सीएम योगी शनिवार अपराह्न महंत महंत दिग्विजय नाथ स्मृति पार्क में 629 करोड़ रुपये की लागत वाली जल निगम व लोक निर्माण विभाग की 195 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर से नकहा ओवरब्रिज होते हुए स्पोर्ट्स कॉलेज तक मार्ग का 41.20 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा 20.18 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकृत व सुदृढ़ीकृत महावनखोर-नेतवर बाजार-कैम्पियरगंज मार्ग का लोकार्पण और 567.21 करोड़ रुपये की लागत से 193 ग्राम पंचायतों के लिए नल से शुद्ध पेयजल की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। लोकार्पण व शिलान्यास को जन्माष्टमी गिफ्ट बताने के साथ सीएम योगी ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए सभी के लिए मंगलकामना की और कहा कि डबल इंजन की सरकार सिर्फ शिलान्यास ही नहीं करती, शिलान्यास वाले कार्यों का उद्घाटन भी करती है। उन्होंने कहा कि देश, दुनिया में नई आभा के साथ चमक रहा है। भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है। वैश्विक स्तर पर देश का सम्मान बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के लोगों के सामने 2017 से पूर्व पहचान का संकट था। यह गंभीर संकट भाई भतीजावाद, परिवारवाद, जातिवाद, माफियावाद, भ्रष्टाचारवाद की राजनीति के चलते था। यूपी की जनता ने अब उन लोगों के सामने ही पहचान का संकट खड़ा कर दिया है जिन्होंने यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। सीएम योगी ने गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि नए भारत के नए यूपी में नया गोरखपुर नई आभा से चमक बिखेर रहा है। यहां का रामगढ़ताल पहले अपराध और गंदगी का गढ़ था, आज खूबसूरती ऐसी की यहां फिल्मों की शूटिंग होती है। एक बार रात बारह बजे अफसरों को फोन करके पता किया तो 12 से 15 हजार लोग यहां घूमते मिले।

### कभी-कभी मिलते हैं मोदी-योगी जैसे नेता: स्वतंत्रदेव

शिलान्यास व लोकार्पण समारोह में प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि मोदी जी और योगी जी जैसे नेता कभी कभी मिलते हैं। इनके नेतृत्व में बुंदेलखंड से गोरखपुर तक हर घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। 2024 तक यूपी के हर घर तक नल से जल मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी में गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार से हाहाकार मचा था। आज सुरक्षा के माहौल में सबको कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुसहर, वनटांगिया और थारू समाज जैसे वंचित तबके भी विकास से जुड़ चुके हैं। उन्होंने सीएम योगी के नेतृत्व में गोरखपुर में आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि आज इसके आगे नोएडा भी फेल नजर आता है।

### आरओ से भी शुद्ध पानी उपलब्ध करा रही सरकार

मुख्यमंत्री ने हर घर नल से जल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक योजना ही नहीं है। प्राचीन काल से ही पानी पिलाने को पुण्य का कार्य माना गया है। हर घर नल से जल योजना में सरकार आरओ से भी शुद्ध पानी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत यूपी में आधे से अधिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। बुंदेलखंड में जहां पानी नहीं पहुंचता,था वहां सभी चार हजार गाँवों में व्यवस्था अंतिम चरण में है। पहले यहां ट्रेन से पानी भेजना पड़ता था। महिलाएं पांच किमी दूर से सिर पर गगरी रखकर पानी लाती थीं।

### मोदी-योगी राज में किसी सुविधा की कमी नहीं

समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज में जनता को किसी भी सुविधा की कमी नहीं है। हर जरूरतमंद को आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन के साथ हर घर को नल से शुद्ध पेय जल की सुविधा उपलब्ध हो रही है। यूपी में तो बाबा के रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां सुरक्षा व्यवस्था ऐसी है कि सब लोग निश्चिन्त हैं। देश के ही नहीं, विदेशों के निवेशक निवेश करने को आतुर हैं।

## सीएम अशोक गहलोत ने पीड़िता से की मुलाकात


**प्रतापगढ़ कांड**

- 10 लाख रुपए और सरकारी नौकरी की घोषणा की



**प्रतापगढ़।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में एक भयावह घटना में, एक 21 वर्षीय आदिवासी महिला को कथित तौर पर नग्न कर एक गांव में घुमाया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रतापगढ़ के धरियावाद में पीड़िता और उसके परिवार से मुलाकात की और कहा कि जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने घोषणा की कि महिला को सरकारी नौकरी की पेशकश की गई है और और सरकार उसे अपने परिवार का समर्थन करने में सक्षम होने के लिए 10 लाख रुपये की सावधि जमा भी कराएगी। मुलाकात के बाद गहलोत ने कहा कि इस मामले में एसआईटी का गठन किया गया है। 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मैंने पीड़ित परिवार से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार आपके साथ खड़ी है और न्याय मिलेगा। मैंने उसे सरकारी नौकरी की पेशकश की है ताकि वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके जिसमें तीन बहनें और एक छोटा भाई शामिल है। उसके पिता मजदूरी करते हैं, यह बहुत गरीब परिवार है। और हम महिला के लिए 10 लाख रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट करेंगे।

## नरेश गोयल 11 तक ईडी की हिरासत में



**घोटाला**

- गोयल ने लोन के पैसे से खरीदे फर्नीचर और आभूषण, ऐशो-आराम में उड़ाए पैसे : ईडी

**मुंबई।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कोर्ट ने 11 सितंबर तक ईडी की हिरासत में भेजा है। वे अब 14 दिन तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार देर रात गोयल को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आज 74 वर्षीय गोयल को शनिवार को मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था। जहां ईडी उनकी हिरासत की मांग की।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिमांड की मांग करते हुए अदालत को बताया कि गोयल ने उधार लिए गए पैसे का इस्तेमाल व्यक्तिगत लाभ और ऐशो-आराम में किया। इसके अलावा लोन राशि का दुरुपयोग नाजायज उद्देश्यों के अलावा फर्नीचर, परिधान और आभूषण जैसी चीजें खरीदने के लिए किया गया। जेआईएल के फंड का इस्तेमाल गोयल ने अपने आवासीय कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने और उनकी बेटी के स्वामित्व वाली एक उत्पादन कंपनी के परिचालन खर्चों को पूरा करने के लिए भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं को पेशेवर और परामर्श शुल्क के भुगतान की आड़ में भी धन की हेराफेरी का दावा किया गया है। जेट एयरवेज, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केनरा बैंक की शिकायत पर गोयल दंपती और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने मामले की जांच सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में गोयल, उनकी पत्नी अनिता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों को आरोपी बनाया है। बैंक ने सीबीआई को शिकायत की थी कि उसने जेट एयरवेज लिमिटेड (जेएएल) को 848.86 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था।

### धन की हेराफेरी का आरोप

सीबीआई का आरोप है कि गोयल परिवार के कर्मचारियों के वेतन, फोन बिल और वाहन खर्च जैसे निजी खर्चों का भुगतान कंपनी द्वारा किया गया था। इसके अलावा फॉरेंसिक ऑडिट में पता चला कि जेट लाइट (इंडिया) लिमिटेड (जेएलएल) के जरिये अग्रिम भुगतान और निवेश के माध्यम से धन की हेराफेरी की गई और बाद में प्रावधान करके उसे बट्टे खाते में डाल दिया गया। सीबीआई के मुताबिक, जेआईएल ने अपनी सहायक कंपनी जेएलएल के लिए ऋण और निवेश के रूप में धन का उपयोग किया।

### फोरेंसिक ऑडिट से खुलासा

बैंक का आरोप था कि कंपनी की फोरेंसिक ऑडिट से पता चला कि गोयल ने अपनी अन्य कंपनियों को 1410.41 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में भुगतान किया और जेट का पैसा बाहर भेजा। सहयोगी कंपनियों को कर्ज और अन्य निवेश के जरिये भी भुगतान किया गया।

**कावेरी जल विवाद पर सिद्धारमैया ने कहा**

## सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश करेंगे जमीनी हकीकत



**बागलकोट।** कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी के जल को लेकर खींचतान जारी है। इस मानसून में कम बारिश के कारण बेसिन के अधिकांश जलाशयों में पानी का प्रवाह कम हो गया है और आने वाले महीनों में पीने और सिंचाई के लिए पानी की भारी कमी की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर जमीनी हकीकत कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और सुप्रीम कोर्ट के सामने रखेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य की सुरक्षा के उद्देश्य से एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिलने का समय मांगा है। इस मुद्दे पर रुचि के साथ-साथ मंजूरी की प्रतीक्षा में अन्य लंबित परियोजनाएं भी शामिल हैं। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि हमारे पास छोड़ने के लिए पानी नहीं है, इसके बावजूद कावेरी जल विनियमन समिति ने कहा है कि हमें (तमिलनाडु को) हर दिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ना चाहिए। पहले उन्होंने 15,000 क्यूसेक कहा, हमारे अनुरोध के बाद उन्होंने इसे घटाकर 10,000 क्यूसेक कर दिया।

CMYK

# जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील गोला गोकर्णनाथ सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा 21, पुलिस 10, ग्राम्य विकास 08, खाद्य एवं रसद व विद्युत 03- 03, बेसिक शिक्षा 02, नगर विकास, गन्ना, लोक निर्माण, पंचायती राज की एक-एक, अन्य के 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सैम श्रेणी के 09 बच्चों के अभिभावकों को सुपोषण किट प्रदान की

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 09 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की।डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए। इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद, उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, सीडीपीओ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# शिकायती पत्र पर जांच करने पहुंचे औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

अवधनामा संवाददाता



**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में दवाइयां विक्रेताओं के खिलाफ दिए गए शिकायती पत्र पर जांच करने पहुंचे औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। जहां अनियमिताएं मिलने पर कार्यवाही होने पर पूरे नगर में हड़कंप मच गया। नगर के अधिकांश दवा विक्रेताओ ने आनन-फानन अपनी अपनी दुकानें बन्द कर दी। शनिवार को कस्बे के मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर दी गई शिकायतों के निस्तारण के लिए औषधि निरीक्षक ने मोहल्ला बबौरी स्थित रेशमा सिद्दीकी मेडिकल स्टोर एवं फरहीन मेडिकल स्टोर पर छापा मारा जिसमें जांच के दौरान भारी अनियमिताएं मिलने पर कार्यवाही की संस्तुति की गई। वहीं दूसरे मेडिकल स्टोर पर जांच के दौरान मिली कमियों को सुधार करने की चेतावनी दी गई। दवा विक्रेताओं ने जांच टीम आने की भनक लगते ही अपनी अपनी दुकानों के शटर गिराकर भूमिगत हो गए। औषधि निरीक्षक के अनुसार किसी भी दवाई विक्रेता की शिकायत मिलने पर कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जाएगी।

# पंचायत सचिव की कमी, काम के लिए दर-दर भटक रहे लोग

- चार्ज बिना लिए मेडिकल ले रहे सचिव कैसे होगा कामकाज

अवधनामा संवाददाता

**नसीराबाद, रायबरेली।** कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे छतोह ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी के न होने से लोग आए दिन दर दर भटक रहे हैं या यू कहे कि कोढ़ में खाज जैसी ब्लाक में हालत उत्पन्न हो गई है। गांव के विकास की बात कौन करे, आम जनता को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि दो ग्राम पंचायत अधिकारियों का स्थानांतरण होने के बाद उनके प्रतिस्थानियों ने पदभार ग्रहण कर लिया किन्तु उनमें से एक शैलेन्द्र कुमार वर्मा बिना चार्ज लिए चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। लगभग डेढ़ महीने से छतोह विकासखंड के दो क्लस्टर के लोग जन्म मृत्यु रजिस्टर की नकल जैसे छोटे-छोटे कामों के लिए परेशान हैं। पंचायतों के अंतर्गत आने वाले भुगतान रुके हुए हैं।

रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार आ गए हैं और अभी तक लंबित भुगतानों के निराकरण का कोई रास्ता नहीं दिखाई दे रहा। खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत अधिकारी आदि सक्षम अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराते हुए अन्य कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारियों में प्रभावित क्षेत्र के बंटवारे का अनुरोध किया गया है और शीघ्र ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

# समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण: डीएम



- 97 मामलों में से सात का तुरंत हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं को सुनते समय संबंधी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। निस्तारण करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए की समस्याएं गुणवत्ता परक निस्तारित हो। जिलाधिकारी के सामने भूमि, राजस्व, सड़क , सुरक्षा, राशन और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं आई। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को देते हुए उनका समाधान करने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने सुरक्षा संबंधी मामलों को देखते हुए संबंधित थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया कि लोगों के विवाद निपटाते समय दोनों पक्षों की बातें सुन ली जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व संबंधी मामले में निस्तारण करते समय पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौका मुआयना करने के उपरांत ही मामले का निपटारा करें। जिलाधिकारी के सामने कुल 97 मामले आए जिनमें से सात का वहीं पर निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 39 शिकायत पत्रों का निस्तारण

**महराजगंज रायबरेली।** तहसीलदार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम एफआर पूजा मिश्रा व एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस में कुल 39 शिकायत पत्र आए जिसमें सिर्फ एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। अन्य के लिए राजस्व और पुलिस की टीमें गठित की गई है, बता दे कि आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 13 पुलिस से संबंधित 14 विकास से संबंधित 8 वहीं अन्य 4 शिकायतें आईसमाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही एडीएम एफआर पूजा मिश्रा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए उन्होंने अधीनस्थों को गुणवत्ता पूर्वक समय अवधि के अंदर शिकायतों का निपटारा करने की बात कही। इस मौके पर एसडीएम राजित राम गुप्ता तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह बीडीओ महराजगंज वर्षा सिंह बीडीओ बछरावां एसबी सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्र व प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र का कर रहीं उत्थान: अजय

- क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में विकास कार्यो पर चर्चा
- 210 विकास कार्यों का आया प्रस्ताव




अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** खैराबाद ब्लाक के सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने की। बैठक में ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र के विकास कार्यो पर मंथन किया। बैठक में ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा व बीडीओ चंद्रभाल की मौजूदगी ग्राम प्रधानों सहित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र में विकास संबंधी प्रस्ताव के पत्र दिए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास कर रही है। तमाम तरह की विकास की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही है। गांव आज शहहर से कम नहीं है। बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से गांवों को लैस किया जा रहा है। गरीबों को पक्के मकान व शौंचालय दिए जा रहे हैं। गांव, गरीब किसानों के हितों को ध्यान में रखा जा रहा है। देश के विकास में सरकार ने पूरी ताकत झोंक रखी है। सबका साथ, सबका विकास एजेंडे पर चलते हुए भाजपा सरकार ने सबका विश्वास जीता है। बैठक में जीपीडीपी योजना पर विचार किया गया। इसी तरह से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पेयजल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी कार्यक्रम, भूगर्भ जल, शौंचालय एवं स्वच्छता, पेंशन आदि पर विचार किया गया। इस दौरान पिछली कार्रवाई की पुष्टि की गई। बैठक में खैराबाद क्षेत्र के 107 क्षेत्र पंचायत सदस्यों में 95 क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने 210 विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव रखा। इन सभी प्रस्तावों पर विचार किया गया। इस मौके पर खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार, एपीओ नितिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित फसलों का सत्यापन चार दिन में पूरा करें

अवधनामा संवाददाता

- वरासत से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण लम्बित न रखा जाये: एमपी सिंह
- चकरोड व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें
- गांवों के अपराधी, आसामाजिक तथा आराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें

**बिलग्राम।** तहसील बिलग्राम में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बिलग्राम, मल्लावां, साण्डी एवं माधौगंज ब्लाक के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के कानूनगों तथा लेखपालों निर्देश दिये कि जितने भी गांव बाढ़ से प्रभावित हुए है और जिन किसानों की फसल बाढ़ से खराब हुई है जिन गरीबों के झुग्गी, झोपड़ी एवं कच्चे घर बाढ़ में गिर गये है उनका चार दिन में शतप्रतिशत सत्यापन कर आख्या उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसानों की फसल बाढ़ में खराब हुई है उन्हें सरकार की ओर से मुआवजा दिया जायेगा तथा जिन गरीबों के घर बाढ़ में गिर गये उनकों मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर दिये जायेगें। उन्होने लेखपालों को निर्देश दिये एक-एक गांव में जाकर फसल एवं घरों का स्वयं निष्पक्ष सत्यापन करें और सत्यापन आख्या गलत पाये जाने पर सम्बन्धित कानूगो एवं लेखपाल के विरूद्व कार्यवाही की जायेगी। गांव में वरासत से सम्बन्धित कोई प्रकरण लम्बित न रखें। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये बाढ़ प्रभावित गांवों के सम्बन्ध में प्रतिदिन नायब तहसीलदारों से वार्ता करें तथा फसल एवं घरों का सत्यापन निर्धारित समय पर पूरा करायें। जिलाधिकारी ने एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देश दिये दिये के सत्यापन पूरा होने तक किसी लेखपाल एवं कानूनगो आदि को छुट्टी नहीं दी जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये किये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पशुओं का शतप्रतिशत टीकाकरण करायें और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन बाढ़ प्रभावित गांवों में पानी निकल गया है वहां अभियान चलाकर सफाई कराने के साथ मच्छर जनित दवाओं का छिड़काव कराये।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें, किया निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** जन शिकायतों के स्थानीय स्तर पर निस्तारण के लिए शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सिधौली में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल खोलकर अवश्य देखें। कोई भी शिकायत डिफाल्ट न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि माह अगस्त में नवीन प्रणाली के अन्तर्गत जिन अधिकारियों के स्तर पर शिकायतें लम्बित रहने के कारण डिफाल्ट हो चुकी हैं, उन्हें विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 122 शिकायतों में से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 58 प्रार्थना पत्रों में से 7, तहसील सदर में प्राप्त 28 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील लहरपुर में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 19 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील महोली में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील बिसवां में प्राप्त 73 प्रार्थना-पत्रों में से 6 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# नितिन अग्रवाल ने मेले एवं प्रदर्शनी का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जनपद में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत पारम्पारिक विराट किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 02 अगस्त से 05 अगस्त 2023 (चार दिवसीय) सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र निकट बिलग्राम चुंगी, हरदोई में किया जा रहा है। आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल द्वारा आज मेले एवं प्रदर्शनी का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन मंत्री एवं किसानों द्वारा किया गया। मंत्री द्वारा किसान भाईयों का देश की अर्थव्यवस्था एवं खुशहाली में योगदान के लिए आभार प्रकट किया गया। मंत्रीने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा छः वर्षो में विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में दोगुने से ज्यादा की वृद्धि की गयीं है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों के खाते प्रतिवर्ष छः हजार रूपये सीधे खाते में भेजने का काम किया है, जिसमें से हरदोई के किसान भी लाभान्वित हुए है। उन्होने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा श्री अन्न फसलों की महत्ता को समझते हुए अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र संघ से अनुमोदित कराया और देश और प्रदेश में श्री अन्न फसलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय एवं लोगो का स्वास्थ्य सुरक्षित करने के लिए कदम उठाया। मंत्री यह भी उल्लेख किया कि जनपद में 64 कृषक उत्पादक संगठन कार्य कर रहे है, जिसके माध्यम से किसान भाइयों को सस्ते दर पर कृषि यंत्र, खाद, बीज, उन्नतशील तकनीकी एवं अच्छे दर पर उपज बिकी की सुविधा प्राप्त हो रही है। मंत्री कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियन चलाकर प्रत्येक विकास खण्ड पर दस कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) बनाये जाये। मंत्री किसान भाईयों से अपील की कि पराली दो खाद लो योजनान्तर्गत वह अपने खेत में फसल अवशेष (पराली) न जलाये और पराली को अपने नजदीकी गौशालाओं में दान कर गोबर की खाद प्राप्त करे। उक्त अवसर पर मंत्री द्वारा ग्राम पंचायत तत्यौरा विकास खण्ड बावन के प्रधान मुनीर को फार्म मशीनरी बैंक के ट्रैक्टर की चाभी एवं कृषक दीप सिंह, सिवानन्द को पावर स्प्रेयर मशीन, सुरेन्द्र पाल सिंह, दिनेशचन्द्र अग्निहोत्री, मुकेश कुमार द्विवेदी, मोलेशंकर एवं जुगराज सिंह को सोलर पम्प के स्वीकृति प्रमाण पत्र अनुज तिवारी, काशीराम रामविलास अमर सिंह एवं जगतपाल को तोरिया मिनी किट बीज एवं मेले में उपस्थित महिला कृषकों को मिलेट्स लोगो प्रिंटेंड थैला भी वितरित किये गये। उप कृषि निर्देशक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल अवशेष प्रन्धन हेतु अनुदान पर वितरित कृषि यंत्रों की योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। डा0 अंजली साहू वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई द्वारा किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की फसलों की जानकारी दी तथा बताया कि श्री अन्न की फसलों की खेती मृदा एवं मानव के स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। इसकी खेती में सिंचाई एवं उर्वरक की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है। भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय, हरदोई द्वारा किसान भाइयों को भूमि संरक्षण एवं खेत तालाब की योजना के बारे विस्तृत जानकारी दी गयीं। श्रीमती निधि गुप्ता, जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की एवं गन्ना की उन्नतशील खेती के बारे में बताया गया। डा0 ए0के0 तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई द्वारा किसान भाइयों को दलहनी, तिलहनी एवं धान फसलों से सम्बन्धित कीट एवं रोग नियंत्रण एवं आगामी रबी सीजन में उगाई जाने वाली फसलों के लिए खेत की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। विनीत कुमार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सदर ने किसान भाइयों को गी आधारित प्राकृतिक खेती में बारे जानकारी दी।

# संक्षिप्त समाचार

## गैंगरेप हत्या मामले में नाबालिक छठे आरोपी को किशोर न्यायालय ने सुनाई सजा

**लखीमपुर खीरी।** दो सगी दलित नाबालिक बहनों के साथ गैंगरेप हत्या मामले में नाबालिक छठे आरोपी को किशोर न्यायालय ने सुनाई सजा, आरोपी को 3 साल तक कि सजा और 35 हजार रुपये का लगाया जुर्माना, निघासन थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते वर्ष 14 सितंबर 2022 को हुई थी घटना।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 387/2023 धारा 376(2)(रु) भादवि में वांछित अभियुक्त मुन्ना उर्फ जानिसार पुत्र जलीस नि0 मो0 श्यामलाल पुरवा कस्बा व थाना खीरी को मो0 हनियाटोला से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है।

## माल गाड़ी से कटकर युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भंसड़िया क्रॉसिंग रेलवे लाइन पर माल गाड़ी से कटकर युवक की मौत। देर रात 12 बजे की घटना। उदरहना का निवासी था युवक।

## महिला की तहरीर पर रेप का मुकदमा दर्ज

**नसीराबाद,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अनुसूचित जाति की महिला के साथ रेप किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर गैर समुदाय के एक ब्यक्ति पर मामला दर्ज कर आरोपी की तालाश मे जुट गयी है मुस्तफा पुत्र मुराद खान निवासी ग्राम पूरे इनायत मजरे कोलवा थाना नसीराबाद पर जबरियन रेप गाली गलौज और जान से मारने की धमकी और अनूसूचित जाति,जनजाति उत्पीड़न निवारण अधिनियम (376, 504, 506, एससी एसटी ऐक्ट) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है बताया जाता है कि महिला को घर में अकेले देख मुस्तफा घटना को अन्जाम देकर मौके से फरार हो गया वहीं बिवेचना सिओ सलोन को सौंपी गयी है नसीराबाद प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि अभियोग पंजीकृत करके कार्यवाही की जा रही है जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होगा।

## आरएसएस के द्वारा मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**सीतापुर।** आनंदी देवी विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा रक्षा बन्धन पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ों पुरुष तथा महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस आयोजन में सह प्रांत प्रचारक संजय, विभाग प्रचारक अभिषेक,तथा जिला प्रचारक पंकज उपस्थित रहे। संघ के प्रचारको ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिला सम्मान,सशक्तिकरण तथा उनकी सुरक्षा को लेकर समाज के पुरुष वर्ग को सजग रहना चाहिए। साथ ही भारतीय संस्कृति में सदा ही महिलाओं को पूजनीय माना गया है। इस उद्देश्य को लेकर के रक्षाबंधन के पर्व के उपलक्ष में यह आयोजन किया गया। आयोजन के समापन के उपरांत आयोजन में उपस्थित युवतियों और महिलाओं ने युवकों तथा पुरुषो को रक्षा सूत्र बांधा जिसके पश्चात सभी में प्रसाद वितरित किया गया।

## अवैध शस्त्र समेत गिरफ्तार



**सीतापुर।** रामपुर मथुरा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दीपक मिश्रा पुत्र विनोद निवासी समनापुर थाना रामपुर मथुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




**हरदोई।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई तथा भोजन की गुणवत्ता को देखा तथा उनको बताया कि ऐसे बंदी जिनकी जमानत हो गई है जमानतदार दाखिल नहीं कर पा रहे हैं वह बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दे सकते है उनकी रिहाई हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आवश्यक कार्यवाही करेगा । अपर जिला जज द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें तथा जिन बंदियो की न्यायालय से जमानत हो गई है परन्तु जमानतदार न होने के कारण कारागार में निरुद्ध है उनकी रिहाई हेतु आवश्यक पैरवी करें। इस अवसर जेलर संजय कुमार सिंह व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# नैपालापुर में जल निकासी की समस्या से निजात

- जिला पंचायत के द्वारा कराया गया ड्रेनेज का काम

अवधनामा संवाददाता



**सीतापुर।** नैपालापुर में स्थित आदर्श नगर मोहल्ले तथा नैपालापुर में जल निकासी की समस्या से मोहल्ले वासियों को निजात दिलाने हेतु जिला पंचायत के द्वारा सीवेज सिस्टम का काम कराया गया। रोड में कंक्रीट की पाइप लाइन बिछाकर उन्हें लोगो के घर की नालियों से जोड़कर मोहल्ले वासियों को जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला पंचायत सीतापुर के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से बजट बनाकर पेश किया गया। मोहल्लेवासियों का कहना है की पूर्व में स्थानीय लोगो को निकलने में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता था, वाहनों तक के निकलने में समस्या होती थी तथा स्कूली बच्चों को आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। साथ ही वर्षा ऋतु में तो जल भराव के कारण इतना अधिक पानी भर जाता था की लोगो के घरों में भी गंदा पानी पहुंच जाता था। पानी भरने के कारण अनेकों बीमारियां जैसे डेंगू चिकनगुनिया मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों का भी खतरा बना रहता था। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर गुप्ता के प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता के द्वारा जेई रजनीश सिंह को क्षेत्र का निरीक्षण कर उसका बजट बनाकर पेश कराया गया। जिसके पश्चात स्थानीय लोगो द्वारा दी गई जानकारी व निरीक्षण के पश्चात यह कार्य शुरू किया गया। फ्लिहाल स्थानीय लोग जल निकासी के लिए जिला पंचायत द्वारा किए गए संतुष्ट है और उन्हें जल भराव की समस्या से निजात मिल गया है। जिसके संबंध में सुरेश भारती, शुभम वर्मा, रेणु श्रीवास्तव, राजीव शुक्ला तथा अन्य स्थानीय लोगो ने जानकारी भी दी।

# बेवजह लंबे न खींचे छोटे-छोटे जमीनी विवादः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



बलरामपुर। माह के प्रथम शनिवार पर जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। तहसील उतरौला में जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा ध्यानपूर्वक फरियादियों/ आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। उन्होंने शिकायतो की जांच करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा की छोटे-छोटे जमीनी विवादो का राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर ग्राम स्तर पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। छोटे-छोटे जमीनी विवाद लंबे ना खींचे। उन्होंने कहा कि लेखपाल एवं कानूनगो कार्यप्रणाली में सुधार लाए। अपने क्षेत्र के जमीनी विवाद से जुड़े मामलों कि पूर्णतया जानकारी रखें। संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में कुल 40 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया,शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा। इससे दौरान एसडीम उतरौला अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकार उतरौला, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तहसील तुलसीपुर में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए

**राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच करते हुए किया जाए निस्तारण**

जिसमें से चार का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार सिंह क्षेत्राधिकार तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। तहसील बलरामपुर में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस बलरामपुर सदर में कुल 38 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## जालौन के कोंच में बुंदेलखंड स्तरीय-राट दंगल का किया आयोजन



उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। जालौन के कोंच नगर में कजरी मेले के दौरान ऐतिहासिक धनु तालाब पर विशाल दंगल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें देश प्रदेश के तमाम क्षेत्रों के महिला तथा पुरुष पहलवान कुश्ती लड़ने आये। जिन्हें देखने के किये लोगों का हुजूम उमड़ा रहा। बुंदेलखंड के साथ, बरेली कानपुर मेरठ, एयर हरियाणा से आये पहलवान ने जबरदस्त कुश्ती के दांव दिखाकर माहौल को गर्म बनाए रखा। यह विराट दंगल कुश्ती का आयोजन कोंच नगर पालिका के सभासद दंगल सिंह यादव की देखरेख में धनुताल के मेला ग्राउंड में किया गया। बरसों बाद कोंच नगर में कजरी मेले के अवसर पर बुंदेलखंड स्तरीय विराट दंगल का आयोजन होने के कारण आस पास के लोग पहुंचे। इस मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया। जिसमें बुंदेलखंड केसरी के नाम से विख्यात भरसूड़ा के पहलवान चरण सिंह, मेरठ की महिला पहलवान दीक्षा, बरेली की महिला पहलवान नेहा, कानपुर के पहलवान कल्लू, हरियाणा के पहलवान सुखविंदर और दिल्ली के विजेंद्र सिंह ने भाग लिया। जिन्होंने अपने दांव से लोगों को रोमांचित किया, जिन्हें देखने के लिए दूर दराज से लोग आये हुए थे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने कहा कि बुंदेलखंड की शान कुश्ती रही है। मगर यह धीरे-धीरे विलुप्त होने लगी है। लेकिन वह कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।

## जयवीर सिंह ने कैम्प कार्यालय पर जन-शिकायतें सुनीं



मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कैम्प कार्यालय पर जन-शिकायतें सुनने के उपरांत कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी जन-शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर रहें, किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए, किसी भी शिकायत को अकारण लंबित न रखा जाए, सक्षम स्तर से शिकायत का संज्ञान लेकर निस्तारित किया जाए ताकि फरियादी को राहत मिले और जन सुनवाई पर उसका विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब व्यक्ति झोपड़-पट्टी में वास न करें, सभी लोगों के पास पक्का मकान हो ताकि गरीब व्यक्ति भी सम्मान के साथ अपना जीवन-यापन कर सकें, आवास योजना का लाभ देने के लिए पात्रों का चयन पूरी पारदर्शिता से किया जाए, जो व्यक्ति योजना का लाभ पाने योग्य हों, उनकी सूची तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों से भी सत्यापन कराया जाए और पात्र पाए जाने की दशा में लाभार्थी को बिना किसी कठिनाई के योजना का लाभ मिले सुनिश्चित किया जाए।

## मूलभूत समस्याओं को लेकर सपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



फतेहपुर। जिले में बिजली, पानी, अन्ना जानवर के साथ-साथ ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की है।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट आये और जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गये ज्ञापन में बताया कि सपा ने जनपद में अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से सभी विधानसभा के बूथों तक जनसमस्याएं जानने के लिए बैठकों का आयोजन कराया। जिसमें बिजली, पानी, अन्ना जानवर व कानून व्यवस्था के पंगू होने की समस्याएं निकलकर सामने आई। जिले का गरीब, किसान, मजदूर बहुत परेशान है। राज्यपाल को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में जो पाइप लाइनें डाली जा रही हैं वह सीसी, डामर एवं खड़ंजा को तोड़कर डाली जा रही है। पाइप लाइन डाले जाने के बाद सड़क को दुरूस्त नहीं कराया जा रहा है। जिससे एक बड़ी समस्या उत्पन्न है। गांवों में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक बिजली नहीं मिल रही है। सब स्टेशन से लो वोल्टेज की समस्या भी है। जिससे किसानों के ट्यूबवेल संचालित नहीं हो पा रहे हैं। जनपद में कम बरसात होने के कारण सूखा पड़ गया है लेकिन प्रशासन व सरकार ने अभी तक जनपद को सूखा घोषित नहीं किया है। जबकि इस जनपद को सूखा घोषित किया जाना जनहित में आवश्यक है। जिले में आवारा जानवर किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसान रात भर खेतों में जाग कर अपनी फसलों को बचाने के लिए लगा हुआ है। जिससे उसका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। बताया कि जनपद के सभी मुख्य मार्ग मौरंग की ओवर लोडिंग से पूर्णतः ध्वस्त हो चुके हैं।

## जानलेवा हमला करने के आरोपी को दस साल की सजा

फतेहपुर। जिले में पांच साल पहले हुए जानलेवा हमले के एक मामले में शनिवार को अपर सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर-प्रथम के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा के साथ 25000 रुपए अर्थदंड देने का आदेश दिया है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी एक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी। जो 16 अगस्त 2018 को दोपहर छुट्टी होने के बाद घर वापस लौट रही थी। इस दौरान युवती जैसे ही गांव में रानी पत्नी वीरेंद्र के घर के पास पहुंची, तभी गुड्डू पुत्र रहीस किशोरी के पास आकर कहा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो। इस दौरान किशोरी ने विरोध किया तो गुड्डू ने किशोरी के गले में चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

## नव-निर्मित अमर शहीद रामपाल सिंह चौहान खेल-कूद मैदान अमृत सरोवर, शिवजी वाटिका, अमृत वाटिका का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विकास खंड करहल के ग्राम अनूपपुर में मनरेगा, राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त योजना से वर्ष 2023-24 में नव-निर्मित अमर शहीद रामपाल सिंह चौहान खेल-कूद मैदान, अमृत सरोवर, शिवजी वाटिका, अमृत वाटिका का लोकार्पण कर अपने कर-कमलों से पीपल का वृक्ष रोपित करते हुए कहा कि आज करहल क्षेत्र की इस ग्राम पंचायत में आधुनिक भारत की तस्वीर का नमूना देखने को मिला, खंड विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सरकारी भूमि पर एक साथ विकसित खेल का मैदान, अमृत तालाब, अमृत वाटिका ग्रामवासियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी, जहां एक ओर क्षेत्र के बच्चों को खेलने की सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर अमृत वाटिका के विकसित होने के फलस्वरूप क्षेत्र के पर्यावरण में सुधार होगा, अमृत तालाब से क्षेत्र के भूमिगत जल स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे देश की लगभग 65 प्रतिशत से अधिक आबादी गांव में निवास करती है, कृषि प्रधान देश होने के कारण अधिकांश ग्रामीण कृषि संबंधी क्रिया-कलापों से जुड़े हैं, इसलिए प्रत्येक गांव का विकास होना, वहां रोजगार के संसाधन मुहैया करना सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में है, पंचायती राज व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत क्षेत्र के जरूरतमंद व्यक्तियों को उनके निवास के पास ही रोजगार के संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं, हर घर नल के माध्यम से स्वच्छ जल योजना के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी की आपूर्ति कराए जाने की योजना तेजी से संचालित है, प्रत्येक गांव, माजरा तक विद्युतीकरण कराकर गांव को रोशन करने का कार्य हो रहा है, पशुओं के टीकाकरण, बीमा योजना भी सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी कर पात्र होने की दशा में लाभ लें।

## पांच फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान 30 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया है। अमैयापुर निवासी सुखपाल ने आवास का रुका हुआ रुपए दिलाने के संबंध में और ममता देवी करनपुर दत्त ने खेत की मेड तोड़ कर कब्जा कर लेने के संबंध में अमृतपुर निवासी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने ब्रह्मदत्त पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमृतपुर में खड़े यूकेलिप्टस से शहीद स्मारक को खतरा होने से यूकेलिप्टस कटवाने के संबंध में 2 बार तहसील दिवस पर शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने अभी तक सुध नहीं ली, रोशन नगला निवासी लाल खां ने अवैध कब्जा के संबंध में राधा गुप्ता पत्नी राजेश गुप्ता निवासी नगला हूसा ने मकान का ताला तोड़कर जबरन कब्जा करने के संबंध में दिया जिसको सीडीओ ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर क्षेत्राधिकार रवींद्रनाथ राय को भेज कर क्षेत्रीय लोगों से जानकारी प्राप्त की। सीडीओ ने शिकायतों को गंभीरता से सुना। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दी। सीडीओ ने एक सप्ताह में निस्तारण करके आख्या प्रस्तुत करने को कहा हैद्य द्यइस मौके पर एसडीम रविंद्र सिंह क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय तहसीलदार कर्मवीर सिंह खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता एडीओ पंचायत अजीत पाठक एडीओ कृषि अमित दिबाकर पूर्ति निरीक्षक नेहा गुप्ता अमृतपुर थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल, राजेपुर थाना प्रभारी दिबाकर प्रसाद सरोज विद्युत जेई होरीलाल समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बलात्कारी के घर पुलिस ने की नोटिस चस्पा

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हाजीपुर गंग गांव में बलात्कार के एक मुकदमें के अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार किए जाने के लिए न्यायालय के आदेश पर भिटौरा चौकी पुलिस ने उसके आवास पर नोटिस चस्पा की है। भिटौरा चौकी के उपनिरीक्षक राम सिंह यादव ने बताया कि हाजीपुर गंग गांव निवासी मनोज कुमार लोधी पुत्र राजेंद्र लोधी के खिलाफ हुसैनगंज थाने पर धारा 363, 366, 376 आईपीसी 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। जिसका वाद न्यायालय में चल रहा है। पेशी में उपस्थित न होने के कारण पास्को एक्ट के स्पेशल जज ने आरोपी के खिलाफनोटिस जारी करते हुए छह सितंबर तक गिरफ्तार किए जाने का आदेश जारी किया है।

## वृहद कान्हा गौ आश्रय स्थल में आम का पौधा रोपित

अवधनामा संवाददाता



मैनपुरी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ट्रांसपोर्ट नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित बृहद कान्हा गौ आश्रय स्थल में आम का पौधा रोपित कर संरक्षित गायों को गुड़ खिलाते हुए कहा कि गाय की सेवा करना पुनीत कार्य है, गौशाला में संरक्षित गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, दलिया उपलब्ध रहे, गौशाला में संरक्षित पशुओं के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल की जाए।

कान्हा गौ-आश्रय स्थल ट्रांसपोर्ट नगर में पशु डिस्पेंसरी की स्थापना कर वहां पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहे, लिखित रूप में पशु चिकित्सा विभाग के कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, कोई न कोई कर्मी डिस्पेंसरी पर ड्यूटी पर तैनात रहे। उन्होंने गौ-आश्रय स्थल को जाने वाले मार्ग मार्ग की मरम्मत निर्माण हेतु जिला पंचायत नगर निकाय को संयुक्त रूप से कार्यवाही करने को कहा। पर्यटन मंत्री ने गौशाला का निरीक्षण करते हुए कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों की उचित देखभाल की जाए, संरक्षित गौवंश की शत-प्रतिशत ईयरटैगिंग हो, समय से सभी पशुओं के टीके लगाए जाएं, पशु चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने अधीन संचालित गौ-संरक्षण केंद्रों का नियमित रूप से भ्रमण कर पशुओं की देखभाल करें, गौशालाओं में साफ सफाई, पानी की उपलब्धता के बेहतर प्रबंध रहे। उन्होने मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से जानकारी करने पर पाया कि कान्हा पशु आश्रय स्थल में 783 गोवंश संरक्षित है, जिसमें से 235 नंदी, 470 गाय एवं 78 बच्चे है, अब तक गौशाला से 353 दुधारू गाय सहभागिता योजना के तहत उपलब्ध कराई जा चुकी हैं, संरक्षित गौवंश में से शत-प्रतिशत की ईयरटैगिंग हो चुकी है, गौशाला में संरक्षित गौवंश की देखभाल हेतु कर्मी तीन शिफ्ट में तैनात किए गए हैं, संरक्षित गौवंश हेतु पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, दाना उपलब्ध है।

## कवि हरीश के 78वे जन्मदिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

गाजीपुर अवधनामा संवाददाता। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना - प्रवाह के अन्तर्गत देश के ख्यात मंच-संचालक गाजीपुर गौरव सम्मान से सम्मानित कवि हरिनारायण हरीश के तिलक नगर कॉलोनी स्थित आवास पर उनके 78 वें जन्मदिवस के अवसर पर एक सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त कवियों ने माँ सरस्वती को दीप-प्रज्वलन व पुष्पार्चन करके चर्चित कवयित्री संज्ञा तिवारी की वाणी-वंदना से किया। युवा कवि गोपाल गौरव,युवा नवगीतकार डॉ. अक्षय पाण्डेय, कवयित्री संज्ञा तिवारी ,साहित्य चेतना समाज के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर, कामेश्वर द्विवेदी, अध्यक्षीय काव्यपाठ के रूप में नगर के वरिष्ठतम कवि अनन्तदेव पाण्डेय अनन्त आदि कवियों ने इस मौके पर काव्य पाठ किया।अन्त में समस्त स्वजन-परिजन के साथ उपस्थित कवियों ने कवि हरीश को निरामय जीवन जीते हुए। शतायु होने की मंगलकामना के साथ ही जन्मदिन की अशेष बधाई दी। श्रोता के रूप में वंशनारायण राय, डॉ.रविनंदन वर्मा, मंजु हरीश, अनामिका, अक्षिता, रक्षिता, अनुराग आदि उपस्थित रहे। सरस काव्यगोष्ठी की अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ कवि अनन्तदेव पाण्डेय अनन्त संचालन नवगीतकार डॉ.अक्षय पाण्डेय ने किया।अन्त में संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने समस्त सहभागी कवि गण एवं आगंतुक श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बड़े पैमाने पर मानकविहीन अवैध नर्सिंगहोमो का हो रहा है संचालन

अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है पर जिले में तैनात अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते आये दिन कोई न कोई घटना घट जाती है उसके बाद उस पर लीपा पोती कर मामले की इतिश्री कर दी जाती है।

ज्ञात हो कि जनपद में बड़े पैमाने पर मानक विहीन अवैध नर्सिंग होमो का संचालन हो रहा है जिसके कारण एक तो मनमाने तरीके से यह जनता की गाढ़ी कमाई को दोनों हाथों से लूटते हैं तो वहीं अप्रशिक्षित और बिना एक्सपर्ट के जांच रिंपोर्टो को मनमाने तरीके से देने के कारण जनता को अपूर्णय क्षति होती है तो वहीं विभिन्न मामलों में तरह-तरह की सर्जरी बिना किसी सर्जन आदि के कर दिया जाता है जिसे कभी-कभी मरीज की जान चली जाती है जिससे पूरी जानकारी स्वास्थ विभाग के उच्च अधिकारियों को होती है किस नसिर्ग होम की बया है स्थित है इसकी पूरी जानकारी जिले के स्वास्थ अधिकारियों को होती है पर इन मानक विहीन नर्सिंगहोमो पर कार्यवाही क्यों नहीं होती यह बताने की जरुरत नहीं है इन सबके बीच जब कोई अनहोनी होती है तो जनपद के दूर दराज किनारों पर स्थित एक झोलाछाप।

नर्सिंग होमो पर कारवाई कर उन्हें बलि का बकरा बना दिया जाता पर जो

**सादुल्लाह नगर के पास नर्सिंग होम में हुये जच्चे बच्चों के मौत के मामले में जिले का स्वास्थ्य विभाग भी उतना ही दोषी जितना नर्सिंग होम का संचालक : घनश्याम मिश्र**

सरे आम मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डंके की चोट पर कार्य कर रहे हैं उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती अब अगर सादुल्लाह नगर के मनुवागढ़ के मामले को देखा जाये तो इसमें प्रथम दृष्टिया स्वास्थ्य महकमा ही जिम्मेदार है अगर समय से उस नर्सिंगहोम पर स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही की होती मनुवागढ़ के जच्चे बच्चे की जान नहीं जाती इस मामले में नर्सिंगहोम संचालक के साथ जिले का स्वास्थ्य विभाग भी उतना ही दोषी है जितना ही एचएफ हेल्थ केयर हॉस्पिटल का संचालक उक्त बातें बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र ने एक लिखित विज्ञप्ति में दी।उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने साथ ही स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमे पंजीकृत करने की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को 20 लाख का मुआवजा उत्तर प्रदेश सरकार से दिलाने की मांग की है उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं हुआ तो बलरामपुर विकास मंच पीड़ित मामले को लेकर अहिंसा का आंदोलन करने के लिये बाध्य होगा।

## पूर्वांचल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में मिली गंभीर वित्तीय अनियमितताएं

अवधनामा संवाददाता




गाजीपुर। पूर्वांचल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में गंभीर वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई है। आरबीआई की जांच में यह बात साफ हो गई कि बैंक को मनमाने तरीके से संचालित किया गया। आरबीआई के

**बैंक के हाथ में नहीं हैं फूटी कौड़ी, आरबीआई को दी गई गलत सूचनाएं**

नियमों को दरकिनार कर बैंक के फंड का दुरुपयोग किया गया। मनमाने तरीके से खूब गड़बड़झाला किया गया। जिसके कारण बैंक का नेटवर्थ ऋष्णात्मक (बैंक के अपनी पूंजी में कमी) 661.70 लाख रुपये पहुंच गई। यही नहीं, एक ओर अपने पैसे के लिए ग्राहक बैंक का चक्कर काट रहे थे तो दूसरे तरफ बैंक अपने हिसाब से पैसे लुटा रही थी।

रिपोर्ट से यह भी खुलासा हुआ है कि बैंक में एटीएम लगाने के लिए 50 लाख और ब्रांच सुंदरीकरण के नाम पर 200 लाख रुपये खर्च किए गए। भारतीय रिजर्व बैंक की जांच आख्या के आधार पर पूर्वांचल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के बैंक के भूतपूर्व प्रवर्तक राम बाबू शाण्डिल्य, भूतपूर्व सीईओ विवेक पांडेय, प्रबंध कमेटी, लेखा परीक्षक मेसर्स विजय के. शर्मा एंड कंपनी, बैंक प्रोप्राइटर और संबंधित पार्टी व फर्म के खिलाफ शहर कोतवाल मुकदमा दर्ज करवाया गया है। रिपोर्ट से यह बात सामने कि 31 मार्च 2023 को बैंक का ऋण एवं अग्रिम (बैंक ने ऋण बांटा) 33.62 करोड़ था, जो 14 अगस्त को बढ़कर 42.85 करोड़ रुपये हो गया। यानि बैंक ने कुल 42.85 करोड़ रुपये का लोन जारी किया। पूर्वांचल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के पास 31 मार्च 2023 को 10.21 करोड़ हाथ में नगदी बताई गई थी, जिसमे से अप्रैल 9.37 करोड़ के ऋष्ण बिना किसी कागजात के 9.37 लाख रुपये ऋष्ण बांट दिया गया। यही नहीं, बैंक द्वारा 700 लाख से ऊपर की सरकारी प्रतिभूति को अक्तूबर 2022 से मई 2023 के बीच बेच दिया गया। विक्रय की धनराशि को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से बैंक प्रमोटर्स और संबंधित पार्टियों को ट्रांसफर कर दिया गया। इस तरह बैंक न केवल मानक एसएलआर को बनाए रखने में असफल रहा, बल्कि कूट रचित अभिलेखीय सूचनाएं आरबीआई को देती रही। आरबीआई रिपोर्ट के अनुसार बैंक प्रमोटर्स और पूर्व सीईओ द्वारा बैंक के फंड का दुरुपयोग किया गया। एटीएम लगवाने के लिए 50 लाख रुपये, ब्रांच सुंदरीकरण के लिए 200 लाख रुपये और 216 लाख रुपये के रिक्त पे आर्डर जारी किया गय।

इस तरह जो लोन खाता के लिए जारी हुए थे वो बैंक के प्रमोटर्स और संबंधित पर्टियों द्वारा नगदीकरण कर लिया गया। ऐसे खाते जो कई वर्षो से इस्तेमाल में नहीं थे। डीईएएफ में जाने चाहिए थे। उसे बैंक प्रमोटर्स व पूर्व सीईओ विवेक पाण्डेय द्वारा निकाल लिया गया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंसल कुमार के मुताबिक बैंक के पास इस समय बैलेंस नहीं हैं। बैंक की ओर से आरबीआई के अधिकारियों को सूचनाएं भी गलत प्रेषित की गई है। इसके चलते आरबीआई ने बैंक के लेन-देन पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही प्रकरण में मुकदमा भी दर्ज करा दिया है।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय किराया प्राधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्र.) सहारनपुर। वाद संख्या D202309600002860 सैय्यद अहमद अली बनाम प्रदीप सचदेवा आदि नोटिस बनाम 1 प्रदीप सचदेवा पुत्र श्री केवल किशन सचदेवा 2 राजीव सचदेवा पुत्र भी केवल किशन सचदेवा नि. म.न. / 2579 लिंक रोड सहारनपुर 4 सचदेवा सस द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि राजीव पुत्र केवल किशन सचदेवा मार्फत म0 4/2579 लिंक रोड जनपद सहारनपुर। उक्त वाद आवेदक अहमद अली पुत्र श्री आले आली निवासी म.न.46 फ्रेंड्स कालोनी सहारनपुर के द्वारा अपने को किरायेदार आभिकथित करते हुए उत्तर प्रदेश नगरी परिसर किरायेदारी विनियम अध्यादेश की 2021 की धारा 12 एम के अधीन अनुसूची क में विवर्णित परिसर एक किता दुकान नम्बर-4/536/6 वाके मो. जोगीयान शहर सहारनपुर को रिक्त कराने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी अध्यादेश 2021 की धारा 21 (एम) के अधीन प्रस्तुत किया है। उक्त के नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त एक किंता दुकान नम्बर-4/536/6 वादी द्वारा प्रस्तुत आवेदन स्वीकार कर लिया जाए। इस सम्बंध में आप स्वयं या अपने प्रा व्यक्ति या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08.09.2025 को प्रात 10-00 बजे मेरे न्यायालय में कारण बताने के लिए उपस्थित होते। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या अधिवक्ता के उक्त दिश पर कारण बताने के लिए उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पत्र पत्र आपकी अनुपस्थिति में समुचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

**किराया प्राधिकारी /अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश सहारनपुर मुतफरिका वाद स. 59 सन 2023 मुकेश कुमार पुत्र स्वश शंभू नि. ग्राम सलारपुरा, गंगोह, तहश नुकुड़ ज़िला सहारनपुर बनाम श्री 1 आनंद पुत्र श्री शंभू 2 गोविंद पुत्र शंभू 3 कुमारी करुणा पुत्री स्वश लोकेश कुमार नि.गण ग्राम सालारपुरा, गंगोह तह. नुकुड ज़िला सहारनपुर 4 आम जनता विपक्षी गण इत्तला दी जाती है कि दरखास्त बा गरज तकर्रुर वाली आवेदक विशाल सयाल मजकूर ने गुजारी है तारिख 9, माह 9 सन 2023 जारी किया जाता है कि जिस किसी को उक्त दरखास्त के उजर हो आसल्लतन या वकलतन मेरे न्याय. में सब दस बजे हाज़िर हो कर उजर अपना पेश करे ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन पर उचित आदेश जारी किया जाएगा दिनांक 1.9.23 को जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रबंधक न्यायालय**
**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश सहारनपुर**

## सूचना

मैं चंद्र पल पुत्र श्री धनीराम नि. देदनोर थाना गंगोह ज़िला सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र दुर्गेश उसकी पत्नी ममता का चाल चलन और आचरण मेरे साथ अत्यंत दुखद और पीड़ा दाई है इसलिए मैंने दोनों को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं अपने किसी भी कार्य और लेंन देन हेतु दोनों खुद जिम्मेदार होंगे।

## सूचना

मैं इरशाद पुत्र श्री फीजू मोहम्मद नि. हबीब गढ़ गली न. 12/1 जुबैदा मस्जिद, कोटवाली देहात, सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र नौशाद उसकी पत्नी मेहराज का चाल चलन और आचरण मेरे साथ अत्यंत दुखद और पीड़ा दाई है इसलिए मैंने दोनों को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं अपने किसी भी कार्य और लेंन देन हेतु दोनों खुद जिम्मेदार होंगे।

## Lost found

My statement of marks of ICSE 2016 has really lost. Aman Verma s/o Jeetram Verma UID: 6251137, ICSE-2016 Moh. Babuzai mission field, Shahjahanpur, UP

# प्रवेश द्वारों की ऐतिहासिक वास्तुकला को संरक्षित करते हुए दिया जाएगा भव्य स्वरूप

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** योगी सरकार अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि चौक स्थित अयोध्या के चारों ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गयी है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा चारों ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों को ऐतिहासिक निर्माण तकनीकों, वास्तुकला एवं सामग्रियों (राफ्टर्स के साथ लखौरी ईंट और चूना मोर्टार आदि) का उपयोग करते हुये संरक्षित किया जायेगा। इनके अनूठी वास्तुशिल्पीय मूल्यों एवं रचनात्मक कलाकृतियों को संरक्षित करने के साथ ही और भव्यता

**भव्यता एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए फसाड लाइटिंग भी की जाएगी**

एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए फसाड लाइटिंग भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि चारों ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए शासन द्वारा 1518.30 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के साथ ही प्रथम किस्त के रूप में 300 लाख रुपये की धनराशि नियमानुसार अवमुक्त करने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है।

### शासन द्वारा 2388.87 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति

जिलाधिकारी ने बताया कि सरयू नदी के दायें तट पर गुप्तारघाट व राजघाट के मध्य नये पक्कें घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों पर पुनरोद्धार के लिए भी शासन द्वारा 2388.87 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान होने के साथ ही प्रथम किश्त के रूप में 500 लाख रुपए की धनराशि नियमानुसार अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी। इसी प्रकार अयोध्या में सरयू नदी के नयाघाट से लक्ष्मणघाट तक पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 2328.80 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गयी है तथा 500 लाख रुपये की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में नियमानुसार अवमुक्त करने की भी स्वीकृति प्राप्त हो गयी। शासन द्वारा अयोध्या सरयू नदी पर राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्रीराम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य की भी वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा 2282.53 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ ही 500 लाख रुपये की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में नियमानुसार अवमुक्त करने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है।

### गुप्तार घाट सौंदर्यीकरण फेज-तीन के कार्य को भी शासन से स्वीकृति

जिलाधिकारी ने बताया कि सभी स्वीकृत कार्यो की कार्यदायी संस्था उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड नामित की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि को उक्त सभी कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने बताया कि गुप्तार घाट सौंदर्यीकरण फेज-तीन के कार्य को भी शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। गुप्तार घाट फेज-3 के तहत ओपेन एयर थियेटर, अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आकर्षक पार्क, आकर्षक स्कल्पचर, प्रवेश द्वार, मेडीटेशन कम योगा सेंटर, कियोस्क, टॉयलेट ब्लाक, इंटरपटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, बच्चों के लिए खेल पार्क, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी आदि कार्य किये जायेंगे। शासन द्वारा 1665.15 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही 350 लाख रुपये की प्रथम किश्त नियमानुसार अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को समस्त कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# किसान सभा के आवाहन पर किसानों ने मनाया

अवधनामा संवाददाता

**किसान मांग दिवस, 6 सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार को सौंपा**

**बीकापुर- अयोध्या।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के राष्ट्रीय आवाहन पर संगठन द्वारा शुक्रवार को किसान मांग दिवस के रूप मनाया गया। इसी क्रम में संगठन से जुड़े लोगों द्वारा शुक्रवार को तहसील मुख्यालय बीकापुर में जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली के नाम संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा को सौंपा गया। मांग पत्र में एमएसपी पर कानून बनाए जाने, किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफ किए जाने, कृषि कार्य हेतु निशुल्क बिजली उपलब्ध कराए जाने, किसान मजदूरो को 60 वर्ष पर 10000 रुपए मासिक पेंशन दिलाए जाने, आवारा एवं छुट्टा पशुओं से फसलों की सुरक्षा की गारंटी दिए जाने तथा उससे होने वाले नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने, बिजली विधेयक 2020 वापस कराए जाने की मांगे शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला संरक्षक राम तीरथ पाठक ने कहा कि सरकार किसानो की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। किसान उपेक्षा से त्रस्त है महंगाई चरम सीमा पर है। डीजल पेट्रोल एवं रसोई गैस के दाम में बढ़ोतरी से आम आदमी परेशान है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की मिट्टी को लेकर मातृभूमि के प्रति समपर्ण




अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा 8 से 13 सितम्बर के बीच मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत हर घर से मिट्टी व अक्षत एकत्रित करने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की मिट्टी को लेकर मातृभूमि के प्रति समपर्ण और शहीदों की वीरता को याद करने का अवसर है। इस अभियान से प्रत्येक घर को जोड़ना हमारा लक्ष्य है। गांव हो शहर हमें कलश लेकर हर परिवार से सम्पर्क स्थापित करना है। जिला प्रभारी व एमएलसी पद्मसेन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर महानगर का संयोजक महानगर महामंत्री शैलेन्दर कोरी व जिले का संयोजक जिला महामंत्री अशोक कसौधन को बनाया गया है। नगर निगम व ब्लाक स्तर पर इस कलश को एकत्रित किया जायेगा। जिसके बाद यह जनपद मुख्यालय से प्रदेश व प्रदेश से दिल्ली के लिए रवाना कर दिया जायेगा। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि 8 से 13 सितम्बर तक एक प्लान्ड तरीके से हर घर में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। शहर में लोगो से मिट्टी व अक्षत् एकत्रित करना है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को अपने भीतर समाहित करते हुए अपनी उपस्थिति समाज में दर्ज कराता है। अभियान को लेकर सुबह से टीमें जनसम्पर्क करना प्रारम्भ कर दें। हर परिवार से अपने घर की मिट्टी देने का अनुरोध करना है। अभियान के बारें में लोगो के विस्तार से जानकारी भी देना है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमलाशंकर पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय, राधेश्याम त्यागी, अशोक कसौधन, मवई ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, गोसाईगंज चेयरमैन डा विजयलक्ष्मी जायसवाल, बालकृष्ण वैश्य, दिव्य प्रकाश तिवारी, आकाश मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# दबंग देवरों ने गर्भवती महिला को पीटा घर से निकाला

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** योगी सरकार में दबंग के हौसले बुलंद गर्भवती महिला को सास व देवरों ने जमकर पीटा, पिटाई से घायल महिला जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती पीड़ित महिला की मां ने घटना की तहरीर कोतवाली अयोध्या, एसएसपी व आईजी को दी है तहरीर में कहा गया है कि पुत्री संध्या का विवाह पवन कुमार निवासी बैरागपुरा खाकी अखाड़ा थाना कोतवाली अयोध्या के साथ हुई थी शादी के बाद से ही परिवार वाले दहेज को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे पिता की मां का कहना है कि उनका दामाद इसका विरोध करता था तो उससे भी मारपीट करते थे उनका दामाद उनकी पुत्री संध्या को जानता मानता था वही संध्या 7 माह की गर्भवती होने के नाते उसने संध्या को 5 अगस्त 2023 मायके छोड़ दिया था 6 अगस्त 2023 को पवन कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके संबंध में 21 अगस्त को स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया किंतु कोई कार्यवाही नहीं जिससे विपक्षी के हौसले बुलंद हैं और हमेशा फौजदारी पर उतारू रहते हैं संध्या का कहना है कि उसकी एक छोटी सी दुकान स्टेट बैंक अयोध्या के पास चल रही है जिससे पीड़िता का जीविकोपार्जन होता है संध्या दुकान पर रहती है उसका मुकदमा सिविल न्यायालय फैजाबाद में चल रहा है 31/8 /2023 को रात्रि लगभग 10:00 बजे विपक्षीगण जिसमें अंजनी ,निर्मला देवी, ऋषि कुमार व उनका साला तथा दो अज्ञात एक राय होकर पुत्री संध्या को गाली गुप्ता देते हुए काफी मारा पीटा जिससे उसके पेट में गंभीर चोट लगी है जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया किंतु वहां से तुरंत जिला चिकित्सालय महिला फैजाबाद भेज दिया गया संध्या की हालत गंभीर है विपक्षीगण का कहना है कि मकान व दुकान कर छोड़ कर चली जाओ नहीं तो तुमको रहने नहीं देंगे की धमकी देते रहते हैं जिससे वह भयभीत है। पीड़िता संध्या का कहना है कि विपक्षीगण के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और उनके खिलाफ कार्यवाही हो और उसे न्याय मिले।

# पसमांदा मुसलमान के तथाकथित हमदर्द हैं अखिलेश, करते रहे इस्तेमालः वसीम

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** पीडीए यानी पसमांदा, दलित और अतिपिछड़ा विरोधी समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से ख़ासकर पसमांदा मुसलमानों को जवाब चाहिये। हकीकत में यूपी के जिन 16त्न पसमांदा मुसलमान वोटों से उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का वजूद क़ायम है। सपा की सरकार 2012-17 तक उप्र में रही, उस सरकार में बने कुल मंत्रियों में पहले सिर्फ एक मंत्री और आखिर में कुल 2 ही पसमांदा मुसलमान मंत्री बने।

यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में 22 सदस्यीय पिछड़ा वर्ग आयोग में, पूरे 5 साल में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तो छोड दीजिए आयोग में एक भी सदस्य पसमांदा मुसलमान नहीं बना जबकि आपको और तत्कालीन आयोग के चेयरमैन को बखूबी पता था कि उप्र के कुल पिछड़ों में लगभग एक तिहाई पिछड़े पसमांदा मुसलमान है ऐसे ही उस सरकार में बने 75 जिला पंचायत अध्यक्षों में एक भी अध्यक्ष पसमांदा मुसलमान नहीं बना। ऐसे ही सपा सरकार में बने 851 ब्लॉक प्रमुखों में सिर्फ़ 5 ही ब्लॉक प्रमुख पसमांदा मुसलमान बने। उनमे भी ज्यादातर अपने दम पर, ऐसे ही सपा सरकार में बने आयोगों, निगमों आदि में 200 से भी ज्यादा राज्यमंत्री, अध्यक्षों में पसमांदा मुसलमान सिर्फ़ 7 ही बनाए गए। वोट पसमांदा मुसलमानो का यादव बिरादरी से दो गुना मिलता रहा और हिस्सेदारी सिर्फ़ अपनी 8 फ़ीसदी आबादी वाले यादवो को दिया। पार्टी के संगठनों में भी कोई पद नहीं दिया सिर्फ़ वोट बैंक तरह इस्तेमाल किया और नारे लगवाये। दरी बिछवाई कुर्सी लगवाई। अब पसमांदा मुसलमान जागरूक हो गया हैं जो दल या सरकार हिस्सेदारी देगा पसमांदा मुसलमान उसी को वोट करेगा। हिस्सेदारी नही तो वोट नहीं। वोट हमारा राज़ तुम्हारा अब नहीं चलेगा। समाजवादी पार्टी ने आज तक कभी पसमांदा मुसलमानो की बात नहीं की न ही कभी लोकसभा, राज्यसभा में कोई आवाज़ उठाई सिर्फ़ बीजेपी को हराने में लगा रखा और अपनी यादव बिरादरी को नौकरी से लेकर पार्टी के टिकट संगठनों में जगह मंत्रीमण्डल में राज्यसभा में पसमांदा मुस्लिम को सिर्फ़ पार्टी की तरफ़ से रोज़ा इफ़्तार में दावत और खुद टोपी लगाकर पहुँच गए। अपने को तथाकथित मुस्लिम हमदर्द बनने लगे।

## बाराबंकी के द वेडिंग बास्केट को मिला बेस्ट केटर्स इन उत्तर प्रदेश का अवार्ड



**बाराबंकी।** तमाम विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा चुके बाराबंकी जिले का मान एक बार फिर बढ़ा है। तेजी से मशहूर हुए जिले के द वेडिंग बास्केट को यूपी का बेस्ट केटरिंग सर्विस का इनाम मिला है।

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आकार एक्सीलेंस अवार्ड 2023 में बाराबंकी के कुरौली निवासी स्व सत्येंद्र कुमार के पुत्र आशीष पटेल के कैटरिंग एवम सर्विस प्रतिष्ठान द वेडिंग बास्केट को बेस्ट केटर्स इन उत्तर प्रदेश के अवार्ड से नवाजा गया। यह अवार्ड फंक्शन ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में 26 अगस्त को आकार टेंट एंड केटर्स एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड ने संपन्न करवाया। कार्यक्रम में देश के सेलेब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी ने द वेडिंग बास्केट के ऑनर आशीष पटेल को बेस्ट केटरर्स इन उत्तर प्रदेश 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया। बाराबंकी में पहली बार किसी को इस क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड मिला है।

## जुलूसे सफ़र आज तैयारियां मुक़म्मल

**बाराबंकी।** लाइनपुरवा में मरहूम कल्बे अब्बास के अजाखाने से उठने वाला सलाना क़दीमी जुलूसे सफ़र अपने रवायती अंदाज में बरामाद होगा। जिसकी मजलिस को आली जनाब मौलाना मुर्तुज़ा नासिर सईद अबक़ाति क़िबला लखनऊ ख़िताब करेंगे, जुलूस की जानकारी देते हुए आयोजक नासिर मेंहदी व सिकंदर अब्बास ने बताया कि जुलूस का आग़ाज़ तिलावते कलाम पाक से किया जाएगा जिसके बाद शायरे अहलेबैत नज़राने अक़ीदत पेश करेंगे। मजलिस के बाद जुलूस अपने क़दीम रवायती अंदाज़ में बारामद होगा जिसमें मुल्क़ की मशहूर व मारूफ़ अंजुमने नौहाख्वानी व सीनाजनी करेगी दौराने जुलूस शबीहे आलम-ए-मुबारक, शबीहे अली असगर, शबीहे ताबूत इमाम हुसैन (अ.स) की ज़ियारत कराई जाएगी। जुलूस अपने ताये शुदा रास्ते लाइन पुरवा रफ़ी नगर होता हुआ अज़ाखाना मरहूम अली शब्बर लाइन में समाप्त होगा।

# भीषण गर्मी में कोढ़ में खाज बनी अनियमित बिजली कटौती

अवधनामा संवाददाता

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्र में हो रही अनियमित बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में दिन की कटौती के अलावा रात को की जा रही अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने लोगों की नींद उड़ा दी है। लोगों को न तो दिन और न ही रात में बिजली मिल रही है जबकि पिछले वर्ष ऐसी समस्या नहीं थी वर्तमान समय मे कोई दिन या रात ऐसा नहीं बीत रहा जिस दिन ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। बिजली कब आएगी और कब जाएगी जिसका कोई भी समय निर्धारित नही है। डिस्कॉम के रखरखाव के अभाव पुराने ढीले तारों, जगह-जगह पेड़ों झाड़ियों में अटकी पड़ी बिजली लाइनों से आए दिन फॉल्ट होने की समस्या चल रही है। भीषण गर्मी में 12-12 घंटे तक अघोषित बिजली कटौती होती है। कभी जीएसएस फॉल्ट तो कभी लाइन फॉल्ट के बाद लचर व्यवस्था के चलते काफी घंटों समय फॉल्ट तक नहीं मिलता है। ऐसे में बार-बार विद्युत कटौती से आमजन को भीषण गर्मी में एक पल जीना मुश्किल हो जाता है। बिजली कटौती से लघु व्यवसाय, वेल्डिंग दुकानदारों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### दो माह से लो वोल्टेज का दंश झेल रहा विद्यालय

विकास खंड मसौली के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नैनामऊ मे लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिससे बच्चो एव शिक्षकों को भीषण गर्मी मे भारी दिक्क़तो का सामना करना पड़ रहा हैं । प्रधानाध्यापक ने बताया कि समस्या के निदान के लिए एक्सइन से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगा चुका हुँ लेकिन लो वोल्टेज की समस्या से छुटकारा नही मिला है।

## तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**महराजगंज।** सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भावचक में दो सगी बहनों के तालाब में डूबने से मौत हो हैं। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भावचक के निवासी सिंहासन वर्मा की दो बेटियां बड़ी बेटी पुष्पा उम्र लगभग 34 साल विवाहित थी जबकि छोटी बेटी रीता की अविवाहित थी दोनो का तलाब में डूबने के कारण मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनो बेटियां किसी कारण से तालाब की तरफ गई थी जहा पर एक बेटी का तालाब में पैर फिसल गया जिसको बचाने के लिए दूसरी बेटी दौड़ी लेकीन उसका भी पैर फिसलने से तालाब में जा गिरी और दोनो का डूबने से मौत हो गई। जैसे ही यह जानकारी आसपास के लोगों को हुई ग्रामीण भागकर तालाब की तरफ पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुट गई और शव को पीएम के लिऐ भेज दिया। इस वीभत्स हादसे से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया हैं।

# 2024 के आम चुनाव में इण्डिया संगठन एनडीए को देगा करारी मातः पुनिया


अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी धर्म और जाति की राजनीति नही करती है समाज के सभी वर्गो का हित कांग्रेस पार्टी में सुरक्षित है। एक राष्ट्र एक चुनाव भारतीय जनता पार्टी का शगूफा है 2024 के चुनाव में जिस तरह देश में नौजवान किसान, अधिवक्ता कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त कर रहे है इससे भाजपा को अपनी हार का अनुमान हो गया है। 2024 के आम चुनाव में इण्डिया संगठन एनडीए को करारी मात देगा और देश में एक ऐसी सरकार बनेगी जो देश के गरीब मजदूर, किसान महिलाओ की अपनी सरकार होगी।

उक्त उद्गार आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी द्वारा कांग्रेस का बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत अयोजित बैठक में पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन तथा संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला ने किया। उक्त बैठक में एडवोकेट अमित मिश्रा व ज्योति प्रकाश तिवारी ने अपने दर्जनो साथियो के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिन्हे पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शमिल होने पर स्वागत किया। पूर्व सांसद डा0 पुनिया ने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुये कहा कि भाजपा सरकार ने 2014 से लगातार इस देश की आवाम को ठगा है 2014 से पूर्व घरेलू सेलेन्डर आम जनता को देश में 400 रूपये में मिलता था उसे मोदी सरकार में 9 वर्षो में बढाकर 1140 रूपये मे करके और सब्सीडी खत्म करके इस देश की महिलाओ का रसोई का बजट बिगाड दिया और अब चुनावी साल में उन्हे बहनो के कष्ट का एहसास हो रहा है ओर 200 रूपये सिलेन्डर सस्ता करके चुनावी झुनझुना दे रहे है। 2024 के चुनाव में भाजपा का जाना तय है। बस आपको मजबूती के साथ खडे होकर भाजपा के काले कारनामो को आवाम के सामने रखना है।जिला कांग्रेस जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मो0 मोहसिन जनपद से आये सभी विकास खण्ड कांग्रेस अध्यक्षो न्यायपंचायत प्रभारियो से अपने अपने क्षेत्र के बूथो को मजबूत करने का अनुरोध करके एडवोकेट अमित मिश्रा तथा ज्योति प्रकाश तिवारी के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालो का स्वागत करके उन्हे विश्वास दिलाया कि उन्हे पार्टी और संगठन में उचित स्थान मिलेगा। अधिवक्ता अमित मिश्रा, एवं ज्योति प्रकाश तिवारी की अगुवाई में कृतार्थ पाण्डेय, अनुज वर्मा, सचिन त्रिपाठी, राकेश कुमार प्रजापति, सुरेश धीमान, राजेश कश्यप, ललित वर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, अमरेन्द्र चर्तुवेदी, मुकेश गुप्ता आदि ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग दे रही है दुर्घटना को दावत

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज (चिउटहा)।** मिठौरा ब्लॉक के निचलौल चिउटहा मार्ग पर जमुई पंडित गांव के पास नहर की पुलिया की रेलिंग टूटी हुई है। जिससे इधर से गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को दुर्घटना का भय बना रहता है।

बताते चले कि यह स्थान भीड़भाड़ वाला होने के कारण कभी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है लोगों ने पुल की क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत के लिए शिकायत की लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। कई वर्ष पूर्व इस पुल का निर्माण सिंचाई विभाग ने कराया था पुलिया पर मोड़ होने के नाते रेलिंग कई बार टूट जाती है। यह रास्ता निचलौल से सीधे पुरैना जाता है इसलिए सम्बंधित गांव के लोगों का ज्यादातर आवागमन इसी रास्ते से रहता है। जबकि निचलौल से पुरैना, परतावल जाने वाले भारी वाहनों का लोड भी इसी पर रहता है पुलिया से होकर दोनों तरफ नहर पटरी से भी आवागमन रहने से यह स्थान भीड़भाड़ वाला है इस रास्ते गन्ना लदी ट्राली व फसल लादकर बैलगाड़ी भी आती जाती रहती है। समाजसेवा राकेश पटेल, उमेश चौधरी, शनि चौधरी, मिथिलेश, जयप्रकाश, पिंटू गुप्ता, आशीष चौधरी, ईश्वर, विकाउ भारती आदि ने पुलिया की टूटी रेलिंग की मरम्मत करने की मांग की है।

# राष्ट्रवंदन व बलिदानियों को नमन का अभियान है मेरा माटी मेरा देश

अवधनामा संवाददाता




**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने शनिवार को कहा कि मेरी माटी -मेरा देश नामक अभियान उन बहादुर सेनानियों को नमन करने के लिए शुरू किया गया है, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। क्षेत्रीय मंत्री भाजपा कार्यालय में अभियान की कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के लिए अगले 25 साल अमृतकाल के हैं। अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र की कतार में खड़ा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी दिन रात जुटे हैं। क्षेत्रीय मंत्री ने अभियान से जुड़े मंडल के प्रभारियों एवम अध्यक्षों को अभियान की सफलता के टिप्स भी दिए। कहा कि लंबी गुलामी के कालखंड और असंख्य सेनानियों के बलिदान के बाद देश को आजादी मिली। कहा कि यह अभियान आजादी के 75 साल का पुरुषार्थ और विगत साढ़े नौ साल के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के जन-जन को महान भारत के निर्माण से जोड़ने का उपक्रम है। जिला अध्यक्ष शशांक कुसुमेश ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी मंडल के संयोजक नामित किए। रविवार को सभी मंडलों पर अभियान की कार्यशाला संपन्न कराने के निर्देश दिए। कहा कि 15 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के जरिए प्रत्येक घर की मिट्टी को एकत्रित करना है।संचालन जिला महामंत्री शील रत्न मिहिर ने किया। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, अरविंद मौर्य, रचना श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, पवन सिंह रिंकू, विजय आनंद बाजपेई, करुणेश वर्मा, मनोज वर्मा, ब्रजेश रावत, रामेश्वरी त्रिवेदी, अलका मिश्रा, उमेश मिश्रा, सीए अश्वनी श्रीवास्तव, अलका पटेल, प्रवीण सिंह सिसौदिया, अरुण वर्मा, संजय अवस्थी, अनुपम निगम, विनीत वर्मा मौजूद रहे।

## अक़ीदतो-एहतराम के साथ मनाया गया सालाना उर्स, लंगर का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** अयोध्या क्षेत्र के आईटीआई के सामने स्थित हजरत बड़ी बी साहिबा उर्फ बीवी कताना का सालाना उर्स बड़े ही अदबो-एहतेराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह बाद नमाजे फजर कुरान खानी व कुल शरीफ का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर तक जश्ने ईद मिलादुन्नबी आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में पीरेतरीक़त हजरत अल्लामा मौलाना सैयद अब्दुल्ल रब उर्फ चांद बाबू साहब, हजरत मखदूम भीख मक्की शाह रहमतुल्ला ताला अलेह के साहिबे सज्जादा सैयद मोहम्मद निजामी हसन साहब, व मुफ्ती जिया उल हक साहब ने शिरकत की। उर्स के मौके पर जानकारी देते हुए मुस्लिम यतीम खान बड़ी बुआ कमेटी के कोषाध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि मंसूर अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय उर्स मुकद्दस का आयोजन किया गया। उर्स का सम्पूर्ण आयोजन परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ।

# सड़क हादसे में जीजा की मौत साली व दोस्त घायल

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी देवगांव क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के बगल से बनी सर्विस लेन से गुलजार पुत्र जबीर अपने दोस्त शुभम पुत्र प्रकाश निवासी सेवरा थाना कोतवाली इनायत नगर व अपनी साली निशा पुत्री मकसूद को लेकर अपनी ससुराल इमामगंज पल्सर मोटरसाइकिल से जा रहा था। सर्विस लेन पर आगे ब्रेकर बना हुआ है उसी से जाकर टकरा गए, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। और बेहोशी हालत में सर्विस लेने के बगल तीनों लोग पड़े हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण व चौकी प्रभारी देवगांव मनीष चतुर्वेदी ने कांस्टेबल मनोज कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भिजवाए जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉ दुर्ग विजय ने गुलजार पुत्र जबीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं निशा व शुभम की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार करते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। थाना कुमारगंज पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि शुभम व निशा की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया है। मृतक गुलजार के पिता जबीर ने बताया कि गुलजार अपनी साली को अपने दोस्त के साथ लेकर ससुराल इमामगंज जा रहे थे। कैसे घटना हुई, क्या हुआ, इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने मुझे जानकारी दी। इतना कहते हुए रोने लगे और कहा कि गुलजार के एक चार वर्ष का बेटा व 3 माह की बेटी है अब उनका पालन पोषण कैसे करेंगे। मृतक गुलजार की पत्नी रो - रो कर बुरा हाल है।

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कल हुंकार भरेंगे शिक्षक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर सोमवार को जनपद के शिक्षक बीएसए कार्यालय जुटेंगे और अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरेंगे। धरना के बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि संगठन के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 18 सूत्रीय मांग को लेकर चार सितंबर को बीएसए कार्यालय पर पूर्वान्ह 11 से अपराह्न तीन बजे तक धरना दिया जाएगा जिसमें जनपद के सभी शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। धरना का समापन मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीएसए को सौंपने के साथ होगा। कहा कि मांगपत्र में पुरानी पेंशन की बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार का अवकाश, प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति/तैनाती, माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के अनुसार चयन वेतन मान, शिक्षकों के प्रोन्नति वेतनमान आदि सहित अट्ठारह मांग सम्मिलित हैं। कहा कि शिक्षकों की एकजुटता के बल पर हम सभी मांग पूरा कराकर रहेंगे। उन्होंने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि वे सोमवार की धरना में समय से अवश्य जुटें और संघर्ष को मजबूती प्रदान करें।

## आदित्य एल-1 के लॉन्च होने पर सांसद ने दी बधाई



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** चन्द्रमा के बाद अब सूर्य की ओर आदित्य एल-1 के सफल लॉन्च होने पर सांसद जगदंबिका पाल ने इसरो के वैज्ञानिकों एवं जनपद वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया कि पूरे विश्व में विज्ञान के क्षेत्र में हमारे समनांतर कोई नहीं है। यह हमारे भारत के वैज्ञानिकों का चमत्कार है कि आज पूरा देश गौरवान्वित है जबकि रसिया का लूना 25 क्रैश कर गया। जापान ने अपना कार्यक्रम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कैंसिल कर दिया और उससे बहुत कम बजट में भारत के वैज्ञानिकों ने दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान भेजकर कमाल कर दिया और इसी तरह आज हमारे इसरो के वैज्ञानिकों ने आदित्य रु1 का सफल लॉन्च कर पूरे विश्व को यह दिखा दिया कि आज हमारे समानांतर विज्ञान के क्षेत्र में कोई नहीं है। इसरो के सभी वैज्ञानिकों को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 152 सिखाए से आएं जिसमें से छह शिकायतों का ही मौके पर 6 का निस्तारण किया गया सिर्फ शिकायतों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को सौंपा गया जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत ओ को निस्तारण का निर्देश देते हुए कहा कि गंभीरता से शिकायतों का निस्तारण किया जाए जिससे शिकायत कर्ताओं को उसका लाभ मिल सके इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंहा उप जिलाधिकारी सुनील कुमार तहसीलदार संतोष कुमार सहन विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे बाद में पुलिस अधीक्षक ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

### उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील समाधान दिवस

# सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में तीन मामलों का हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील सभागार कक्ष बांसी में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस संपन्न हुआ। शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील दिवस आयोजन के अवसर पर गरीब/असहाय ग्रामीण व्यक्तियों के समस्याओं का त्वरित निस्तारण तहसील दिवस के माध्यम से किया जाता हैं।

तहसील बांसी में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता एवं न्यायिक एसडीएम संजीव दीक्षित की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार द्वारा किया गया उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। आईजीआरएस द्वारा प्राप्त शिकायतो का समय से निस्तारण कराये। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 41 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर जिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार द्वारा मौके पर ही 3 मामलों को निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी देवी गुलाम सिंह, प्रभारी तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय, अमित सिंह, खंड विकास अधिकारी बांसी लालजी शुक्ला, सतीश कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, अर्चना सिंह सुधा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह कमला प्रसाद राम सिंह आदि बांसी तहसील के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर गाड़ी पलटी दो गंभीर रूप से घायल



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार की सुबह को बढ़नी से ढेबरुआ की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर दुधवनिया बुजुर्ग डिहवा के पास पलट गई, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ड्राइवर सहित कुल पांच लोग कार में सवार थे आसपास के गांव वालों ने पहुंचकर कार का शीशा तोड़कर सभी लोगों को बाहर निकाला जिसमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल थे, तीन लोगों को मामूली चोटे आई थीं। शनिवार को मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बढ़नी सभा शंकर यादव पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर पिंटू का जो की महुआ कला निवासी थाना गोल्हौरा का इलाज करवाया तथा गंभीर रूप से घायल दीपू को चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चालक रामनाथ ने बताया कि बढ़नी की तरफ से जैसे ही सरयू नहर पुल से नीचे उतरे विपरीत दिशा की तरफ से बोलेरो गाड़ी आ रही थी जैसे हमने बाए स्टेरिंग को काटा पिछले टायर में हवा कम होने के कारण गाड़ी पलट गई। इस संबंध में चौकी इंचार्ज बढ़नी ने बताया कि कार में सवार लोग बढ़नी से ढेबरुआ की तरफ जा रहे थे जैसे ही सभी नहर का पुल पार किए पिछला टायर पंचर होने की वजह से गाड़ी पलट गई जिन लोगों को चोट लगा था उनका इलाज करवाया गया गंभीर चोट जिन्हें लगा था उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## खेत मे गाय घुसने के विवाद में बीच बचाव में किशोर की पिटाई



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** धान के खेत में गाय घुसने को लेकर हो रहे विवाद में बीच बचाव करने गए किशोर की पिटाई करने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मीयो ने किशोर को पुलिस वाहन से उसे नगपुर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात के विरुद्ध हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना में शामिल एक महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है शेष नामजद फरार हो गए।हत्या की घटना थाना के भदोई गांव में बीते शाम को घटित हुई।बीते शुक्रवार शाम को शीला यादव का पालतू जानवर घर के सामने स्थित महेंद्र यादव के खेत में घुस गया। तत्समय नुकसान की सूचना पर खेत के पास पहुंचे अजय,अशोक, महेन्द्र, राजेश, श्यामादेवी और सिम्पल शीला देवी हाथ में लाठी डंडा लेकर गाली गलौज देने लगी। जब शीला नुकसान कहां हुआ कहने लगी विपक्षी ईट पत्थर चलाने लगे। इसी दौरान पड़ोसी किशोर विनोद यादव उर्फ कल्लू बीच बचाव को पहुंचा विपक्षी उसकी लाठी डंडा से पिटाई शुरू कर दिया। किशोर गिर गया और वही उसकी मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस किशोर को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने मौत की घोषणा कर दिया।मौत की खबर मिलते ही विधवा माता सरोज देवी और बहन बेहोश हो गिर पड़ी।

# पीड़ित को उचित व त्वरित न्याय दिलाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी: संजीव रंजन

अवधनामा संवाददाता



- संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत, मात्र 5 का हुआ निस्तारण

**डुमरियागंज।** शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

तहसील डुमरियागंज में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन कर शिकायतो के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त किया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-16, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-12, विकास-2 व अन्य 7 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व-3 व अन्य-2 प्रार्थना-पत्रों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत डुमरियागंज राम मूरत, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओ ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया मांगपत्र



**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** सेन्ट्रल बार एसोसियेशन के अधिवक्ताओं ने कई बिन्दुओं को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार वैश्य के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद (प्रयागराज) से जनपद शाहजहाँपुर लगभग 400 किमी. दूर है, जिसके कारण वादकारियों अथवा अधिवक्ताओं को वहाँ आने-जाने में काफी परेशानी होती है तथा शासन की मंशा के अनुरूप वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय नहीं मिल पाता है। जनपद शाहजहाँपुर के अधिवक्ताओं व वादकारियों की उच्च न्यायालय इलाहाबाद (प्रयागराज) जाने के लिये लखनऊ खण्डपीठ लखनऊ से ही होकर गुजरना पड़ता है। यह कि वर्ष 1986 में जसवन्त सिंह आयोग की रिपोर्ट में निकटता के आधार पर जनपद शाहजहाँपुर को उच्च न्यायालय इलाहाबाद (प्रयागराज) की खण्डपीठ लखनऊ से सम्बद्ध करने की संस्तुति की गयी थी। जसवन्त सिंह आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद जनपद शाहजहाँपुर के अधिवक्तागण जनपद शाहजहाँपुर को लखनऊ खण्डपीठ से सम्बद्ध करने की मांग को लेकर वर्ष 1986 से लगातार प्रत्येक शनिवार को हड़ताल करते चले आ रहे है। यह कि प्रदेश में लगातार हो रही अधिवक्ताओं की हत्या को देखते हुए तथा अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को देखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जायें।

# विद्यालयों का निरीक्षण कर डीएम ने परखा शैक्षिक स्तर

अवधनामा संवाददाता



- डीएम ने छोटा पुरवा, बोधी पुरवा, चिलेहटा में विद्यालयों का किया निरीक्षण
- बच्चों से पढ़वाई पुस्तक और सवाल के साथ पहाड़ा भी पूछा

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को विकास खण्ड बडोखर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय छोटा पुरवा, प्राथमिक विद्यालय बोधी पुरवा तथा प्राथमिक विद्यालय चिलेहटा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय छोटा पुरवा में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, पेयजल एवं मिड-डे-मील वितरण व्यवस्था एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता की जांच के लिए बच्चों को हिन्दी की पुस्तक पढ़वाकर तथा गणित के पहाड़ा एवं सवाल पूंछा, जिस पर बच्चों द्वारा सही से पुस्तक का पाठन किया। उन्होंने विद्यालय में नया फर्नीचर एवं कक्षों में टायल्स लगा पाया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में विद्युत की फिटिंग कराकर पंखों को लगाये जाने के निर्देश दिये तथा विद्यालय परिसर में किये गये बोर को ठीक कराये जाने के सम्बन्ध में प्रधान एवं सचिव के द्वारा ठीक कराये जाने एवं विद्यालय की साफ-सफाई नियमित रूप से कराये जाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय बोधीपुरवा के निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित अध्यापकों को निर्देश दिये कि सभी बच्चों को डेऊस के साथ शत-प्रतिशत रूप से उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही करें। उन्होंने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, शौचालय, रसोंई एवं मिड-डे-मील एवं शिक्षा की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि जो बच्चे नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित हो रहे हैं, उसी प्रकार अन्य बच्चों की भी शत-प्रतिशत रूप से उपस्थिति करायें जाने के लिए एक सप्ताह के अंदर इस कार्य को पूर्ण करें। इसके बाद जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय चिलेहटा का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गन्दगी एवं कूडे के ढेर मिलने पर तत्काल सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के कक्षों में रोशनी कम पाये जाने पर शीघ्र विद्यालय के कक्षों में ट्यूब लाइट लगाये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता को चेक करने के लिए कक्षा-4 व 5 के बच्चों को हिन्दी एवं अंग्रेजी की पुस्तक को अपने समक्ष पढवाया, जिस पर बच्चों द्वारा अंग्रेजी की पुस्तक बेहतर तरीके से पढ़ने बच्चों को साबासी दी। उन्होंने कक्षा-1 व 2 के बच्चों को हिन्दी भाषा के ज्ञान के लिए दो शब्दों के अक्षरों के जोड को तथा हिन्दी की किताब पढवाने के बाद उपस्थित अध्यापिका को निर्देश दिये कि कमजोर बच्चों को चिन्हित कर आगे की सीटों में बिढाकर उन पर विशेष ध्यान दें, जिससे कि वह भी अन्य बच्चों की भांति होशियार बन सकें। उन्होंने विद्यालय में नाली की सफाई एवं गड्ढे को भी समतल कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीण से कहा कि वह अपने बच्चों को प्रत्येक दशा में नियमित रूप से विद्यालय पढ़ने के लिए भेंजे, विद्यालय में उन्हें निशुल्क शिक्षा, पुस्तकें एवं मिड-डे-मील का वितरण भी किया जाता है, इसलिए अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं शिक्षा के लिए विद्यालय जरूर से जरूर भेंजे।

## अली ब्वॉयज़ कमेटी की जानिब से यौमे सकीना का आयोजन आज

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** हर साल की तरह इस साल 16 सफर 3 सितंबर शाम 8 हुसैनी चौक हल्लौर में अली ब्वायज कमेटी के तत्वावधान में यौमे सकीना का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुकामी शायरों द्वारा अपने अपने अपने कलाम पेश करेंगे। इसके बाद शाहिद आलम व हमनवां मर्सियख्वानी के फ़रायज़ को अंजाम देगे। मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई खिताब करेगे। बाद मजलिस जनाबे सकीना का ताबूत बरामद होगा। यौमे सकीना में मुकामी अंजुमन गुलदस्ता मातम व अंजुमन फरोग मातम नौहा मातम करेगी। यह जानकारी यौमे सकीना आयोजक व अली ब्वायज कमेटी के अध्यक्ष इंतेज़ार हुसैन शबाब ने देते हुए तमाम अहलेवत के लोगो से समय से पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## मुबारकपुर में 9 को मनाया जायेगा दधिकांधव उत्सव

**टांडा- अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला मुबारकपुर में दधिकांधव उत्सव मनाने की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। दधिकांध्व उत्सव 9 सितंबर दिन शनिवार को सुनिश्चित है। दधिकांदव उत्सव में भाग लेने वाली समितियों ने शोभा यात्रा के लिए अपनी-अपनी झांकियों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इन्हीं झांकियों पर भगवान श्री कृष्णा और राधा रानी की प्रतिमूर्ति स्थापित कर मुबारकपुर में शोभायात्रा निकाला जाता है। नगर के हिंदू परिवारों द्वारा अपने घर के सामने भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की आरती और पूजा की जाती है। यह शोभा यात्रा देर रात्रि तक चलता है। इस शोभा यात्रा में दूर दराज के ग्रामीणों सहित शहरी क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उपस्थिति रहती है। दधिकांदव उत्सव शोभा यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर क्षेत्र मुबारकपुर में श्री दधिकांदव उत्सव महा सेवा समिति मुबारकपुर नाम से कमेटी का गठन किया गया है जिसमें संरक्षक गौतम उपाध्याय, मनोज साहू, सुदीप शुक्ला और कमल गुप्ता को बनाया गया है।

# डाक्टर और छात्रों ने तीमारदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जमकर की गई अभद्रता

अवधनामा संवाददाता

- एक दर्जन से ज्यादा छात्र डाक्टर के बुलाने पर मौके पर पहुंचे थे
- कई लोगों के मोबाइलों को छीनकर तोड़ा
- मेडिकल कालेज चौकी पुलिस बाद में पहुंची, शांत किया मामला

**बांदा।** सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसको नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां पर उसकी मौत हो गई। महिला की मौत हो जाने के बाद परिवार के लोगों ने चिकित्सक पर आरोप लगाया कि इलाज करने में लापरवाही की गई। बस इसी बात को लेकर परिजनों और तीमारदारों के बीच कहासुनी हो गई। मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने फोन करके मेडिकल कालेज में मौजूद छात्रों को बुला लिया। एक दर्जन से अधिक छात्र मौके पर पहुंचे और तीमारदारों को जमकर पीटा। जान बचाकर भाग रहे तीमारदारों को लात-घूसों से धुना गया। वह किसी तरह मौके से भागे और जान बचाई। इतना ही नहीं इस घटना का वीडियो बना रहे कुछ लोगों के मोबाइल छात्रों ने खींच लिया और जमीन पर पटककर तोड़ दिया। काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में मौके पर पहुंची मेडिकल कालेज चौकी पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। गौरतलब हो कि हमीरपुर जिले के इचौली गांव निवासी सपना (40) पत्नी बाबूलाल शुक्रवार को अपने पति के साथ अपने मायके से भाई के राखी बांधने के बाद ससुराल जा रही थी, तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में इचौली के पास बाइक पर बैठी महिला अचानक सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सिर में गंभीर चोटें आई थीं। किसी तरह से महिला को नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में लाया गया, वहां पर उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के हो जाने पर परिजनों ने इलाज न करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। इसी बात को लेकर इमरजेंसी में तैनात डाक्टर से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तीमारदार और डाक्टर के बीच बहस हो गई। इस दौरान डाक्टर ने मेडिकल कालेज कैंपस में रह रहे छात्रों को मोबाइल से फोन करके बुलवा लिया। तकरीबन दो दर्जन छात्र इमरजेंसी में पहुंच गए और तीमारदारों की बेरहमी से पिटाई करना शुरू कर दी। डाक्टरों और छात्रों ने महिला के तीमारदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। तीमारदार किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग खड़े हुए। काफी देर के बाद मौके पर पहुंची मेडिकल कालेज चौकी पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। मृतक महिला के परिवार के लोगों ने बताया कि मारपीट में सपना के पति समेत कई लोग घायल हुए हैं। इधर, तीमारदारों ने बताया कि इस घटना का वीडियो बना रहे कई लोगों के साथ छात्रों और डाक्टर ने अभद्रता की। उनके मोबाइल खींच लिए और जमीन पर पकड़कर तोड़ दिया। कुछ लोगों के मोबाइल वापस किए जाने की भी खबर है। मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने जब डाक्टरों और छात्रों की गुंडागर्दी देखी तो वह अपने मरीजों का लेकर वहां से भाग निकले। उनका कहना था कि छात्रों का उग्र रूप देखकर वह अपनी जान बचाकर भागे।

## बीजेपी की बैठक में मेरी माटी मेरा देश पर हुई चर्चा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मेरी माटी मेरा देश के तहत गांव गांव में कार्यक्रम चलाने की चर्चा को लेकर कस्बे के एक विद्यालय में भाजपा पूर्वी मण्डल की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक गांव से एक घड़ा लेकर सभी घरों से मिट्टी व पक्के मकान वालों से चावल लेना है। यह कार्यक्रम 1 से 6 सितंबर के बीच चलाया जाना है। उन्होंने बताया कि हर गाव मे 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाना, प्रधानमंत्री जी के संदेश का शिलापट्ट विद्यालय की दीवार पर लगवाना, पंच प्रण प्रतिज्ञा का सामूहिक कार्यक्रम कराना आदि के विषय में सभी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं को शामिल होकर सम्पन्न कराने को कहा। पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय महामंत्री गणेश यादव, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह ने भी विचार रखे। संचालन महामंत्री श्याम धुरिया ने किया। बैठक में दिगपाल चंदेल, मानसिंह, अमित सिंह, महेश शुक्ला, शरद चंदेल, आदित्य अवस्थी, अरविंद श्रीवास्तव, अशोक सिंह, छेदीलाल अनुरागी, जितेंद्र सिंह कछवाह सहित सभी मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, प्रकोष्ठ व मोर्चो के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# प्रशासन की मौजूदगी में अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

अवधनामा संवाददाता



**बांसी।** मंगल बाजार स्थित रामलीला मैदान की जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा वर्षो से किए गए अवैध कब्जे पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व प्रभारी तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय की उपस्थिति में आखिरकार बुलडोजर चल ही गया। विदित हो कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों की मौजूदगी में बीते बुधवार को ही राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कर रामलीला मैदान की जमीन को चिन्हित कर दिया गया था।

राम लीला मैदान की जमीन के अन्दर आने वाले अवैध कब्जेदारों से स्वतः जमीन खाली करने के निर्देश के साथ प्रशासन द्वारा मौका भी दिया गया। कब्जा न हटाए जाने पर शुक्रवार को तहसील प्रसासन बुलडोजर के साथ मौके पर टीम सहित पहुंचे अधिकारियों की देखरेख में 17 लोगों के अस्थायी कब्जों को बुलडोजर द्वारा हटवा दिया गया।

इस बावत उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा बताया गया कि स्थाई कब्जेदारो को नोटिस /बेदखली के बाद हटाया जायेगा। बताया जाता है कि उक्त जमीन रामलीला मैदान के रुप में आरक्षित है और पहले यहाँ रामलीला का मंचन भी होता था। उक्त दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल के साथ सीओ देवी गुलाम व कोतवाल अनुज सिंह भी मौजूद रहे।

# भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका!

भारत में 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाए वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे,मस्त मस्त नजर देखें नए चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रॉस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नए चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नए-नए आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्ज़ा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जो करीब करीब 2 वर्षों के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गए हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाए गए हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि अभी पिछले हफ्ते में चीन पर वैश्विक प्रतिबंधों में भारत और अमेरिका द्वारा प्रतिबंध की कड़ी में डेवलपमेंट किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत-अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे हैं झटके पे झटका! वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार -ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाए निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्?ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक?स्?ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस टेक?नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्?होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा। करीब दो वर्ष के विचार-विमर्श के बाद इस आदेश पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिकी अखबार का कहना है कि बीजिंग अपने निवेश का इस्तेमाल अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में कर सकता है। अमेरिका के इस निर्णय से चीन के साथ दूरी थोड़ी और बढ़ जाएगी। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, सेमिकंडक्टर और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के चीनी प्रयासों में नए आदेश के बाद से वेंचर कैपिटल और निजी इक्विटी फर्म अपना पैसा निवेश नहीं कर सकती। सरकार का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रहित में लिए गए हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक था। हालांकि, अमेरिका के फैसले को चीन अपने विकास में व्यवधान भी मान सकता है। अमेरिका ट्रेजरी विभाग का कहना है कि सरकार का फैसला अमेरिका को सुरक्षित रखने और अगली पीढ़ी के लिए महत्तवपूर्ण है। सरकार अमेरिका की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

साथियों अगर हम प्रतिबंध की सीमाएं देखें तो , ये आदेश (जो अगले वर्ष तक प्रभावी नहीं होगा) पूर्वव्यापी नहीं होगा और इसमें बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे इससे अप्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ सार्वजनिक ट्रेड सिक्योरिटीज, इंडेक्स फंड और अन्य एसेट्स में भी छूट मिल सकती है। अटलांटिक काउंसिल की वरिष्ठ फेलो और इंडियाना यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल स्टडी की एसोसिएट प्रोफेसर ने इस फैसले को व्यावसायिक समुदाय के लिए अच्छी खबर बताया है।इक्विटी को टारगेटवेंचर-कैपिटल फर्मों और टेक इंडस्ट्री ने आदेश के दायरे को कम करने के लिए बाइडेन प्रशासन की पैरवी की थी, क्योंकि निवेशकों को डर था कि व्हाइट हाउस अमेरिकी निवेश पर व्यापक सीमाएं लगाएगा, वहीं यूरोपीय संघ समेत मित्र राष्ट्रं ने भी विरोध करते हुए कहा था कि गंभीर प्रतिबंध उनकी इकोनॉमीज को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# बिजनौर की धरती पर जन्मे स्वतंत्रता सेनानी लाला रामचरण


प्रेम शर्मा

लाला रामचरण अग्रवाल दिल्ली के प्रथम पंक्ति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। चांदनी चौक में इन्हें बच्चा-बच्चा जानता था। महात्मा गांधी पंडित नेहरू राजेंद्र प्रसाद अरूणा आसफ अली जैसे बड़े नेताओं से इनका बड़ा गहरा परिचय था। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में हुआ था। जब इनकी आयु मात्र तीन-चार वर्ष थी तब से ही इनके पिता व्यापार के सिलसिले में परिवार सहित दिल्ली जाकर रहने लगे थे। ऐसे कारणों से अपवाद को छोड़कर जनपद बिजनौर के लोगों को अभी तक यह ज्ञात नहीं था कि रामचरण अग्रवाल जैसे महान सेनानी का जन्म जनपद बिजनौर की धरती पर हुआ था। बिजनौर के किसी सरकारी अथवा व्यक्तिगत अभिलेख में रामचरण अग्रवाल का जिक्र सुलभ नहीं। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बिजनौर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर गहन अध्ययन और विशेष शोध कार्य करने वाले ग्राम फीना निवासी और क्षेत्रीय इतिहास संकलन एवं लेखन अभियान बिजनौर के संयोजक इं. हेमंत कुमार ने अपने अध्ययन के दौरान इस बात के संकेत पाए कि लाला रामचरण अग्रवाल का संबंध बिजनौर की धरती से भी है। इसके बाद निरंतर प्रयास करके हेमन्त ने अनेक प्रमाण ढूंढ निकाले जिनसे सिद्ध हुआ कि ये बिजनौर मूल के सेनानी है। पूर्व में भी हेमंत कुमार बिजनौर के इतिहास का गौरव बढ़ाने वाले अनेक तथ्य खोजकर सामने ला चुके है। रामचरण अग्रवाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए वे बताते है कि रामचरण अग्रवाल का जन्म जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में 02 दिसम्बर .1917 को हुआ। इनके पिता दिल्ली में स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े थे। अपने पिता को देखकर रामचरण किशोरावस्था में ही आन्दोलन सम्बन्धी गतिविधियों में शामिल हो गए और मात्र 16-17 साल की आयु में ही दिल्ली ईकाई कांग्रेस के कोषाध्यक्ष बना दिये गए। आप सन 1939 सन 1942 और सन 1945 में तीन बार अंग्रेजों द्वारा जेल भेजे गए। सन 1940-41 के व्यक्तिगत सत्याग्रह आन्दोलन में महात्मा गाँधी ने दिल्ली से 11 स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तारी देने के लिए चुना उनमें से रामचरण अग्रवाल भी एक थे। इनके घर पर आन्दोलन सम्बन्धी अनेक मीटिंग हुई। स्वतंत्रता के बाद आप दिल्ली के प्रथम उप महापौर बने। इनका निधन 25.07.1977 को दिल्ली में हुआ। इंदिरा गाँधी शोक जताने के लिए उनके घर पहुँची थीं। इनके नाम पर दिल्ली में एक चौराहे का नामकरण किया गया है। भारत सरकार ने राष्ट्र सेवा में इनके योगदान को देखते हुए इन पर डाक टिकट भी जारी किया। दिल्ली के अन्दर आज भी रामचरण अग्रवाल निडर ईमानदार सिद्धांतप्रिय बात के धनी नेता के रूप में जाने जाते थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

बीते वर्ष अमरनाथ में जल सैलाब आया था। साल 2013 में केदारनाथ में हो चुकी त्रासदी के दंश तो आज तलक ताजा हैं। उत्तराखंड की स्थिति तो ये है कि पहाड़ों के बदलते मौसम और बिगड़ते मिजाज के चलते बड़ी संख्या में गांव खाली होते जा रहे हैं। स्थिति और न बिगड़े इस हेतु गंभीर चिंतन आवश्यक है। बेहतर हो बिना समय गंवाए पहाड़ों के क्रोध को शांत करने का उपाय तलाश लिया जाए वरना जिन मुसीबतों से हिमाचल प्रदेश इन दिनों जूझ रहा है वैसी ही समूचे हिमालय क्षेत्र में नजर आएगी जिससे होने वाली तबाही की कल्पना ही भयभीत कर देती है।

# पहाड़ों को भी शांति और आराम चाहिए


राजेश माहेश्वरी

देवभूमि कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में भारी बारिश की वजह से हो रही बर्बादी अप्रत्याशित नहीं है। पिछले कई दशकों में पर्यटन का केंद्र इन पहाड़ी राज्यों ने विकास के मामले में मैदानी इलाकों की राह पर चलने की कोशिशें की हैं और स्पष्ट रूप से इसका नतीजा प्राकृतिक आपदाओं में दिख रहा है। चाहे कमजोर पहाड़ो में चार लेन हाइवे निकालना हो या हाइड्रो प्रोजेक्ट के लिए सुरंगे खोदना. इससे पहाड़ और पत्थर हिलते हैं। भारी, बेतरतीब और असुरक्षित निर्माण हर जगह हो रहा है और निर्माण का कचरा नदियों और उनकी शाखाओं तक पहुंच रहा है। इन सबने मिलकर बारिश की तबाही को और भी बढ़ा दिया है। हिमाचल और उत्तराखण्ड के साथ ही साथ जम्मू कश्मीर में भी खतरा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि संवेदनशील पर्यावरण और पारिस्थितिकी रूप से नाजुक क्षेत्र में पर्यावरण की कीमत पर हो रहे असंतुलित विकास की वजह से प्रकृति का कोप बढ़ रहा है। पहले बात हिमाचल प्रदेश की कर लेते हैं। ब्रिटिश राज में देश भर में हिल स्टेशन के रूप में पर्वतीय क्षेत्रों का विकास हुआ। हालांकि आजादी के बाद भी पर्यटन केंद्रों के रूप में तीर्थस्थलों के अलावा अन्य पर्वतीय स्थानों को विकसित किया गया। लेकिन आज पहाड़ी क्षेत्रों में विकास के नाम पर पिछले दो दशकों में जो कुछ हुआ है, उसका परिणाम सबके सामने है।

हिमाचल प्रदेश में नदियों से कथित अवैज्ञानिक खनन ने भी ऐसी आपदाओं का खतरा बढ़ने की चिंताएं पैदा की हैं। पर्यावरणविदों को लगता है कि हिमाचल प्रदेश में उफनी नदियों, खासकर ब्यास की वजह से हुई भारी तबाही का एक कारण खास तौर पर स्पष्ट है। और इसकी तुलना साल 2000 में सतलुज नदी में आई बाढ़ से की जा सकती है। तब रामपुर शहर में इससे भारी तबाही हुई थी, वहां बहुत से लोग नदी के पास बने निर्माणों में रह रहे थे।

हिमाचल प्रदेश में प्रकृति के तांडव से कुछ दिनों के भीतर ही सैकड़ों लोग जान गंवा बैठे। यद्यपि इस साल अति वृष्टि को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। लेकिन ये बात भी स्वीकार करनी होगी कि पहाड़ों को भीतर से कमजोर कर दिए जाने के कारण ही अब वे अति वृष्टि अथवा भूकंप के मामूली झटके झेलने में असमर्थ होते जा रहे हैं। ये देखते हुए हिमाचल की मौजूदा स्थिति को तात्कालिक संकट मान लेना बड़ी भूल होगी। हिमाचल प्रदेश में ऐसी भयावह बरसात कभी नहीं हुई। इसके लिए केवल मानसून जिम्मेदार नहीं, यह पारिस्थितिकी से छेड़छाड़ का दुष्परिणाम है जो भविष्य में खतरा और अधिक बड़ा होने की चेतावनी भी है। अभी तो मवाद फूटा है, आगे कहीं नासूर न बन जाए।

यही स्थिति उत्तराखंड की है। उत्तराखंड में भी पहाड़ों के धसकने की घटनाएं लगातार सुनाई दे रही हैं। वहां भी चार धाम यात्रा में जिस तरह



रुकावट आती रही वह इस बात को इंगित करती है कि पहाड़ पर मानवीय गतिविधियों का बोझ कम किया जाना चाहिए। वाहनों की आवाजाही सुलभ करने के लिए बनाई गई बारहमासी सड़कें भी भूस्खलन के कारण बार-बार अवरुद्ध हो जाती हैं। इन्हें बनाने में भले ही कितनी भी तकनीकी कुशलता दिखाई गई किंतु ये भूल जाना निरी मूर्खता है कि प्रकृति को बांधकर रखा जा सकता है।

बीते वर्ष अमरनाथ में जल सैलाब आया था। साल 2013 में केदारनाथ में हो चुकी त्रासदी के दंश तो आज तलक ताजा हैं। उत्तराखंड की स्थिति तो ये है कि पहाड़ों के बदलते मौसम और बिगड़ते मिजाज के चलते बड़ी संख्या में गांव खाली होते जा रहे हैं। स्थिति और न बिगड़े इस हेतु गंभीर चिंतन आवश्यक है। बेहतर हो बिना समय गंवाए पहाड़ों के क्रोध को शांत करने का उपाय तलाश लिया जाए वरना जिन मुसीबतों से हिमाचल प्रदेश इन दिनों जूझ रहा है वैसी ही समूचे हिमालय क्षेत्र में नजर आएगी जिससे होने वाली तबाही की कल्पना ही भयभीत कर देती है।

वास्तव में बीते कुछ दशकों में मध्यमवर्गीय पर्यटक बढने से पर्वतीय क्षेत्रों में बेतहाशा भीड़ होने लगी है। विकास के तौर पर सड़कों और पुलों आदि का निर्माण भी बड़ी मात्रा हुआ जिनके लिए वृक्षों की कटाई और पहाड़ों की छटाई भी व्यापक तौर पर की गई। उत्तराखंड में टिहरी बांध जैसी परियोजना भी बनी। पनबिजली संयंत्रों के लिए नदियों के पानी को घुमाने सुरंगें बनाई गई। इन सबका दुष्परिणाम धीरे-धीरे आने लगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के एक 2017 में हुए एक शोध से पता चला था कि हिमाचल प्रदेश में कुल 118 हाइड्रो प्रोजेक्ट हैं जिनमें से 67 पहाड़ खिसकने वाले जोन में हैं। राज्य के आदिवासी बहुल जिले किन्नौर, कुल्लू और कई अलग हिस्सों में जब हाइड्रो प्रोजेक्ट लगाये जा रहे थे तब पर्यावरणविदों और प्रभावित स्थानीय नागरिकों ने उनका विरोध भी किया था और कई जन अभियान भी चले थे। लेकिन तत्कालीन सत्ताधारी राजनीतिक दलों ने इन्हें नजरअंदाज कर दिया था।

कभी-कभी तो लगता है कोरोना काल के दौरान देश भर में लगाए गए लॉक डाउन की तरह साल में कुछ समय तक वहां भी आवाजाही पर नियंत्रण लगाया जावे। उत्तराखंड में स्थित तीर्थस्थलों के साथ हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थलों में भी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की संख्या सीमित करना जरूरी हो गया है। उल्लेखनीय है लद्दाख में बीते कुछ दशकों के भीतर जिस तरह से पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है और लेह से आगे जाकर नुब्रा घाटी जैसे इलाकों तक सैलानी जाने लगे हैं उसकी वजह से वहां के जिम्मेदार लोग चिंतित हैं। बाढ़ बारिश और भूस्खलन की मार झेलते शहर के लोगों का दर्द तकलीफदेय है। भूस्खलन से हाहाकार मचा हुआ है। अपने घरों की बर्बादी और प्रकृति की मार से लोग दहशत में हैं। घर से घूमने निकले लोगों में डर का माहौल है। उनकी जान पर बन गयी है। सड़कें टूट रही हैं। मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं। लोगों की चीख पुकार से आहत मन यही सवाल कर रहा है कि इतने खूबसूरत पहाड़ी इलाकों का क्या हश्र हो रहा है। शान्तिप्रिय प्रकृति की गोद में रहने वाले लोगों का जीवन आपदाओं से घिरता जा रहा है।

सही बात तो ये है कि पहाड़ों को भी शांति के साथ आराम चाहिए। हम अपने आनंद के लिए उनके निकट जाते हैं किंतु अपने गैर जिम्मेदाराना आचरण के चलते उन्हें दुखी कर आते हैं। इसी कारण उनकी सहनशक्ति जवाब देने लगी है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के जिन क्षेत्रों में मानवीय आवाजाही ज्यादा होती हैं वहां पर्यावरण का संतुलन गड़बड़ा गया। पर्वतों को क्षति पहुंचाए जाने से उनकी आधारभूत संरचना को जो नुकसान हुआ उसकी वजह से प्राकृतिक आपदाएं जल्दी-जल्दी आने लगी हैं। असल में अब समय आ गया है जब हम पर्यटन पर चलने वाले इन राज्यों में विकास का ऐसा मॉडल अपनाना चाहिए जो पर्यावरण के अनुरूप हो। हम एक सीमा के बाद प्रकृति से छेड़छाड़ नहीं कर सकते हैं। अवैज्ञानिक रूप से विकास कार्यों के लिए पहाड़ों में विस्फोट और निर्माण कार्यों के मलबे को बिना योजना के डंप करने और अनियंत्रित संख्या में वाहनों के पहाड़ी सड़कों पर चलने के दुष्परिणाम हो सकते हैं।

# बच्चों की रचनात्मकता को आकाश देने का ‘प्रयास’

प्रयास के अनुसार, प्रत्येक चयनित शोध प्रस्ताव के लिए कुल 50 हजार रुपये का प्रोत्साहन अनुदान किया जाएगा। इस राशि में से 10 हजार रुपये छात्र को दिए जाएंगे। एक से अधिक छात्र होने पर यह राशि बांट दी जायेगी। इसमें से छात्रों को शोधकार्य करने में सुविधा देने के लिए स्कूलों को 20 हजार और उच्च शिक्षण संस्थान के विशेषज्ञ को 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। परियोजना में स्कूल के एक विज्ञान शिक्षक को पूरे कार्यकाल के दौरान छात्रों को उनके शोध कार्य में मार्गदर्शन के लिए नियुक्त किया जाएगा।


ललित गर्ग

शिक्षा मंत्रालय स्कूली विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धतियों और प्रयोगों से परिचित करा कर उन्हें अनुसंधान और खोज का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ‘प्रयास’ यानी ‘प्रमोशन ऑफ रिसर्च एटीट्यूड इन यंग एंड एन्सपायरिंग स्टूडेंट्स’ योजना शुरू करने जा रहा है। इस योजना का मकसद युवा विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक चिंतन उत्पन्न करना और साक्ष्य आधारित विज्ञान, प्रक्रिया, नवीनता और रचनात्मकता का विकास करना है। छात्रों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को खुला आकाश देने का यह ‘प्रयास’ सार्थक है। इससे भारत की स्कूली शिक्षा में व्यापक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और इससे शिक्षा की अपूर्णताएं दूर हो सकेंगी।

किसी भी बच्चे के भीतर रचनात्मकता, कौशल, मौलिकता एवं कार्य-क्षमता की असीमित संभावनाएं होती हैं। अगर उसे एक सीमित ढांचे के भीतर समेट दिया गया है तो उसकी प्रतिभा भी उसी दायरे में सिमट कर रह जाती है। इसलिए बचपन और किशोरावस्था में ही रुचियों की पहचान करके अगर किसी बच्चे को उसकी रुचि के क्षेत्र को जानने-समझने और कुछ करने का अवसर दिया जाए तो पूरी संभावनाएं है कि भारी तादाद में बच्चों की प्रतिभा सामने आएगी और उसका लाभ देश और समाज को मिलेगा। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में यह एक बुनियादी पक्ष होना चाहिए और कुछ हद तक इसका खयाल रखा भी गया है, मगर अब सरकार औपचारिक रूप से इस दिशा में एक ठोस पहल करने जा रही है।

हम सब कुछ नहीं कर सकते। पर यह भी सच है कि हम जितना खुद की क्षमताओं के बारे में सोच रहे होते हैं, उससे कहीं अधिक कर सकते हैं। कितनी ही बार हम केवल यही सोच कर पीछे हट जाते हैं कि हम से नहीं होगा। हमसे जो कम हैं, वे आगे बढ़ जाते हैं और हम एक कदम नहीं बढ़ा पाते। यह स्थिति विद्यार्थी जीवन की एक त्रासदी है, विडम्बना है। अब तक की शिक्षा इन बुनियादी बातों पर ध्यान नहीं दे पा रही थी, अब इस दिशा में प्रयास शुरु हुआ है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। यह एक तथ्य है कि बच्चों और किशोरों में खोजने और सीखने की प्रक्रिया काफी तीक्ष्ण होती है। खासकर अगर पढ़ाई-लिखाई के दौरान उनकी रुचि के विषय को निर्बाध तरीके से विकसित होने दिया जाए तो उनकी रचनात्मकता अक्सर कुछ नया खोज लाती है। लेकिन हमारे यहां निर्धारित पाठ्यक्रम ज्यादातर बच्चों के लिए शिक्षण के ढांचे का एक अनिवार्य हिस्सा होता है और उसी के मुताबिक उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करनी होती है। किताबी ज्ञान से आगे बढ़ने की स्थितियां नगण्य होने से बच्चों की प्रतिभा का समुचित प्रस्फुटन एवं प्रकटीकरण नहीं हो पाता। इसमें कई वैसे बच्चों की प्रतिभा दबी रह जाती है, जिनकी अभिरूचियों को सही दिशा और उसे समझने का अवसर नहीं मिल पाता है। बल्कि इसके उलट



ऐसे मामले आम हैं, जिनमें स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार अभिभावक बच्चों को ऐसे विषयों की पढ़ाई में झोंक देते हैं, जिसे उन्हें जबरन पढ़ना पड़ता है। यह मान लिया जाता है कि निर्धारित पाठ्यक्रम और अभिभावकों की इच्छा के मुताबिक ही बच्चों की शिक्षा-दीक्षा होनी चाहिए, उन्हें अपनी पसंद के विषय में कुछ नया समझने और सीखने के प्रति हतोत्साहित किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने प्रयास योजना 2023-24 के लिए एक दिशा-निर्देश तैयार किया है। इसकी शुरुआत 10 अक्तूबर 2023 से होगी। ‘प्रयास के दिशा-निर्देश के अनुसार, इसका मकसद युवा छात्रों के बीच वैज्ञानिक चिंतन उत्पन्न करना, उनकी वास्तविक क्षमता, कौशल, क्षमता एवं प्रतिभा के अनुसार उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। मनोवैज्ञानिक सलाहकार डॉ. रॉबर्ट वूड्स ने कहा था, ‘आपकी प्राथमिकता में सबसे आगे कौन है? अगर आप हैं, तो आप जानबूझकर गलतियां नहीं करेंगे। अगर गलती सोची-समझी साजिश के तहत कर रहे हैं तो इसके नतीजे बुरे हो सकते हैं। अनजाने में हुई गलतियां, चाहे काम हो या बात, उन्हें समय रहते संभाला जा सकता है।’

प्रयास के अनुसार, प्रत्येक चयनित शोध प्रस्ताव के लिए कुल 50 हजार रुपये का प्रोत्साहन अनुदान किया जाएगा। इस राशि में से 10 हजार रुपये छात्र को दिए जाएंगे। एक से अधिक छात्र होने पर यह राशि बांट दी जायेगी। इसमें से छात्रों को शोधकार्य करने में सुविधा देने के लिए स्कूलों को 20 हजार और उच्च शिक्षण संस्थान के विशेषज्ञ को 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। परियोजना में स्कूल के एक विज्ञान शिक्षक को पूरे कार्यकाल के दौरान छात्रों को उनके शोध कार्य में मार्गदर्शन के लिए नियुक्त किया जाएगा।

तमाम स्थितियों को देखने और उनका आकलन करने के बाद यह तथ्य बार-बार सामने आता रहा है कि अब शिक्षा को कोई नया रूप देना चाहिए। शिक्षा की अपूर्णता एवं अपर्याप्तता को दूर करने के लिये यह एक बहुत बड़ी अपेक्षा है। प्रयास ऐसी ही अपेक्षा को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। अक्सर स्कूली शिक्षा के दौरान बहुत सारे बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का एक तरह से दमन हो जाता है। जो बच्चे ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में नई खोज के वाहक बन सकते हैं, वे एक बने-बनाए ढर्रे के अनुगामी बने रह जाते हैं। इस लिहाज से देखें तो ‘प्रयास’ की अहमियत इस रूप में दर्ज की जा सकती है कि इसमें व्यक्तिगत रूप से या समूहों में अनुसंधान या खोज करने के लिए विद्यार्थियों की क्षमता विकास पर जोर दिया गया है। दरअसल, बच्चे सबसे ज्यादा अपने आसपास के वातावरण को देख-समझ कर सीखते हैं। इसीलिये प्रयास योजना के अनुसार, इसमें किसी स्थानीय समस्या की पहचान कर उसका अध्ययन किया जाएगा। इसके पीछे के वैज्ञानिक कारणों की जांच करने एवं हल खोजने तथा किसी विचार, कल्पना या अवधारणा पर शोध करने पर जोर दिया गया है। जेन मास्टर मैरी जैक्श कहती हैं, ‘अपनी उलझनों का सामना करते हुए अनजान चीजों को गले लगाना हमें विकास की ओर ले जाता है। हमें आगे बढ़ाता है।’

‘प्रयास’ के अंतर्गत स्कूली छात्रों और शिक्षकों के साथ उच्च शिक्षण संस्थानों के एक विशेषज्ञ की सहायता से किसी स्थानीय समस्या का हल करने या अनुसंधान आधारित समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले शिक्षार्थियों की आयु 14-18 वर्ष होगी। उनका नौवीं से 11वीं कक्षा में अध्ययनरत होना अनिवार्य होगा। जाहिर है, अगर बच्चों और किशोरों के मनोविज्ञान की समझ रखने वाले विशेषज्ञों के सुचिंतित निर्देशन में सही दिशा में अवसर उपलब्ध कराए गए तो यह योजना विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता के आकाश को विस्तार देने के लिहाज से एक अहम पहल साबित हो सकती है। केवल जानने भर से कुछ नहीं होता। हमें उस पर काम भी करना पड़ता है। इसी तरह केवल सोचते रहने या इच्छाएं होने से कुछ हाथ नहीं आता। हमें उन चाहतों को पूरा करने की दिशा में भी कदम बढ़ाना होता है।

# मोबाइल की गिरफ्त से नौनिहालों को बचाना है

गूगल बॉय के नाम से पहचान बनाने वाले कौटिल्य पंडित, जो बहुत कम आयु के होते हुए भी अपनी एक विशेष पहचान रखते हैं। उनका कहना है कि मैं फोन बिल्कुल भी नहीं देखता हूं। कभी-कभी मनोरंजन के लिए मैं छोटी वीडियो बना लेता हूं। वह कहते हैं कि मैंने देखा है कि आजकल बहुत ही कम उम्र के बच्चे पूरा-पूरा दिन फोन पर लगे रहते हैं। जिससे उनके दिमाग और आंखों पर गहरा असर पड़ता है। वह बच्चों के माता-पिता से कहते हैं। कि बच्चों को फोन से हटाने के लिए इनसाइक्लोपीडिया खरीदें, जिस में अच्छी-अच्छी तस्वीर बनी होती हैं। कहीं गैलेक्सी की और कहीं स्टार की। इन तस्वीरों से बच्चे बहुत खुश होते हैं। आप सभी अपने बच्चों को फोन से बचा सकते हैं।


हरीश कुमार

फोन एक ऐसी चीज है जिसके बिना हमारी जिंदगी अब असंभव हो गई है। दिन भर हर व्यक्ति आजकल फोन पर ही लगा रहता है। दिन में कई घंटों तक रील देखना तो जैसे फैशन बन गया है। हमें देख हमारे बच्चों को भी धीरे-धीरे स्मार्टफोन की लत लगनी शुरू हो जाती है। बच्चों को स्मार्टफोन इतना ज्यादा पसंद आता है कि वह पूरा दिन उस पर ही चिपके रहते हैं। इसके चक्कर में बच्चे आउटडोर गेम्स तक भूल गए हैं। बच्चे अब खाना खाते हुए भी फोन चलाते हैं। अगर इस समय उनके हाथ से फोन छीन लिया जाए, तो वह खाना ही छोड़ देते हैं। लेकिन उन्हें फोन छोड़ना गवारा नहीं होता है।

प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ अल्वारो बिलबाओ ने अपनी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग योर चाइल्ड्स ब्रेन (understanding your child's brain) में बच्चों की मेंटल हेल्थ से जुड़े कई अहम खुलासा किया है। इस किताब में, जो बच्चे पूरा दिन फोन देखते रहते हैं, उनके बारे में कुछ चौंका देने वाली बातें कही गई हैं। जैसे जो बच्चे 6 साल से कम उम्र के हैं, अगर वह ज्यादा फोन देखते हैं, तो उनकी याददाश्त बहुत कम हो जाती है। उन बच्चों में चिड़चिड़ापन, मोटापा, डिप्रेशन, एंजायटी, अटेंशन डिफेक्ट डिसऑर्डर आदि की समस्या उत्पन्न हो जाती है। ऐसे बच्चों को हर छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आता है।



आजकल यदि कोई मेहमान घर आता है तो माता-पिता बड़े गर्व से बताते हैं कि देखो हमारा बच्चा कितना छोटा है और अभी से वह कितना कुछ सीख गया है। हमारे बच्चे को फेसबुक और इंस्टाग्राम तक चलाना आ जाता है। छोटे-छोटे बच्चो का रील बनाना तो आम बात हो गई है। एक सर्वे के मुताबिक हर 10 बच्चों के माता-पिता ने माना है कि हर दिन 4 से 5 घंटे उनका फोन उनके बच्चों के पास रहता है। वहीं अमेरिका की एक स्टडी के मुताबिक कम उम्र में बच्चों को मोबाइल फोन देना 800 सीसी की रेसिंग बाइक देने जैसा है। वहीं ज्यादा फोन देखने से 18 साल से कम उम्र के बच्चों का बौद्धिक विकास प्रभावित होता है, जिससे वह हिंसा को सामान्य मानने लगता है। ऐसे बच्चों का स्वभाव आक्रामक हो जाता है। आज के समय में औसत 6 साल से कम उम्र के बच्चों का 55 मिनट स्क्रीन वॉच पर गुज़रता है जबकि कुछ बच्चे तो लगभग दिन के 6-6 घंटे फोन के साथ ही लगे रहते हैं।

वैसे तो बच्चों में फोन देखने की समस्या गांव और शहर दोनों जगह है, परन्तु भारत के दूरदराज गांवों में बच्चों के पिता दिन में अपनी मेहनत मजदूरी करने के लिए घर से बाहर चले जाते हैं और मां भी अपने घर में साफ सफाई तथा अन्य कामों में व्यस्त रहने के कारण बच्चों को फोन लगा कर दे देती हैं। कम साक्षरता और कम जागरूकता के कारण वह इस बात में खुशी समझती हैं कि इससे हम घर का काम आसानी से निपटा लेंगी और बच्चे तंग भी नहीं करेंगे क्योंकि वह फोन में लगे रहेंगे। बाद में उन्हीं बच्चों में कई तरह के लक्षण महसूस होने लगते हैं। वैसे बच्चों का ज्यादा फोन देखना किसी एक स्थान की बात नहीं है। ऐसा आज के समय में हर तरफ हो रहा है।

गूगल बॉय के नाम से पहचान बनाने वाले कौटिल्य पंडित, जो बहुत कम आयु के होते हुए भी अपनी एक विशेष पहचान रखते हैं। उनका कहना है कि मैं फोन बिल्कुल भी नहीं देखता हूं। कभी-कभी मनोरंजन के लिए मैं छोटी वीडियो बना लेता हूं। वह कहते हैं कि मैंने देखा है कि आजकल बहुत ही कम उम्र के बच्चे पूरा-पूरा दिन फोन पर लगे रहते हैं। जिससे उनके दिमाग और आंखों पर गहरा असर पड़ता है। वह बच्चों के माता-पिता से कहते हैं। कि बच्चों को फोन से हटाने के लिए इनसाइक्लोपीडिया खरीदें, जिस में अच्छी-अच्छी तस्वीर बनी होती हैं। कहीं गैलेक्सी की और कहीं स्टार की। इन तस्वीरों से बच्चे बहुत खुश होते हैं। आप सभी अपने बच्चों को फोन से बचा सकते हैं।

जब आप अपने बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी से जोड़ेंगे तभी उनमें फोन देखने की लत धीरे धीरे छूटेगी। कौटिल्य सलाह देते हैं कि अगर बच्चा फोन देखे बिना खाना नहीं खा रहा है, फिर भी उसे फोन न दें। कुछ दिन की सख्ती के बाद उसकी आदत स्वयं बदलने लगेगी। इसके लिए वह उदाहरण देते हैं कि यदि बच्चा बीमार है और उसे इंजेक्शन की ज़रूरत है, तो क्या बच्चे को इंजेक्शन के डर से माता पिता उसे नहीं दिलाएंगे? कोई भी मां बाप खुद को सख्त बना कर बच्चे को इंजेक्शन दिलाएगा, क्योंकि यह उसके बच्चे के जीवन से जुड़ा है, ठीक इसी प्रकार फोन के मामले में सख्ती की ज़रूरत है।

इस गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए दिल्ली एम्स के डॉक्टरों ने बच्चों के माता-पिता को कई दिशा निर्देश दिए हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार तीन साल की उम्र तक मोबाइल और टीवी से बच्चों को दूर रखें। 6 साल की उम्र से पहले इंटरनेट का इस्तेमाल बच्चों को न करने दें। बच्चों को 9 साल की उम्र से पहले वीडियो गेम न खेलने दें। 12 साल से पहले सोशल मीडिया का इस्तेमाल बच्चों को न करने दें। परंतु वर्तमान स्थिति में इससे पूरी तरह विपरीत हो रहा है। आज 3 साल का बच्चा फोन का पूरी तरह मास्टरमाइंड बन चुका है। वह इतना फोन में व्यस्त हो चुका है कि उसे खाना मिले या न मिले, परंतु फोन जरूर मिलना चाहिए। यही फोन की लत बाद में बच्चे में कई समस्याओं को जन्म देती है। जिसके चलते आपने देखा होगा कि आजकल छोटे छोटे बच्चों को चश्मे लगे हैं। ऐसे में माता पिता की यह ज़िम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को इससे बचाएं, ताकि बच्चों का भविष्य रौशन हो सके। (चरखा फीचर)

# मैं भाइयों को बचपन से राखी बांधती आ रही हूं, यह साबित करने की जरूरत नहीं

इन दिनों ईशा देओल लगातार खबरों में हैं। एक तरफ उनकी फिल्म एक दुआ को हाल ही में नेशनल अवॉर्ड मिला है। वहीं, दूसरी तरफ वह अपने भाइयों सनी दओल और बॉबी के साथ रिश्ते को लेकर खबरों में हैं। गौरतलब है कि ईशा ने खासतौर से गदर 2 की स्क्रीनिंग रखवाई थी। इस दौरान ईशा देओल के साथ सनी और बॉबी देओल की तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हुईं। इस बीच खबर यह भी आई की राखी पर पहली बार सनी देओल अपनी बहन ईशा के घर जाएंगे। इस पूरे प्रकरण पर अब ईशा ने चुप्पी तोड़ी है।

अपनी सौतेली बहनों-ईशा और अहाना के साथ सनी और बॉबी देओल के रिश्तों में फैंस हमेशा दिलचस्पी लेते हैं। हाल ही में जब सभी भाई-बहनों की तस्वीरें वायरल हुईं तो फैंस भी खुशी से झूम उठे। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान ईशा से जब पूछा गया कि क्या अपने भाई के साथ अपने रिश्ते को सही ठहराने के लिए उन्हें अलग से प्रयास करने की जरूरत महसूस हुई? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, मैं इसे इस तरह नहीं देखती हूं। ईशा ने कहा,





ईमानदारी से कहूं तो यह तस्वीरें प्लानिंग के साथ वायरल नहीं हुईं। हम एक परिवार के रूप में हम बहुत निजी हैं। एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है कि मैं उन्हें राखी बांधूं या न बांधूं, इससे किसी और का लेना-देना नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि हम क्योंकि स्टार्स हैं तो लोग उस पल में दिलचस्पी लेना पसंद करते हैं। ईशा ने बताया, मैं अपने भाइयों को राखी बचपन से बांधती आ रही हूं और वह जारी है। लेकिन, हम यहां किसी को साबित करने के लिए नहीं हैं। गदर 2 की फोटो अचानक से वायरल हुईं। वह सुंदर पल था, हमने दर्शकों को और लोगों को इमोशनल होते देखा। लेकिन, हमारे परिवार में इस तरह की एक साथ वाली ढेर सारी फोटोज हैं। बता दें कि इससे पहले हेमा मालिनी ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था, हम यह सब देखकर बेहद खुश हैं, लेकिन हमारे लिए यह कुछ नया नहीं है। बॉबी और सनी घर आते रहते हैं। हालांकि, वह फोटोज शेयर नहीं करते और न ही इसे कहीं प्रचारित करते हैं। उनका स्वभाव इस तरह का नहीं है। हेमा से पहले धर्मेंद्र भी सभी बच्चों को साथ देखकर काफी भावुक नजर आए थे।

# मैं सितारों की तुलना में अधिक बुद्धिमान, बॉलीवुड से खुद को अलग मानते हैं विवेक अग्निहोत्री

फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री बेबाकी से अपने विचार व्यक्त करने के लिए मशहूर हैं। अक्सर वह बॉलीवुड फिल्म और उसके कलाकारों के प्रति अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। एक बार फिर विवेक ने हिंदी सिनेमा और उसके सितारों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड फिल्में अभिनेताओं के कारण बेवकूफी भरी लगती हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस बारे में बात की कि कई इन चीजों ने उनके करियर पर नकारात्मक प्रभाव डाला, जिसके कारण उन्हें इंडस्ट्री से मानसिक सेवानिवृत्ति पर विचार करना पड़ा। द कश्मीर फाइल्स के निर्देशक ने कहा, मैं इसे अहंकार से नहीं कह रहा हूं, बल्कि मैं सच कह रहा हूं। मुझे लगने लगा कि जिन स्टार्स के साथ मैं काम करता हूं, वे पढ़े-लिखे नहीं हैं और उन्हें दुनिया के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं उनसे कहीं अधिक बुद्धिमान हूं और मेरा विश्व दृष्टिकोण निश्चित रूप से उनसे बेहतर है तो उनकी मूर्खता मुझे नीचे खींच रही थी। वे इतने मूर्ख हैं कि वे आपको अपने साथ नीचे खींच लेते हैं। उन्होंने आगे कहा, च्भारतीय सिनेमा इतना मूर्ख क्यों है? बॉलीवुड फिल्में अपने सितारों की वजह से गूंगी हैं। सितारे इतने मूर्ख हैं कि वे हर निर्देशक और लेखक को मूर्ख बना देते हैं। वे मानते हैं कि दर्शक बहुत मूर्ख हैं। एक लेखक और निर्देशक के तौर पर मेरी फिल्म की कीमत फिल्म के स्टार के बराबर है। फिल्म कभी भी मेरी वजह से नहीं जानी



जाती, फिल्म हमेशा गूंगे अभिनेता की वजह से जानी जाती है, इसलिए मैंने मानसिक रूप से बॉलीवुड से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड दर्शकों को एक ही तरह की फिल्में पेश करता रहता है, केवल उन्हें और अधिक मसाला देकर। उन्होंने कहा, च्दर्शक बहुत बुद्धिमान हैं, यदि आप उन्हें बुद्धिमान सामग्री प्रदान करेंगे तो वे इसका उपभोग करेंगे। उदाहरण के लिए, एक किताबों की दुकान है, वे प्लेबॉय बेचते हैं और वे भगवद गीता भी बेचते हैं।

# वह एक कबूतरखाना है, जिसमें आपको डाल दिया जाता है : एआर रहमान



बॉलीवुड और ऑस्कर विजेता मशहूर संगीतकार ए आर रहमान के फैंस की कमी नहीं है। आज भी उनके गाने फैंस के दिलों पर राज करते हैं। हिंदी से लेकर तमिल सिनेमा तक अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरने वाले एआर रहमान किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। अब हाल ही में, सिंगर ने हॉलीवुड के काले सच का उजागर किया है और बताया है कि कैसे वह लोग बाहरी कलाकार के साथ बुरा व्यवहार करते हैं।

भारतीय संगीतकार एआर रहमान ने ऑस्कर जीत के साथ अपनी प्रतिभा साबित करने के बावजूद हॉलीवुड में अपनी निराशा व्यक्त की है। एआर रहमान ने कई बार अंतरराष्ट्रीय पहचान के साथ हमारे देश का गौरव बढ़ाया है। इतनी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के बावजूद, एआर रहमान हॉलीवुड में खुद को कमजोर महसूस करते हैं। तो चलिए जानते हैं कि इसके पीछे क्या कारण है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में एआर रहमान ने हॉलीवुड पर टिप्पणी करते हुए कहा, च्एक भारतीय संगीतकार के रूप में ऑस्कर जीतना और अन्य सभी चीजें हासिल करना आपको एक मुश्किल गड्ढे में डाल देता है। भारत में मैंने अपनी प्रतिभा जरूर दिखाई है, लेकिन हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाना बहुत कठिन है। वहां सभी स्थान पहले ही ले लिए गए हैं। एआर रहमान ने आगे कहा, च्आप यह समझ लीजिए कि यह एक कबूतर का पिंजरा है, जिसमें आपको डाल दिया गया है। आपको संघर्ष तो करना पड़ता है, लेकिन जल्दी लोग आपके काम का सम्मान नहीं करते हैं। वहां काम के सभी स्थान पहले ही लोगों को दे दिए जाते हैं और हमें सिर्फ अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। हर इंडस्ट्री में कोई न कोई परेशानी होती है, लेकिन हॉलीवुड में मैंने काफी दिक्कतों का सामना किया है। इस बीच एआर रहमान ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने कबूल किया कि उन्हें आर माधवन की रॉकेट्री- द नांबी इफेक्ट हॉलीवुड के क्रिस्टोफर नोलन की ओपेनहाइमर से ज्यादा और बेहतर पसंद आई है।

# अब एक फिल्म के 50 करोड़ रूपये लेंगे तारा सिंह फीस बढ़ोतरी पर सनी ने कही बात

सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदी पर हैं। उनकी फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने साढ़े चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया है, वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म 600 करोड़ क्लब में शामिल होने को तैयार है। इस बीच ऐसी खबरें आई हैं कि अपनी इस फिल्म की सफलता के बाद सनी देओल ने अपनी फीस बढ़ा दी है और अब वह 50 करोड़ रूपये चार्ज कर रहे हैं। इस पर खुद सनी देओल ने चुप्पी तोड़ी है।

इन दिनों गपशप गलियों में ऐसी खबरें है कि गदर 2 की सफलता के बाद सनी देओल ने अपनी फीस बढ़ा दी है और अब वह प्रति फिल्म 50 करोड़ रूपये चार्ज करेंगे। इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए हाल ही में सनी देओल ने कहा कि पैसे का मामला काफी निजी होता है और इस बारे में कुछ साझा नहीं करना चाहिए। सनी देओल ने आगे कहा कि वह फिलहाल सिर्फ गदर 2 की सफलता को एंजॉय कर रहे हैं। वह अपनी फीस के बारे में फैसला तब करेंगे, जब कोई नई फिल्म साइन करेंगे। अपनी फीस बढ़ाने को लेकर सनी देओल ने कहा कि वह अपनी कीमत जानते हैं और अपनी कीमत से कभी समझौता नहीं करते। सनी देओल ने आगे कहा कि परिवार उनकी सबसे बड़ी



संपत्ति है। बता दें कि गदर 2 11 अगस्त 2023 को रिलीज हुई। इसमें सनी देओल के अलावा अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर भी अहम रोल में हैं। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित गदर 2 का कुल कलेक्शन करीब 461.05 करोड़ रुपये हो गया है, वहीं शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक वर्ल्डवाइड फिल्म ने अब तक 593.2 करोड़ रूपये कमा लिए हैं। फिल्म च्गदर एक प्रेमकथाज् शुरू ही तारा सिंह के परिवार से होती है। अभिनेता प्रमोद माउथो फिल्म में तारा सिंह के पिता बने हैं।

## आमिर ने लाल सिंह चड्ढा की टीम के लिए रखी पार्टी

आमिर खान इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर हैं। आखिरी बार वह लाल सिंह चड्ढा में नजर आए थे। एक्टर की यह फिल्म रिलीज से पहले काफी ज्यादा चर्चा में थी, लेकिन रिलीज होने के बाद अपना जादू चलाने में नाकाम रही। फिल्म की असफलता के बाद मिस्टर परफेक्शनिस्ट ने ब्रेक का एलान कर दिया। फिलहाल वह किसी ऐसे प्रोजेक्ट की तलाश में हैं, जिसके साथ वह वापसी कर सकें। इस बीच खबर आ रही है कि आमिर ने लाल सिंह चड्ढा की पूरी टीम के साथ गेट-टूगेदर पार्टी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म को सिनेमाघरों में भले ही ज्यादा पसंद नहीं किया गया, लेकिन ओटीटी पर इसे अच्छी सफलता मिली और यह फिल्म के लिए एक महत्वपूर्ण पल रहा। कहा जा रहा है कि फिल्म की रिलीज को सालभर होने के मौके पर एक्टर ने पूरी टीम के लिए पार्टी का आयोजन किया। बता दें कि लाल सिंह चड्ढा बीते वर्ष 11 अगस्त को रिलीज हुई थी।

# सिंगर अरमान मलिक ने की लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से की सगाई





सिंगर अरमान मलिक और फैशन इन्फ्लुएंसर आशना श्रॉफ के डेटिंग की खबरें लंबे समय से सुर्खियों में थी। वहीं, अब अरमान मलिक ने लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ संग ड्रीमी अंदाज में सगाई कर ली है।

दोनों ने इस खास मौके की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिस पर टाइगर श्रॉफ, तारा सुतारिया, जरीन खान, रिया चक्रवर्ती, ईशान खट्टर से लेकर तमाम सेलेब्स रिएक्शन दे रहे हैं। 28 अगस्त 2023 को अरमान मलिक ने अपने इंस्टा हैंडल से अपनी सगाई की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में ऑफ-व्हाइट सूट पहने अरमान घुटनों के बल बैठकर आशना की उंगली में अंगूठी डालते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर, आशना अपनी सगाई की खुशी को रोक नहीं पाईं। आशना के लुक की बात करें, तो वह भी व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिस पर रेड कलर का फ्लोरल प्रिंट है। इन रोमांटिक तस्वीरों को देखते ही अरमान मलिक के तमाम दोस्त और सेलिब्रेटिज ने उन्हें शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। ईशान खट्टर ने लिखा, तुम दोनों को बहुत सारी बधाई। वहीं रिया चक्रवर्ती ने भी कपल को बधाई दी। इस कड़ी में ईशा गुप्ता, जरीन खान, नीति मोहन, तारा सुतारिया, अहाना कुमरा से लेकर टाइगर श्रॉफ जैसे सितारों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। बता दें, अरमान मलिक काफी पॉपुलर सिंगर हैं, जिन्होंने बोल दो ना जरा, वजह तुम हो, कौन तुझे, जय हो और नैना जैसे कई चार्टबस्टर गाने गाए हैं। वहीं, आशना श्रॉफ इंस्टाग्राम पर एक पॉपुलर फैशन, ट्रैवल ब्लॉगर और इन्फ्लुएंसर हैं। लोग उनकी स्टाइल को काफी पसंद करते हैं। बता दें, आशना को लगभग 1 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।



वाइट कलर के पैंट और सूट में दिखी मलाइका अरोरा

## द वैक्सीन वॉर देख एक साथ हंसने और रोने लगे आर माधवन

आर माधवन को हाल ही में उनकी फिल्म रॉकेट्री द नंबी इफेक्ट के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अब वह फिल्म द वैक्सीन वॉर से काफी प्रभावित हैं। विवेक अग्निहोत्री के जरिए निर्देशित द वैक्सीन वॉर फिल्म भारत की सफल कोविड-19 वैक्सीन तैयार करने की प्रक्रिया पर आधारित है। द वैक्सीन वॉर का प्रीमियर हाल ही में न्यूयॉर्क में हुआ और आर माधवन ने फिल्म की पहली समीक्षा साझा की। इंडिया फॉर ह्यूमैनिटी टूर के हिस्से के रूप में आयोजित विशेष स्क्रीनिंग में अभिनेता दर्शकों में मौजूद सितारों में से एक थे। आर माधवन ने फिल्म देखी और टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए एक लंबा नोट लिखने से खुद को नहीं रोक सके। उन्होंने साझा किया कि वह फिल्म से कैसे प्रभावित हुए। विवेक अग्निहोत्री को मास्टर स्टोरीटेलर कहते हुए आर माधवन ने बताया कि फिल्म देखने के दौरान उन्होंने खुशी मनाई, तालियां बजाईं और यहां तक कि रोए भी।

# मॉडलिंग के दौरान दीपिका ने देखा था ड्रीम वेडिंग का सपना

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण नवंबर 2018 में शादी के बंधन में बंधे थे। उनकी शादी इटली के लेक कोमो में विला डेल बालबियानेलो में हुई थी और उनकी शादी की तस्वीरें बिल्कुल ड्रीम वेडिंग जैसी थीं। उनकी शादी बहुत प्राइवेट थी, जिसमें उनके परिवार के लोग और दोस्त शामिल हुए थे। इस दौरान दीपिका का ब्राइडल लुक बेहद हिट रहा और इसे मशहूर फैशन डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन किया गया था। अब, 2019 से सब्यसाची और दीपिका के इंटरव्यू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें डिजाइनर को दीपवीर की शादी के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है। 2019 में एक साथ बातचीत में सब्यसाची ने कहा, दीपिका की शादी में जो खाना परोसा गया था, वैसा खाना मैंने पहले कभी नहीं खाया। रणवीर ने मुझे बताया कि वह कई बार खाना चखने गई थी। जिसपर दीपिका पादुकोण ने कहा कि उन्होंने 12 बार खाना चखा था। सब्यसाची ने आगे कहा, %और इसे बहुत अच्छी तरह से तैयार किया गया था। कार्यक्रम स्थल



बहुत अच्छा था और साथ ही यह शादी बहुत सुसंस्कृत थी। उन सभी के आसपास ऐसे लोग थे जो उनके लिए मायने रखते थे, जो उनके परिवार का हिस्सा थे और मुझे लगता है कि शादियों का आयोजन इसी तरह किया जाना चाहिए। इस बीच, डिजाइनर ने यह भी साझा किया कि दीपिका को पता था कि वह अपनी शादी में क्या चाहती हैं, उनके आउटफिट के रंग, गहने, फूल और स्थान से लेकर मेहमानों को परोसी जाने वाली दक्षिण भारतीय कॉफी तक। उन्होंने आगे कहा, वैसे, उन्होंने अपने सभी कैटरर्स को दक्षिण भारत से बुलाया था। कोंकणी शादी में दीपिका ने हाउस ऑफ अंगदी की ओर से अद्वया की कांजीवरम साड़ी पहनी थी। इस बीच, सिंधी शादी, मेहंदी और शादी के बाद के जश्न के लिए उन्होंने सब्यसाची की ड्रेस पहनीं। दीपिका ने कहा कि उन्हें पता था कि वह अपनी शादी के फंक्शन में सब्यसाची के आउटफिट पहनना चाहती हैं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अगली फिल्म सेक्शन 108 खूबसूरती से लिखी गई है

कार्तिक आर्यन हिंदी सिनेमा के उभरते हुए सितारे हैं। उन्होंने बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। पिछले साल आई अभिनेता की फिल्म भूल-भुलैया 2 ने धमाल मचा दिया था। फिल्म में उनकी एक्टिंग फैंस को काफी पसंद आई थी, जिसके बाद फैंस फिल्म के तीसरे पार्ट की मांग कर रहे थे। इस बीच भूल भुलैया 3 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खबर है कि इस फिल्म को रिलीज होने में अभी वक्त लगेगा क्योंकि अभी अनीस बज्मी इसे लिख रहे हैं। अनीस बज्मी वेलकम, रेडी और सिंह इज किंग जैसी कुछ अद्भुत फिल्में दी हैं। निर्देशक अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अगली फिल्म सेक्शन 108 पेश कर रहे हैं, जिसका टीजर हाल ही में मुंबई में जारी किया गया था। टीजर लॉन्च के मौके पर अनीस बज्मी ने भूल भुलैया 3 के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, भूल भुलैया 3 में समय लगेगा। हम अभी भी इसके लिखने की प्रक्रिया में हैं, इसलिए इस फिल्म को कर सकते हैं। लेकिन यह नहीं बताऊंगा कि यह कब रिलीज होगी। बता दें कि भूल भुलैया फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पहले दो भागों ने दर्शकों का इतना मनोरंजन किया कि तीसरे भाग के लिए सभी में उत्साह बहुत अधिक है। वहीं फिल्म सेक्शन 108 के बारे में उन्होंने



कहा, यह एक बहुत ही खूबसूरती से लिखी गई फिल्म है। मुझे फिल्म की कहानी बहुत पसंद आई और यही कारण है कि मैं इससे जुड़ा। यह एक बहुत ही मनोरंजक और दिलचस्प कहानी है। नवाजुद्दीन एक बहुत ही शानदार अभिनेता हैं और मुझे उनका काम पसंद है। इसलिए मैं उनके साथ काम करके खुश हूं। बता दें कि सेक्शन 108 का निर्देशन रशिक खान ने किया है। यह एक सस्पेंस ड्रामा है जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी और रेजिना कैसेंड्रा मुख्य भूमिका में हैं।

# आज शिक्षक-साहित्यकार डॉ. सीताराम शाक्य होंगे सम्मानित

■ शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर बुजुर्ग शिक्षक साहित्यकार को यही सच्ची गुरु दक्षिणा होगी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** साहित्यिक संस्था पहल द्वारा दिया जाने वाला स्वामी स्वरूप पाठक व बिहारी लाल रजनीश स्मृति शिक्षक साहित्यकार अलंकरण 2023 राजकीय इण्टर कालेज और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य रहे विद्वान साहित्यकार श्रद्धेय सीताराम शाक्य को दिया जाना सुनिश्चित हुआ है। 3 सितम्बर रविवार शाम 4 बजे चंद्रा जनरल स्टोर, सियाराम मार्केट के सामने मेन रोड निकट भर्थना चौराहा पर आयोजित होगा सम्मान समारोह। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष राजीव राज, महासचिव रौनक इटावी व कोषाध्यक्ष अनुराग असफल ने संयुक्त रूप से दी।

उन्होंने बताया किकाव्य गुंजन, काव्य कणिका, मृत्यु अभिशाप नहींऔर बुद्ध के अनमोल वचनजैसी पुस्तकों के प्रणेता 81 वर्षीय वयोवृद्ध शाक्य जी से पहले यह सम्मान स्व बिहारी लाल रजनीश, स्व.ओम प्रकाश दीक्षित, प्रेम बाबू प्रेम जी व हरिश्चंद गुप्ता जैसे वरिष्ठ साहित्यकारों को दिया जा चुका है। अपने तरह का अनूठी इस पहल में संस्था के सदस्य साहित्यकार के घर जाकर उन्हें सम्मानित करते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर प्रायः समाज उनके बहुमूल्य साहित्यिक/शैक्षिक योगदान को लगभग भुला चुका होता है, ऐसे में उनके पास जाकर उनके अनुभवों को, उनकी कविताओं को सुनना उन्हें उनके स्वर्णिम समय की यादों में वापस ले जाना होता है जो उनकी जिजीविषा को बढ़ाता है। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर बुजुर्ग शिक्षक साहित्यकार को यही सच्ची गुरु दक्षिणा होगी। तो आइए इस अनूठी पावन पहल का हिस्सा बनें।

## संपूर्ण समाधान दिवस
## डीएम और एसएसपी ने गोवर्धन में सुनी फरियाद

**मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने गोवर्धन ब्लॉक के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को जांच कर निस्तारण के लिए निर्देश दिये। प्राप्त सभी शिकायतों के संदर्भ में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ता के साथ साथ ससमय जांच कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। राजस्व और पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच करेगी और नियमानुसार शिकायतकर्ता को अवगत कराते हुए निस्तारण कराया जाये। तहसील महावन में 55 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# प्रो. शैलेंद्र का शिक्षक श्री अवार्ड के लिए हुआ चयन

■ -महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने प्राचार्य को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है

वहाज अली निहाल



**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन पूर्व राष्ट्रपति भारत सरकार के जन्मदिवस 5 सितंबर 2023 पर नई दिल्ली में आयोजित भारत नेपाल सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन में चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हेंवरा, इटावा के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा को शिक्षक श्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

प्रोफेसर शर्मा को यह अवार्ड शिक्षा एवं सेवा क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों एवं भारत नेपाल के मध्य समरसता बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए दिया गया है। कार्यालय सचिव लाल बहादुर ने बताया कि यह अवार्ड मुख्य अतिथि महामहिम नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति न्यायमूर्ति परमानंद झा, समारोह के अध्यक्ष तीर्थ सिंह रावत पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड, विशिष्ट अतिथि सुबोध कांत सहाय, पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा यह सम्मान प्रदान किया जाएगा जिसमें नेपाल राष्ट्र की टोपी, शॉल, अभिनंदन पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.ए.पी.सिंह ने बताया की शिक्षक श्री अवार्ड का चयन कर्म स्थल से विकास तक सेवा कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर सलाहकार बोर्ड सदस्यों द्वारा चयन किया गया है। शिक्षक श्री अवार्ड के साक्षी 22 राष्ट्रों के प्रतिनिधि होंगे जिनमें भारत, नेपाल, भूटान अफगानिस्तान अल्जीरिया अंगोला ऑस्ट्रिया कोरिया फिनलैंड फिनिश जर्मनी इराक इजरायल मैकडोनिया मोरक्को नीदरलैंड नाइजीरिया नॉर्वेजियन रोमानिया रॉयल टेनिस ट्यूनीशिया आदि राष्ट्र रहेंगे। सम्मानित प्रतिभाओं को नेपाल में 28 से 30 दिसंबर 2023 को आयोजित सार्क सदस्य राष्ट्रों के सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्रोफेसर शर्मा के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने प्राचार्य को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अमृत महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए किया मंथन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी, जिला मथुरा की पुष्पाजंली स्थित पार्टी कार्यालय पर आजादी के अमृत महोत्सव पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक को जिला प्रभारी विजय शिवहरे व क्षेत्रीय महामंत्री व अभियान के क्षेत्रीय संयोजक नगेन्द्र सिकरवार ने सम्बोधित किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 8 सितम्बर से मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू होगा, जिसमे 13 सितम्बर तक सभी ग्राम पंचायतों व नगर पंचायत, नगर पालिका के प्रत्येक घर के आंगन की एक चुटकी मिट्टी व एक चुटकी चावल एक कलश में एकत्रित किये जायेगें। प्रत्येक ग्राम पंचायत से एकत्रित की गई मिट्टी के कलश 14 सितम्बर को ब्लॉक पर एकत्रित किये जायेगें 28, 29 अक्टूबर तक यह सभी कलश लखनऊ तथा उसके बाद दिल्ली कर्तव्य पथ पर पहुचायें जायेगें, देश भर की पंचायतों की मिट्टी से दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बनेगी यह स्वतंत्रता एकता और अखण्डता मे योगदान देने वाले नायको को समर्पित आजादी का अमृत महोत्यय स्मारक होगा, इसके अलावा गाँवों में तालाबों के सरक्षण के मक्सद से उनके किनारे देश व कर्तव्य के लिए जान देने वाले शहीदों के नाम पर स्मारक भी बनायें जायेगें। इस दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विकसित भारत गुलामी की हर सोच से मुक्ति विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिको के अपने कर्तव्य पालन के पंचप्रण का आव्हान किया जाएगा, इसके अलावा अपने गाँव पंचायत और क्षेत्र धरती को बचाने के लिए 75 स्वदेशी पौधे लगायें जाएगें।

# तहसील ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

■ कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये,जिसमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर हुआ निस्तारित



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण भ्रमण पर जायें अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील ताखा में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थी रामदास पुत्र छोटेलाल निवासी चंद्रपुरा मौजा सरसई नावर तहसील ताखा ने शिकायत की प्रार्थी की खाता संख्या 2484 के अनुसार आवंटन प्रार्थी का नाम असंक्रमणीय भूमिधरी के रूप में दर्ज करवाये जाने की संबंध में, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

छेदीलाल पुत्र रामेश्वर दयाल, जोगिंदर पुत्र नाथूराम, दीपक कुमार पुत्र प्रेम सिंह, हेमराज सिंह पुत्र जयवीर सिंह ने शिकायत की ग्राम नगरिया यादवान में स्थित सार्वजनिक गली पर किए गए अवैध निर्माण को रुकवाये जाने के संबंध में, प्रार्थी के गांव नगरिया यादवान में स्थित सार्वजनिक गली जिस पर अवैध रूप से निर्माण करके रास्ता को बंद कर दिया है, विपक्षीगण द्वारा जब मना किया गया तो विपक्षीगण अहिवरन सिंह पुत्र दशरथ सिंह, दशरथ सिंह पुत्र महादेव निवासीगण नगरिया यादवान द्वारा झगड़ा किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। प्रार्थी सोवरन सिंह पुत्र जोधा सिंह निवासी तिरखी तिरलोकपुर तहसील ताखा प्रार्थी की भूमि पर जबरन अवैध कब्जा को रोके जाने के संबंध में, विपक्षी अनुज कुमार, अरुण कुमार पुत्र विक्रम सिंह व जयवीर सिंह व राजवीर शिवराज सिंह पुत्र मुलायम सिंह द्वारा जबरन गुंडई के वल पर प्रार्थी के द्वारा रोपाई की गई धान को उखाड़ दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को जांच कर Slightl4 की जाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला , उप जिलाधिकारी ताखा देवेंद्र पांडे, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.गीता राम , क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, तहसीलदार , लेखपाल, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ‘लंबी कूद’ प्रतियोगिता में राजकुमार व केके ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** बलदेव विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अकोस के गांव नगला संजा में जनचेतना सोशल वेलफ़ेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में %ब्रज लोक संस्कृति संरक्षण की एक पहल के लिये ओपन लांग जम्प (लंबी कूद) स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें हाथरस व मथुरा जनपद से प्रतिभागियों ने पहुंच कर 48 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

तीन राउंड में चली इस स्पर्धा में अकोस खेरा गावँ के राजकुमार, नगला जोरवल (गड़सौली) के के.के. तोमर ने 18.10 फीट लंबी छलांग लगाकर प्रथम विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि दूसरे नंबर पर सादाबाद के दगसह गांव के संदीप सिंह रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी विजेताओं को जनचेतना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से मास्टर विजेंद्र सिंह आर्य, कॉन्टेक्टर कर्मवीर सिंह छौंकर ,ग्राम प्रधान अकोस प्रतिनिधि रतन सिंह छौंकर द्वारा संयुक्त रूप से प्रथम 2 विजेताओं को 16-16 सौ रुपए व खेलो इंडिया की ट्राफी जबकि द्वितीय विजेता को 11सौ रुपये व ट्राफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गयी। इसी तरह संजीत नगला अकोस, यशवीर नगला संजा, नमन सराय, गोविंदा, रवि, विनीत चौधरी, हर्ष छौंकर, संजय कोयला , गोविंद सिंह सादाबाद, अजीत छौंकर, सत्यवीर सिंह, कृपेश छौंकर, अनिल, सनी, संदीप नगला अकोस आदि खिलाड़ियों ने भी 17 फीट से ऊपर लांग जम्प लगाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया जिन्हें संस्था की ओर से सांत्वना पुरुष्कार प्रदान किये गए।

प्रतियोगिता का संचालन दलवीर सिंह विद्रोही ने किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन में मा.रीतराम सिंह, विश्वेन्द्र सिंह %सरपंच% लव वर्मा, बबलू वर्मा, राजूपंडित, धीरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह चौटाला, सत्यप्रकाश छौंकर, रामवीर सिंह, मोनू सोनी, भूराखान, शकील, राजबीर सिंह आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# फर्जी पासपोर्ट के मामले में अदालत ने आरोपी अफगानी नागरिक को किया दोष मुक्त

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** फर्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में अदालत में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी अफ़ग़ानी नागरिक को दोष मुक्त कर तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत ने मामले में सही ढंग से विवेचना न करने के लिए मुकदमे के विवेचक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस अधीक्षक को भी निर्देशित किया है।यह फैसला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर दस अनीता ने शनिवार को सुनाया।मुकदमे के अभियोजन कहानी के अनुसार 2 फ़रवरी 2020 को फूलपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता माहुल मोड पर गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर आरोपी किरामत उल्ला अहमद जई पुत्र बाज मोहम्मद निवासी लोंगर सेंटर प्रोविंस लोंगर अफ़ग़ानिस्तान को गिरफ्तार किया। पुलिस का आरोप था कि यह अफ़ग़ानी नागरिक साहिबे आलम के साथ पहले देखा गया था।जिसे पुलिस ने कुछ दिन पूर्व फर्जी पासपोर्ट बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित कर दिया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफसे विवेचक कमला शंकर गिरी समेत कुल आठ गवाह अदालत में पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची कि आरोपी की किरामत उल्लाह के विरुद्ध फर्जी पासपोर्ट का बनाने अथवा रखने का पर्याप्त साक्ष्य मौजूद नहीं है। अदालत ने आरोपी किरामत उल्लाह अहमद जाई को दोष मुक्त करते हुए तत्काल रिहा करने आदेश दिया। वही विवेचना के दौरान की गई लापरवाही के लिए विवेचक कमला शंकर गिरी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक लखनऊ तथा पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को निर्देश दिया।

## प्रतियोगी छात्र ने फांसी लगाकर जान दी

**प्रयागराज।** दारागंज में एक प्रतियोगी छात्र ने शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने उसका मोबाइल कब्जे में ले लिया है। पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य एंगल पर जांच कर रही है। भदोही के पहाड़पुर गांव निवासी शिवपूजन पांडेय प्राइवेट नौकरी करते हैं। दो बेटों में छोटा मोनू पांडेय (20) बीए की पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के साथ ही वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये प्रयागराज आ गया और दारागंज में किराए पर रहता था। कमरे से ही वह ऑनलाइन कोचिंग कर रहा था। करीब 15 दिन पहले वह गांव से लौटा था। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह उसे नहाते हुए लॉज के लड़कों ने देखा था। इसके बाद वह कमरे में गया और फांसी लगा ली।

## अक्षय वट मार्ग पर दिखेगी पुराणों की महिमा

**प्रयागराज।** त्रिवेणी संगम के तट पर स्थित अक्षयवट का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को जल्द वहां जाने वाले मार्ग पर पुराणों की महिमा की छाप दिखेगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। अक्षयवट तक जाने वाले मार्ग पर उससे जुड़ी कथा, पुराणों के वर्णन को लैंड स्केप और मूर्तियों के जरिये सवांरने की जिम्मेदारी पीडीए ने एमईएस (मिलेट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज) को दी है। महाकुंभ 2025 के पहले अक्षयवट के आसपास भी बड़े स्तर पर संवारने की तैयारी चल रही है। सेना के इंजीनियर जल्द दी इसकी थीम को अंतिम रूप देने के लिए पीडीए के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके निर्माण में होने वाला खर्च प्रयागराज स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड के मद से सेना को दिया जाएगा। पीडीए के अधिकारियों के मुताबिक अक्षयवट के मार्ग को किस थीम पर तैयार कराया जाए, इसको लेकर लगभग अंतिम निर्णय हो चुका है। सेना के साथ इसी सप्ताह होने वाली बैठक में मुहर लग जाएगी। अभी तक लिए गए निर्णय के अनुसार अक्षयवट के इतिहास को रेखांकित किया जाएगा। इसमें लैंड स्केप, म्यूरल, स्कल्चर आदि को अक्षयवट जाने वाले मार्ग पर तैयार कराया जाएगा। इससे अक्षयवट का दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं की उसकी महिमा और उसके इतिहास के बारे में सही प्रकार से जानकारी हो सकेगी। इसके साथ ही प्रयागराज के महत्व को भी जाने वाले मार्ग की दीवारों पर रेखांकित किया जाएगा। त्रिवेणी पर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को अक्षयवट दर्शन करने के दौरान अलग अनुभव होगा। पूरा कार्य कुंभ के पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे कुंभ के दौरान इसको श्रद्धालुओं के लिए खोला जा सके।

# बकायेदार से नहीं वसूल पा रहे बिजली का बिल

अवधनामा संवाददाता

■ बिजली विभाग की फोन घुमाओ अभियान असफल



**प्रयागराज।** बिजली विभाग को 50 हजार से अधिक बकायेदार ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। उनके या तो फोन स्विच्ड ऑफ हैं या नंबर बदल गया है। अब बकाया वसूली के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी उनको ढूंढते थक गए हैं। ऐसे में बकायेदारों के चक्कर में फोन घुमाओ अभियान सफल नहीं हो पा रहा है। जिले में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कुल 4.15 लाख के बिजली के बकायेदार हैं। शहरी क्षेत्र में ही 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं पर विभाग के करोड़ों रुपये बकाया है। अन्य सभी बकायेदार ग्रामीण इलाकों के हैं। इन सभी बकायेदारों पर विभाग के 500 करोड़ रुपये से अधिक का बिल बकाया है। बकायेदारों में सबसे अधिक संख्या यमुनापार की है। ऐसे बकायेदारों से बिलों की वसूली के लिए यूपीपीसीएल ने फोन घुमाओ अभियान शुरू किया है। लेकिन, अब फोन घुमाने की जब बारी आई तो तमाम उपभोक्ताओं के फोन बंद पाए जाने पर बिजली विभाग के अभियंताओं के हालत खराब हो गई है। एमडी पंकज कुमार की ओर से जारी निर्देश के अनुसार मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी अपने-अपने स्तर पर 30-50 बकायेदारों से रोजाना संपर्क स्थापित करेंगे और उनसे बिजली बिल जमा कराने का आग्रह करेंगे। सूची पर नजर डालें तो सबसे दयनीय स्थित ग्रामीण उपभोक्ताओं की है, जबकि शहरी उपभोक्ता बिल जमा करने के मामले में कुछ हद तक ठीक हैं। मोबाइल नंबर गलत होने या फिर बंद होने में अधिकतर लोगों के कनेक्शन पुराने हैं। या फिर वह किराए का मकान छोड़कर दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं और इनका कनेक्शन बंद नहीं किया गया है। वहीं, सरकारी दफ्तरों व संस्थानों को भी करोड़ों रुपये बकाया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ओटीएस स्कीम के वक्त अच्छी संख्या में लोग बिल का भुगतान करते हैं।

## गौ तस्करों से तीन गौ वंश को बचाया प्रदेश सचिव सुभाष गौड़ ने

**मथुरा।** जन अर्धांगिनी फाउंडेशन द्वारा संचालित ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत देश के सभी राज्यों में गौ माताओं को बचाने और रक्षा करने में लगी है इसी प्रकार राजस्थान के नागपुर बौडर पर बीती रात एक गाड़ी की सूचना मिली प्रदेश सचिव सुभाष गौड़ को। सुभाष गौड़ ने जोधपुर टीम को सूचित किया और सारी टीम गौ माता की रक्षा के लिए निकल पड़ी। तथा सुभाष गौड़ ने राजस्थान के अन्य गौ रक्षको को भी सुचना दी और पुलिस प्रशासन को अगवत कराया। गाड़ी का नम्बर MH,04 CM 7278 था लोकेशन के हिसाब से गाड़ी को नागपुर बौडर पर पकड़ा इसमें एक व्यक्ति को पकड़ा लिया। और पुलिस प्रशासन को सौंपे दिया तथा गाड़ी में तीन गौ वंश थे जिसमें से एक गौ वंश की मौत हो गई।

# रौनक हेड बॉय, शिक्षा बनी हेड गर्ल



अवधनामा संवाददाता

■ डीपी पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्रों का अलंकरण समारोह

**प्रयागराज।** डीपी पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए छात्र पदाधिकारियों का गठन शनिवार को किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित अलंकरण समारोह में रौनक सागर को हेड बॉय और शिक्षा तिवारी को हेड गर्ल चुना गया। इसके अलावा अविरल तिवारी को स्कूल कप्तान, अनन्या तिवारी को स्कूल उपकप्तान, वैभव यश द्विवेदी को वाइस हैड बॉय, स्वाति सिंह को वाइस हैड गर्ल, ईशानी भट्टाचार्या को साहित्यिक कप्तान, मुस्कान सिंह को सांस्कृतिक कप्तान, सात्विक कृष्णा को हेड प्रीफेक्ट और भास्कर तिवारी को अनुशासन प्रभारी निर्वाचित किया गया। विश्वजीत को सुखदेव सदन, अनुज यादव को भगत सिंह सदन, आयुष सिंह को आजाद सदन और अमन पटेल को सुभाष सदन का कप्तान निर्वाचित किया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्या श्रुति अग्रवाल ने सभी सदस्यों को बैज पहनाकर अलंकृत किया नवनिर्वाचित छात्र परिषद को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रबन्धक अंकुर अग्रवाल, संयोजिका प्रियंका तिवारी, चारों सदन के कार्य प्रभारी और शारीरिक शिक्षा के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# बृह्मा जी की नगरी में आखिरी कुश्ती सवा लाख पर लड़ी

अवधनामा संवाददाता

■ बराबरी पर छूटी मल्ल विद्या बृज की शान ~ लक्ष्मी नारायण

■ समाजसेवी बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह सिसौदिया ने निजी खर्चे पर कराया विशाल कुश्ती दंगल

■ सैकडों पहलवानों ने बाजी मारकर जीती ईनाम, कुश्ती में उमडे दर्शक



**मथुरा।** मल्ल विद्या ब्रज की प्राचीन कला है। कुश्ती की शुरुआत ब्रज में भगवान श्रीकृष्ण के भाई बलदाऊ महाराज ने की थी। उन्होंने कंस के मल्लो के साथ कुश्ती लडी थी। तभी से इस विद्या की परंपरा शुरु हुई। ये विचार कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायन ने व्यक्त किए। वो शुक्रवार को बृह्मा जी की नगरी में समाजसेवी ठाकुर बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह सिसौदिया द्वारा अपने निजी खर्चे पर कराये गए कुश्ती दंगल को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह सिसौदिया द्वारा ये साहस भरा कार्य विगत कई वर्षो से रक्षाबंधन के दूसरे दिन कराया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य है। इससे पहलवानों को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होने कहा कि पूरे विश्व मे बृह्मा जी के दो ही मंदिर हैं एक पुष्कर राजस्थान में, दूसरा चौमुहां में। यहां बृह्मा जी की तपोस्थली है। यह स्थान अत्यंत दिव्य है। समाजसेवी ठाकुर बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह सिसौदिया ने कहा कि पहलवानों के उत्साह एवं कस्बा की परंपरा बनाये रखने के लिए वो विगत कई सालों से अपने निजी खर्चे से कुश्ती दंगल का आयोजन कराते हैं। इसमें कई राज्यों के नामी गिरामी सैकडों पहलवान भाग लेते हैं। कुश्ती में महिला पहलवान भी आते हैं। पूरे विश्व में ब्रज को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली, कर्मस्थली के साथ कुश्ती दंगल के लिए भी जाना जाता है। यहां गांव-गांव में अखाडे संचालित होते है। पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर पातीराम सिसौदिया ने कहा कि दंगल ब्रज की आन, बान, शान और पहचान है। कुश्ती का जन्म बृज से ही हुआ है। ऐसी कलाओं से व्यायाम स्वतः होता है। और प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका मिलता है। कुश्ती दंगल 200 रुपये से शुरु होकर सवा लाख रुपये पर आखिरी कुश्ती बृज केसरी विक्रम पहलवान जानू एवं भारत केसरी हरिकेश सादाबाद के बीच हुई जो तय समय दस मिनट में बराबरी पर छूटी। दोनो पहलवानों को 21-21 हजार रुपये देकर प्रोत्साहित किया गया। दंगल में भारी संख्या में दर्शक उमडे और आखिरी कुश्ती तक लोग डटे रहे। सैकडों पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाकर ईनाम बटोरी, लोग टकटकी लगाए कुश्ती दंगल देखते रहे। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस को भी काफी कसरत करनी पडी। दंगल आयोजक ठाकुर बिहारी लाल उर्फ पूरन सिंह सिसौदिया द्वारा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं प्रतिनिधि नरदेव चौधरी का चांदी का पहनाकर जोशीला स्वागत किया गया। तथा सभी अतिथियों एवं खलीफाओं दंगल कमेटी ने स्वाफा, पगडी बांधकर स्वागत किया।

रैफरी की भूमिका पूर्व चेयरमैन पाल सिंह यादव, भगवान सिंह फौजी, रामजी लाल पहलवान, देवेन्द्र पहलवान, गुडडू पहलवान द्वारा की गई। दंगल में पूर्व ब्लाक प्रमुख ठाकुर पातीराम सिसौदिया, पूर्व चेयरमैन पाल सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन ओंकार सिंह सिसौदिया, चौधरी राजबीर सिंह, मनोज सिसौदिया, डा, एन.आर.राजपूत, ज्वाला ताऊ, सुरेश मेंबर, कैलाश मेंबर, गिर्राज सिंह, राजवीर सिंह, बीरी सिंह, पप्पू, केदार सिंह,महेश, देवेन्द्र, मनोज, प्रमोद सिंह सत्तो लंबरदार, विष्णु पहलवान, गुडडू पहलवान, ज्ञानेन्द्र, इन्द्रजीत सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# अनुपयोगी गोवंशों को खुले में न छोड़े गोपालक, गौशालाओं में करें दानः डीएम

- नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का लाभ उठाएं किसानः डीएम
- गोटरी फॉर्म के लिए आये 165 आवेदन, प्राथमिकता पर मिलेगा लोन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में देर सायं विकास भवन स्थित गांधी सभागार में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने गोटरी फॉर्म, गौशाला एवं लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में विशेष रूप से बुलाये गए बकरीपालकों से संवाद कर उन्हें वैज्ञानिक विधि से बकरीपालन करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गोटरी उत्पादों की भारी डिमांड है, अभी महज 20 फीसदी मांग की आपूर्ति ही स्थानीय बकरीपालक कर पा रहे हैं। अधिकांश बकरियों का आयात राजस्थान से किया जाता है। बकरीपालकों ने बैंक से लोन मिलने में आ रही कतिपय समस्याओं का जिक्र किया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को अपनी उपस्थिति में बैंक प्रतिनिधि एवं बकरीपालकों को आमने सामने बैठाकर लोन दिलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गोटरी फॉर्म के लिए लोन एवं प्रशिक्षण प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाएगा। अभी तक 165 लोगों ने पशुपालन विभाग के पास गोटरी फॉर्म स्थापित करने के लिए आवेदन किया है। जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों, हाईवे, खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंश के हॉटस्पॉट चिन्हित कर 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर संरक्षित करने का निर्देश दिया। उन्होंने गोपालको से भी अनुरोध किया कि वे अनुपयोगी गोवंशों को निकटवर्ती गौशाला में दान करें। उन्हें यूं ही खुले में न छोड़े। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों को सेंटर आफ एक्सीलेंस में बदलने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में एयर पंप बेस्ड जनसेट का निर्माण, बायोगैस जेनरेशन, बायोफर्टिलाइजर सहित विभिन्न नवोन्मेषपरक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे ये आत्मनिर्भर बनने के साथ ही लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने सर्वप्रथम पिपराचन्द्रभान स्थित बृहत गौ- आश्रय स्थल को विकसित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नंदिनी कृषक समृद्धि योजना को प्रोत्साहन देने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को देशी नस्ल की 25 गाय उपलब्ध कराई जाएगी। इन 25 गायों का सरकार द्वारा बीमा कराया जाएगा। नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के माध्यम से राज्य में देसी नस्ल की गायों को बढ़ावा मिलेगा।

## राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में माह सितंबर 2023 में मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार माह सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में छठा राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2023 तक चलाया जायेगा। पोषण अभियान कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पूरे प्रदेश में पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों यथा गर्भावस्था शैशवावस्था बचपन व किशोरावस्था में पोषण के संबंध में जन जागरूकता लाने हेतु प्रचार प्रसार तथा जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य थीम सुपोषित भारत साक्षर भारत, सशक्त भारत है। पोषण अभियान के प्रभावशाली क्रियान्वयन हेतु जन आन्दोलन और सामुदायिक भागीदारी से सम्पन्न कराया जायेगा।

# शिकायतों का समय से किया जाए निस्तारणः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा पर नियमित निगरानी रखें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता में कोई कमी नही रहनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सैमरी निवासी जगदीप सिंह ने कुछ लोंगो द्वारा ग्राम के चकरोड की जमीन पर अपने खेत में मिलाये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को मौके पर ही समाधान दिवस के बाद जाकर पैमाइश कर समस्या का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नरेश कुमार निवासी गुलाब नगर को स्थायी विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने के प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीओ विद्युत को दो दिनों के अंदर विद्युत करनेक्शन दिये जाने के निर्देश दिये। स्टेशन रोड छावनी क्षेत्र निवासी एक फरियादी द्वारा उसकी दुकान के पास अन्य दुकान बनाकर रास्ता अवरूद्ध करने तथा मना करने पर अपशब्द का प्रयोग करने की शिकायत पर एसएचओ कोतवाली को मामले की जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता नगरीय के तहसील दिवस में उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

# प्रथम प्रयास में रतनजीत ने सिविल जज जूनियर डिवीजन में चयनित

अवधनामा ब्यूरो



रतनजित की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** पडरौना नगर पालिका परिषद के साहेबगंज दक्षिणी निवासी बृज नारायण प्रसाद जयसवाल के सुपुत्र रतनजीत जयसवाल ने उत्तर प्रदेश पीसीएस जे सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा को प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर 146 स्थान पर चयनित होकर जनपद का नाम रोशन किया गया। इनके चयन से परिवार सहित नगरवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

रतनजीत हाईस्कूल की परीक्षा 2010 में सीबीएसई बोर्ड तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 2012 में बिहार बोर्ड से अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण कर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 2014-2019 में स्नातक एवं एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण किए। उसके बाद वही तैयारी में लग गए तथा कोरोना काल मे घर आकर पढ़ाई जारी रखी और पहले प्रयास में ही सफलता प्राप्त किया। इनके चयन से इनकी माता उषा देवी एवं पिता काफी आह्लादित है। चयन पर विधायक मनीष जयसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष विनय जयसवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा सावित्री जयसवाल, प्रदीप जयसवाल, विशाल जयसवाल, मनीष जयसवाल, कृष्ण, विजय, रंजीत, राजेंद्र, दुर्गेश, अंजनी, रेनू, दीपा, ओम, गिरजेश, राकेश सिंह, कमल शंकर पांडेय, अनुपम मिश्र, विवेक यादव, अविनाश, अरमान, दीपक, टीबी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

## मायके से आने पर पति ने पत्नी के साथ की मारपीट

अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज फर्रूखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली निवासिनी उषा देवी पत्नी मुकेश कुमार शर्मा ने पुलिस को लिखित तहरीर दी कि पति आए दिन मेरे साथ मारपीट किया करते हैं रक्षाबंधन पर अपने मायके हरपालपुर गई हुई थी। शुक्रवार कि शाम अपने भाई के साथ वापस आई तो पति ने उस के साथ मारपीट की जिससे महिला के काफी चोट के निशान दिखाई दे रहे थे जबकि उसके दो पुत्र एक पुत्री है उसका पति मुकेश कुमार शाम को अपने बच्चों एवं पत्नी को घर से बाहर निकाल देता है और घर की कुंडी बंद करके आराम से सोता है पत्नी और बच्चे चाहे जहां जाए उसे कोई मतलब नहीं रहता है जब कभी शराब पीता है और शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट किया करता है पत्नी ने मजबूर होकर शनिवार को अपने भाई रामू पुत्र राम लखन निवासी हरपालपुर थाना हरपालपुर के साथ इस बात की शिकायत पुलिस स की पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में संपन्न हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भाषा विश्विद्यालय में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में बी.टेक प्रथम वर्ष के नवागंतुक छात्रों के लिए चल रहा 10 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम आज सफ़लतापूर्वक संपन्न हो गया। 21 अगस्त से प्रारंभ हुए इस प्रोग्राम का संचालन इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी के निर्देशन में डॉ शान ए फातिमा, डॉ साइमा अलीम, डॉ निधि सोनकर और डॉ सैयद असगर हुसैन रिज़वी द्वारा संपन्न कराया गया।

इस दस दिनों के इंडक्शन कार्यक्रम में बी टेक में प्रवेश लिए नवागंतुक छात्र छात्राओं को प्रत्येक विषय अध्यक्ष द्वारा हर विषय की मूलभूत जानकारी दी गई, छात्रों को कैंपस भ्रमण, लैब्स, लाइब्रेरी, जिम्नेशियम, छात्रावास इत्यादि से रूबरू कराया गया। संकाय से हटकर अन्य संकाय के प्रोफेसर्स जैसे कि डॉ दुआ नकवी, मैनेजमेंट विभाग, डॉ रूचिता सुजाए, मास कॉम इत्यादि ने भी हमारे बच्चों के साथ बातचीत की, उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि खेल प्रतियोगिताएं, समूह संवाद, क्विज अनेकानेक गतिविधियों का भी छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। कुल मक़सद अनेक प्रांतों से आए छात्र छात्राओं को विश्विद्यालय के नियमों से अवगत कराने के साथ ही साथ छात्रों को एक घर जैसा माहौल देने की कोशिश रही जिससे नवागंतुकों को यहां एडजस्ट होने में शुरुआत से ही कोई कठिनाई न हो। कुल मिलाकर ये इंडक्शन कार्यक्रम सभी छात्रों के लिए अत्यंत ही मनोरंजक और महत्वपूर्ण रहा। 1 सितंबर को निदेशक प्रो त्रिवेदी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही साथ दिनांक 2 सितंबर से रेगुलर कक्षाओं की शुरुआत की घोषणा के साथ इस कार्यक्रम का समापन समारोह सफ़लतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी छात्र छात्राओं ने इन दस दिनों का अपना अपना अनुभव साझा किया और फीडबैक फ़ॉर्म भी भरे। बताते चलें की एकेटीयू से काउंसलिंग में विलंब के कारण विश्विद्यालय में अभी प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

# खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा ब्लॉक बड़ोखर खुर्द के पूर्व बीईओ अनुराग मिश्रा का विदाई समारोह शनिवार को नगर संसाधन केंद्र कार्यालय में आयोजित किया। मंडल अध्यक्ष डाक्टर शिव प्रकाश सिंह व जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने माल्यार्पण कर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया। उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा ने बीईओ की पत्नी का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि पूर्व बीईओ अनुराग मिश्रा बेहद सरल और हंसमुख स्वभाव के हैं। उन्होंने विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान कभी भी अधिकारी होने का एहसास शिक्षकों को नहीं होने दिया। हमेशा सपोर्टिव सुपरविजन किया। शिक्षकों की समस्त समस्याओं को ससमय निस्तारित किया। उनके जाने से बड़ोखर ब्लाक के समस्त शिक्षकों में उदासी है। सभी शिक्षकों का मानना है कि ऐसे बीईओ अभी तक के कार्यकाल में हम लोगों को न ही मिले हैं और न ही मिलने की उम्मीद है। विदाई समारोह में डायट प्रवक्ता डा. रवि चौरसिया, मंडल अध्यक्ष डा. शिव प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज सिंह, संगठन मंत्री संतोष कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष सुधींद्र बाबू दीक्षित, अन्नपूर्णा शुक्ला, अजीत सिंह, अरूण साहू, अमरपाल सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नहीं सुनी तो कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

- छात्रा को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर मुहल्ले में रहने वाली कक्षा दस की छात्रा को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने जब रिश्तेदारों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया।

कोर्ट ने छात्रा के मामा समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर मुहल्ला निवासी नासरा बेगम ने अपने अधिवक्ता मो. आसिफएडवोकेट के जरिये कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें बताया गया कि उसके पति विदेश में रहकर मजदूरी करते हैं। अस्ती में रहने वाले अपने सगे भाई उस्मान को जेल रोड स्थित एक प्लाट खरीदने के लिए छह लाख चालीस हजार रूपये दिये थे। भाई ने प्लाट नहीं दिखाया। जब उससे बैनामा कराने की बात की गई तो टाल-मटोल करने लगा। जब दबाव बनाया तो पैसा भी वापस नहीं किया। इस मामले को लेकर बारह फरवरी को एसपी से शिकायत दर्ज कराई। तत्पश्चात न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट में वाद भी दायर किया। जिसमें न्यायालय ने परिवार के रूप में पंजीकृत करने का आदेश दिया और बयान की कार्रवाई प्रारंभ की। जिसमें उसकी पुत्री साजिया बानो ने भी अपने बयान दर्ज कराये।

इस बात से उसका भाई उस्मान, बहन शहनाज, बहनोई रियाज शाह नाराज हो गये और जान से मारने की धमकी देने लगे। उसकी कक्षा दस में पढ़ने वाली पुत्री साजिया को स्कूल आते-जाते मानसिक व फोन कर प्रताड़ित भी करने लगे। जिससे पुत्री मानसिक तनाव में रहने लगी। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 28 फरवरी को वह पति के साथ कृषि कार्य हेतु भलेवा गांव गई थी। पुत्री साजिया व पुत्र घर पर अकेले थे। भाई, बहन व बहनोई से प्रताड़ित होकर पुत्री ने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की सुनवाई करते हुए विद्वान न्यायाधीश ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में भाई, बहन व बहनोई के ऊपर मुकदमा दर्ज करने का पुलिस को आदेश दिया है। न्यायालय का आदेश होने के बावजूद एक माह बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिससे पीड़ित पक्ष बेहद आहत है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने का मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है।

# सीसी मार्ग का सदर विधायक ने किया उद्घाटन



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बसोहनी गांव से निकले मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शनिवार को समाजवादी पार्टी के सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने विधि-विधानपूर्वक उद्घाटन किया। इस मार्ग से बन जाने से अब कई गांव के लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। आजादी के बाद पहली बार इस मार्ग का निर्माण हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने बेहद खुशी का इजहार करते हुए सदर विधायक का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने बताया कि विधायक निधि से 350 लीटर लंबे इस मार्ग का 22 लाख रूपये की लागत से निर्माण कराया गया है। इस सीसी मार्ग के बन जाने से बसोहनी गांव से बीसापुर, चंदीपुर, भदार, तारापुर समेत आदि गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होने बताया कि चुनाव के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने इस मार्ग को बनवाये जाने की आवाज उठाई थी। जिसको पूरा कर दिया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में राम सिंह पटेल, शैलेंद्र तिवारी, अंकित दीक्षित, अनंत तिवारी, रईस खान, पुत्तन लोधी, सनी लोधी, मनोज लोधी, ज्ञान बच्चा, राम लोधी, राम बाबू प्रधान बसोहनी, संजीव साहू, रामनरेश पाल, मुख्तार खान, संतोष पटेल भी मौजूद रहे।

# छोटे बच्चों के भविष्य के साथ कर रहे अध्यापक खिलवाड़

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज सदर तहसील परिसर में अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन जताया आक्रोश सौपा ज्ञापन। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत- मारकुण्डी के रहने वाले हैं तथा हम प्रार्थीगण के बच्चे कम्पोजिट विद्यालय- चकरिया में पढते है।

उक्त विद्यालय में अध्यापनरत अध्यापिकाओं द्वारा हम बच्चों के पठन-पाठन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे बच्चों को शैक्षिक एवं बौद्धिक खर निम्न स्तर पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं सम्बन्धित अध्यापिकाएं विद्यालय समय से नहीं आती है, जिससे हम प्रार्थीगण के बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। बीते 01.09.2023 को प्रार्थीगण के बच्चे जब कम्पोजिट विद्यालय- चकरिया प्रथम पहुंचे, तो विद्यालय का ताला बन्द था, उस वक्त लगभग 08:30 बज रहा था। इस दरम्यान हम प्रार्थीगण बच्चों से पूछा कि विद्यालय खुलने का समय क्या है, तो सारे बच्चों ने एक स्वर में कहा कि साढ़े आठ बजे, जबकि विद्यालय खुलने का समय 08 बजे निर्धारित है, परन्तु सम्बन्धित अध्यापिकाओं द्वारा जानबूझकर बच्चों को गलत समय बताया गया है, जिससे लेटलतीफ होने पर हम निर्धन प्रार्थीगण सम्बन्धित अध्यापिकाओं व व्यवस्था के खिलाफ आवाज न उठा सकें। जब अध्यापिकाए विद्यालय में ससमय निर्धारित समयानुसार अध्यापन कार्य सम्पादित कराना सुनिश्चित नहीं करेंगी तो हम प्रार्थीगण के नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। एक ओर जहां शासन द्वारा बुनियादी शिक्षा को बेतहर बनाये जाने को लेकर नित-नव-नूतन योजनाओं का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जा रहा है।

वहीं ऐसी अध्यापिकाएं शासन के मंशा के विपरीत कार्य कर रही हैं, जिससे आम जनमानस में शासन की छवि धूमिल हो रही है और हम प्रार्थीगण के नौनिहालों के मूलभूत अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जो हम प्रार्थीगण के साथ सरासर अन्याय है। ऐसी दशा में ग्राम पंचायत अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय- चकरिया प्रथम में सम्बन्धित अध्यापिकाओं के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना है।

# जन शिकायतों का समय से किया जाये निस्तारणः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**खागा/फतेहपुर।** सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी श्रुति ने तहसील में जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने के पश्चात गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुंचाने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस में प्राप्त 142 प्रार्थना पत्रों में से आठ प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आईजी आरएस, तहसील दिवस तथा अन्य किसी माध्यम प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतें किसी भी दशा में डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आनी चाहिए अन्यथा की दशा में विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# डिफाल्टर, असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त शिकायतों पर सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर होगी दण्डात्मक कार्यवाहीः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** सरकारी अधिकारी, कर्मचारी आमजन को राहत प्रदान करने की दिशा में कार्य करें, आमजन का शोषण करने वाले प्रत्येक दशा में दंडित होंगे, अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर संचालित लाभार्थीपरक, जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं, प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिले, कोई भी अपात्र व्यक्ति लाभान्वित न हो सुनिश्चित किया जाए, भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर जाकर समस्या का निदान करायें, मौके पर उपस्थित दोनों पक्षों के साथ-साथ 02 अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों से कृत कार्यवाही पर हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करें, दबंगई, गुंडई, शासकीय कार्य में व्यवधान डालने वाले व्यक्तियों को भारी मुचलके में पाबन्द किया जाए, संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारी समयबद्ध, गुणवत्तापरक निस्तारण करें, निस्तारण अख्या अपलोड करने से पूर्व शिकायतकर्ता से अवश्य बात करें, फरियादी के संतुष्ट होने के उपरांत ही निस्तारण आख्या ऑनलाइन अपलोड की जाए, शासन स्तर से किसी भी दशा में किसी भी शिकायती प्रार्थना पत्र पर असंतुष्ट फीडबैक न मिले, सुनिश्चित हो।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील करहल में जन शिकायतें सुनने के उपरांत उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहे, कोई भी प्राप्त शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में न हो, सभी शिकायतों का समय से निदान कर फरियादी को राहत प्रदान की जाए, किसी भी विभाग में कोई शिकायती प्रार्थना पत्र बेवजह लंबित न रखा जाए, यदि शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में न हो सके तो विस्तृत टिप्पणी अंकित कर शिकायत को वापस किया जाए।

उन्होंने गत संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायतकर्ताओं के दूरभाष पर फोन कर फीडबैक लिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार करहल, जिला कृषि अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि तहसील करहल क्षेत्र के अंतर्गत नदियों में जल स्तर बढ़ने के कारण कुछ क्षेत्र के किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है, जल-भराव के कारण नुकसान हुयी फसलों का तत्काल आकलन कराकर पीड़ित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उन्होने कहा कि कहीं भी सरकारी भूमि यथा तालाब, चकरोड, चारागाह, शमशान, खाद के गड्ढों पर अनाधिकृत कब्जा न रहे, जहां भी सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जे हैं, उन्हें तत्काल अभियान चलाकर हटवाया जाए।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी संघ ने किया विरोध प्रदर्शन



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** छपका उप केंद्र पर शनिवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सांकेतिक धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन कर संविदा कर्मचारियों ने बुलंद की आवाज। वही ज्योति कुमार जिला अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर जिले भर के उप केंद्रों पर अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते हुए सुबह 9 से शाम 5 तक कार्य किया जा रहा है वहीं श्री अध्यक्ष ने बताया कि संघ जिला कमेटी सोनभद्र द्वारा जिले में दुर्घटनाग्रस्त संविदा कर्मियों को तत्काल मुआवजा दिया जाए, जिले में जिन संविदा कर्मियों का वेतन रोका गया है उन्हें तत्काल दिया जाए कुशल से कुशल किए गए संविदा कर्मियों को वापस कुशल पर किया जाए सुरक्षा को देखते हुए हर उप केंद्र पर संपूर्ण सुरक्षा उपकरण दिया जाए जिले में कार्यरत हर संविदा कर्मियों को विभाग द्वारा आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाए। संविदा कर्मियों की निम्न मांगों को लेकर जिले के अधीक्षण अभियंता को मांग पत्र पहले भी दिया जा चुका है पर विभाग द्वारा किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया आज मजबूर होकर संगठन के बैनर तले हर उप केंद्र पर धरने का कार्यक्रम किया गया।

# कभी अमेरिका में हुए थे नस्लीय भेदभाव के शिकार फुमियो किशिदा की मेजबानी को तैयार है भारत

**नई दिल्ली।** भारत इस साल त्20 की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन में दुनियाभर के 40 से ज्यादा देश और उन देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की राजधानी दिल्ली में इस भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 9-10 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। भारत में इसकी तैयारी जोरशोर से की जा रही है। अलग-अलग देशों के कई दिग्गज राष्ट्राध्यक्षों की मेहमान नवाजी के लिए भारत तैयार है। G20 के इस अध्यक्षता की वजह से भारत को लेकर कहा जा रहा है कि इससे देश को भविष्य में काफी फायदा मिलने वाला है। इस सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत कई दिग्गज भारत के सरजमीं पर कदम रखने वाले हैं जिसके लिए भारत पूरी गर्मजोशी से वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा के साथ त्20 के

**कदम**

**इस सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पहली बार भारत की जमीन पर कदम रखने वाले हैं।**

इस सम्मेलन में सभी मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार है। इस सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पहली बार भारत की जमीन पर कदम रखने वाले हैं। यह अपनेआप में एक ऐतिहासिक पल होने वाला है। इस पल का भारत को बेसब्री से इंतज़ार है जब राष्ट्रपति बाइडेन राजधानी दिल्ली पहुचेंगे और पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे। वहीं इन सभी मेहमानों के लिस्ट में शामिल हैं जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा। जापान के प्रधानमंत्री का इसी साल यह दूसरा भारत दौरा है।




इससे पहले मार्च 2023 को पीएम किशिदा भारत के दौरे पर आए थे। मार्च के दौरे के बाद फुमियो किशिदा के भारत के इस दूसरे दौरे को लेकर भारत बहुत ही आशावान है। पीएम फुमियो किशिदा जब छह साल के थे तब अपने पिता के काम के कारण अपने परिवार के साथ न्यूयॉर्क गए थे। किशिदा क्वींस के एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई की जहां उन्हें जापानी होने के कारण कई बार ताना मारा गया। जब भी वह बाथरूम जाया करते तो बच्चे उनपर चिल्लाते थे और वह अक्सर भेदभावपूर्ण टिप्पणियों के शिकार बना करते थे। एक शो में पीएम किशिदा ने उन दिनों को याद करते हुए कहा था कि अमेरिका में उन अनुभवों ने उनके अंदर न्याय की मजबूत भावना पैदा की। उनका मानना है कि यही उनके राजनेता बनने की चाहत का शुरुआती बिंदु था। अमेरिका में अपनी कठिनाइयों भरे दिन के बावजूद भी किशिदा इस बात के कायलथे कि अमेरिका कितना खुला और स्वतंत्र है।

## जेल में काटे 580 दिन, तीसरी बार बने ब्राजील के राष्ट्रपति; भारत आ रहे कौन हैं लूला डी सिल्वा?

**नई दिल्ली।** जी-20 का आगाज राजधानी दिल्ली में होने वाला है। 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति से लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री समेत दुनिया के अलग-अलग देशों के कई टॉप नेता शामिल होने वाले हैं। भारत भी गर्मजोशी से इनके स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत का पहली बार दौरा करने वाले राष्ट्रपतियों की लिस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला डा सिल्वा का नाम शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडन पहली बार भारत दौरे पर आ रहे हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान में बताया कि 7 सितंबर को वह दिल्ली पहुंचेंगे और अगले दिन यानी 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वहीं, रिकॉर्ड तीसरी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बनने के बाद लूला भी पहली बार भारत का दौरा करेंगे।

## सुप्रीम कोट से ब्रॉडवेल क्रिश्चियन हॉस्पिटल सोसाइटी के अध्यक्ष को राहत, धर्म परिवर्तन मामले में कार्रवाई पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित जबरन धर्म परिवर्तन के एक मामले में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में ब्रॉडवेल क्रिश्चियन हॉस्पिटल सोसाइटी के अध्यक्ष को किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा दे दी है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने मैथ्यू सैमुअल और अन्य द्वारा दायर अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया। इस नोटिस में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें राज्य पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दायर एफआईआर में कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था।

पीठ ने कहा, ÷विशेष अनुमति याचिका के साथ ही निर्देशों के लिए अंतर्वर्ती आवेदन पर नोटिस जारी करें। इस दौरान पुलिस स्टेशन कोतवाली, जिला फतेहपुर, यूपी में पंजीकृत एफआईआर संख्या 224/2022, 54/2023, 55/2023 और 60/2023 के संबंध में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश



वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने आपराधिक न्याय प्रक्रिया के दुरुपयोग का आरोप लगाया और एफआईआर के संबंध में जांच पर रोक लगाने की मांग की। हाई कोर्ट ने पहले राज्य पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दाखिल एफआईआर में सैमुअल और अन्य के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने सामूहिक धर्म परिवर्तन की शिकायतें मिलने के बाद सैमुअल और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 के साथ उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

## महात्मा गांधी के विचारो से प्रेरित है तेलंगाना मॉडल, सीएम केसीआर ने कहा- देश के लिए बना मार्गदर्शक

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि तेलंगाना मॉडल देश के लिए एक

**आंदोलन**

**मैंने टीआरएस के गठन के दौरान ही फैसला कर लिया था कि इस आंदोलन में कुछ भी हो जाए हिंसा का मार्ग नहीं अपनाना है।**

मार्गदर्शक जैसा बन गया है। उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों पर कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की प्रेरणा ने उन्हें राज्य में रायथु बंधु और पल्ले प्रगति जैसे कई ग्राम आधारित कल्याणकारी योजनाओं को शुरू करने के लिए प्रेरित किया है।सीएम केसीआर ने शुक्रवार को हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु के समापन समारोह को संबोधित करते



हुए कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं महात्मा गांधी की विचारधारा से प्रेरित है।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य का सपना भी गांधीवादी तरीके से आंदोलन को अपनाकर ही संभव हो पाया। हालांकि, इस दौरान कुछ ताकतों ने कहा था कि यह एक हिंसात्मक आंदोलन है। उन्होंने कहा तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के गठन के बाद मैंने साफ-साफ कहा था कि तेलंगाना के लिए होने वाला आंदोलन में किसी प्रकार की हिंसा नहीं होगा। हालांकि, कई लोग मुझसे इस बात को लेकर सहमत नहीं थे, लेकिन इस बार पर सभी राजी हो गए थे कि मैंने जो भी रास्ता चुना था वह सही था और सभी ने इसके लिए मेरा समर्थन किया था। मैंने टीआरएस के गठन के दौरान ही फैसला कर लिया था कि इस आंदोलन में कुछ भी हो जाए हिंसा का मार्ग नहीं अपनाना है।

केसीआर ने कहा कि राज्य सरकार सभी को एक समान प्राथमिकता दे रही है, जिसमें गांव, कस्बा, शहर, कृषि से लेकर उद्योग और आईटी क्षेत्र के विकास, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक से लेकर उच्च जाति लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य समावेशी और व्यापक विकास मॉडल के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है और तेलंगाना देश के लिए एक मर्गदर्शक जैसा बन गया है।

# स्पेस में रहकर सूर्य के रहस्य को खंगालना होगा संभव, क्या आदित्य-एल1 मिशन से खुलेंगी परतें

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। अब इसरो ऊर्जा के सबसे बड़े स्त्रोत सूरज के कई रहस्यमयी परतों के राज खोलेगा। आदित्य-एल1 मिशन की लॉन्चिंग 2 सितंबर को सुबह 11.50 पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से की गई है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इस मिशन का उद्देश्य क्या है और क्या इस मिशन के जरिए सूर्य से जुड़े सभी सवालों और रहस्यों के जवाब मिल जाएंगे। इस खबर में हम आपको आदित्य-एल1 मिशन से जुड़े सभी सवालों के जवाब देंगे। गौरतलब है कि सूर्य सौरमंडल का सबसे नजदीकी तारा और सबसे बड़ा पिंड है। पृथ्वी से सूर्य की दूरी लगभग 15 करोड़ है। दरअसल, हमारे सौर मंडल का सबसे बड़ा ऊर्जा का स्त्रोत सूर्य ही है। सूर्य का गुरुत्वाकर्षण ही सौरमंडल में चीजों को बांध कर रखता है। सूर्य के कोर में तापमान 15 मिलियन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। सूर्य का फोटोस्फेयर कोर की तुलना में मिल्की वे के तारों के बारे में ज्यादा-से-ज्यादा जानकारियां हासिल हो सकती हैं। सूर्य एक गतिशील तारा है, जिसमें आए दिन कई विस्फोटककारी घटनाएं होती रहती हैं। इन घटनाओं के कारण सूर्य




ठंडा होता है और इसका तापमान लगभग 5,500एष्ट होता है।

दरअसल, सूरज सौरमंडल का सबसे नजदीकी तारा है, इसलिए इसका अध्ययन करना अन्य तारों की तुलना में ज्यादा आसान है। इसका अध्ययन करने के बाद सौरमंडल में काफी ऊर्जा छोड़ता है। यदि यह घटना पृथ्वी की ओर बढ़ती हैं, तो इससे पृथ्वी के आसपास के अंतरिक्ष वातावरण में गड़बड़ी हो सकती हैं।

यहां तक कि यदि कोई अंतरिक्ष यात्री इन विस्फोटक गतिविधियों के संपर्क में आ जाता है, तो इससे उसकी जान तक खतरे में पड़ जाएगी। सूर्य कई ऐसी घटनाओं पर अध्ययन करने का बेहतरीन मौका देता है, जिन्हें लैब में रहकर समझ पाना शायद कभी संभव ही नहीं है।

आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला भारतीय सौर मिशन है। इस मिशन में अंतरिक्ष यान को सोलर-अर्थ सिस्टम के लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक हेलो ऑर्बिट में स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

यह लैग्रेंजियन बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किमी की दूरी पर स्थित है। उपग्रह को इस रु1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा रखने से वह बिना किसी ग्रहण के आसानी से सूर्य को लगातार देख सकता है, जिसका फायदा अध्ययन के दौरान होगा।

## राजस्थान में मणिपुर जैसी घटना! जेपी नड्डा बोले- दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को खुश करने में व्यस्त सीएम गहलोत

**जयपुर।** मणिपुर का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि राजस्थान से एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक आदिवासी महिला को उसके ससुराल वालों ने सरेआम निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस गंभीर मामले को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर एक ट्वीट कर राज्य सरकार को घेरा। नड्डा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपना बचा हुआ समय दिल्ली में एक राजवंश को खुश करने में व्यतीत कर रहे है। इसके कोई दो राय नहीं है कि राज्य में महिला सुरक्षा के मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। आए दिन महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की कोई न कोई घटना सामने आती रहती है।

# अमेरिका के जेलों में नहीं थम रही हिंसा, कैदियों की लड़ाई में एक की मौत; कई घायल

**जॉर्जिया।** अमेरिका के फुल्टन काउंटी जेल में गुरुवार को एक सामूहिक चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया गया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस हादसे में

**घटना**

**विभाग ने कहा कि इस घटना में 23 वर्षीय डेवियन ब्लास्के की मौत हो गई है और तीन अन्य कैदियों को अस्पताल ले जाया गया है।**

एक बंदी की मौत हो गई और चार अन्य कैदी घायल हुए है। मीडिया रिपोर्ट ने फुल्टन काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता नताली अम्मोन्स के हवाले से बताया कि स्थिति को नियंत्रण कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है। विभाग ने कहा कि इस घटना में 23 वर्षीय डेवियन ब्लास्के की मौत हो गई है और तीन अन्य कैदियों को अस्पताल ले जाया गया है। सभी को चाकू से घायल किया गया और अन्य व्यक्ति का इलाज जेल मेडिकल स्टाफ द्वारा किया




गया। शेरिफ कार्यालय ने कहा कि अटलांटा पुलिस इस घटना में शामिल कैदियों के नाम और आपराधिक आरोप जारी करेगी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हथियारों को लेकर हुए एक विवाद में कैदियों को चोटें आई। फुल्टन काउंटी के शेरिफ ने एक बयान में कहा कि जेल में हाल ही में भड़की हिंसा एक गंभीर चिंता का विषय है। अस्थायी हथियारों का इस्तेमाल कैदी एक-दूसरे और कर्मचारियों पर हमला करने के लिए करते हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई के अंत से फुल्टन काउंटी जेल के कैदी की यह पांचवीं मौत है। इससे पहले 40 वर्षीय मोंटे स्टिन्सन को 31 जुलाई की रात को अपने सेल में बेहोश पाया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 10 अगस्त की शाम को एक हिरासत अधिकारी ने 34 वर्षीय क्रिस्टोफर स्मिथ को संदिग्ध हालत में पाया , जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, कुछ ही समय बाद उसकी मौत हो गई। 17 अगस्त की घटना में 66 वर्षीय अलेक्जेंडर हॉकिन्स को एक मेडिकल यूनिट सेल में बेहोशी के हालत में पाया गया था। उसे दो हफ्ते पहले ही चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## अरबपति जिनके बेटे की राजकुमारी डायना के साथ हुई थी मृत्यु, 94 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**लंदन।** मिस्त्र देश में जन्मे बिजनेसमैन मोहम्मद अल फायद ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। बिजनेसमैन 94 वर्ष की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली है। बिजनेसमैन अल फायद को दुनिया तबसे जानती है जब उनके बेटे डोडी और राजकुमारी डायना की एकसाथ कार दुर्घटना में मौत हो गई।

## चिली में ट्रेन और मिनीबस में हुई जोरदार टक्कर, 6 लोगों की दर्दनाक मौत

**सैंटियागो।** मध्य चिली के सैन पेड्रो डी ला पाज़ में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। इस हादसे में एक ट्रेन के मिनीबस से टकरा जाने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सैन्य पुलिस के जुआन फ्रांसिस्को कैरास्को ने संवाददाताओं को बताया कि दुर्घटना एक रेलमार्ग क्रॉसिंग पर हुई है। इस हादसे में शुक्रवार को मिनीबस में सवार 14 लोगों में से छह की मौत हो गई।

ट्रेनों का संचालन करने वाली राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी ईएफई सुर ने बताया कि ट्रेन सही दिशा से आया रही थी और सही ढंग से काम कर रही थी। बयान में ईएफई सुर ने कहा कि ट्रेन क्रॉसिंग के समय भी सामान्य रूप से काम कर रही थीं। ईएफई सूर ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि ट्रेन में सवार कोई भी यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

## थरमन शणमुगारत्नम बने सिंगापुर के नए राष्ट्रपति, भारतीय मूल के लोकप्रिय नेताओं की सूची में हुए शामिल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के अर्थशास्त्री थरमन शणमुगारत्नम ने शुक्रवार को राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। थरमन शणमुगारत्नम के सिंगापुर का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के साथ ही वह भारतीय मूल के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जो विश्व की महत्वपूर्ण राजधानियों में राजनीति पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। उनकी जीत दुनिया भर में भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक माना जा रहा है।

साल 2011 से 2019 तक सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री रहे शणमुगारत्नम (66) को 70.4 प्रतिशत वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वियों एन. कोक सोंग और टेन किन लियान को क्रमशः 15.7 प्रतिशत और 13.8 प्रतिशत वोट मिले। थरमन शणमुगारत्नम ने साल 2011 के बाद पहली बार हुए राष्ट्रपति चुनाव में चीनी मूल के दो प्रतिद्वंद्वियो को हराया।निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ली सिएन लूंग ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर शणमुगारत्नम को बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷सिंगापुरवासियों ने निर्णायक अंतर से थरमन शणमुगारत्नम को हमारा अगला राष्ट्रपति चुना है। अब जब चुनाव समाप्त हो गया है, तो आइए हम आगे की चुनौतियों से निपटने



और एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र का निर्माण करने के लिए सिंगापुरवासियों के रूप में फिर से एक साथ आएं। थरमन शणमुगारत्नम भारतीय मूल के उन नेताओं में से एक हैं जो वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक सेवा के उच्चतम पद तक पहुंचे हैं। उनकी जीत दुनिया भर में भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है। अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बढ़ते प्रभाव को कमला हैरिस की सफलता के रूप में देखा जा सकता है। कमला हैरिस देश की पहली महिला और पहली अश्वेत अमेरिकी उपराष्ट्रपति बनीं। वह 2017 से 2021 तक कैलिफोर्निया की सीनेटर पद पर रहीं। डेमोक्रेट हैरिस ने 2011 से 2017 तक कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल के रूप में भी काम किया। उनका जन्म कैलिफोर्निया में भारतीय और जमैका माता-पिता के यहां हुआ था।

नवंबर के महीने में हुए महत्वपूर्ण मध्यावधि चुनावों में, सत्तारूढ़ डेमोक्रेट पार्टी के रिकॉर्ड पांच भारतीय-अमेरिकी सांसद - राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, अमी बेरा और श्री थानेदार - अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए हैं। कैलिफोर्निया के एक प्रमुख राजनेता हरमीत ढिल्लों ने हाल ही में रिपब्लिकन नेशनल कमेटी (आरएनसी) के अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़ा था। निक्की हेली और विवेक रामास्वामी जैसे भारतीय मूल के नेताओं ने 2024 में व्हाइट हाउस के लिए अपनी दावेदारी शुरू की है।

ऋषि सुनक पिछले साल ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री बने थे। सुनक 210 साल में सबसे कम उम्र के ब्रिटिश प्रधानमंत्री हैं।

## 7 सितंबर को दिल्ली पहुंचेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अगले दिन प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस



सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी मौजूद होंगे। दुनिया के अलग-अलग देशों के कई शीर्ष नेता इस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। भारत भी गर्मजोशी से इनके स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बीच खबर है कि 7 सितंबर को जो बाइडेन दिल्ली पहुंचेंगे। बाइडेन अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार भारत दौरे पर आ रहे हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर बताया की जो बाइडन 7 को दिल्ली पहुंचेंगे और अगले दिन यानि 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि शनिवार और रविवार (9 और 10 सितंबर) को राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

यहां वह जी20 भागीदार स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए कई संयुक्त प्रयासों पर चर्चा करेंगे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को लेकर भी बाइडन चर्चा करेंगे। वह यूक्रेन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध के आर्थिक और सामाजिक प्रभावों को भी कम करेंगे और वैश्विक चुनौतियों से निपटने सहित गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने के लिए विश्व बैंक सहित बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाएंगे।

## इराक में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत, ज्यादातर थे ईरानी

बगदाद। इराक में बड़ा सड़क हादसा देखने को मिला है। सड़क हादसे में 16 लोग मर गए हैं। मारे गए लोगों में अधिकतर ईरानी थे। हादसे में 17 लोग घायल भी हुए हैं। घटना इराक के उत्तरी भाग में दो शहरों को जोड़ने वाली सड़क पर हुई।

## बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों ने आठ आतंकियों को किया ढेर, बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी विभाग यानी सीटीडी ने बलूचिस्तान में आठ आतंकियों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पिछले 24 घंटों के दौरान

**मुख्यालय**

**सुरक्षा बलों ने सूचना मिलने पर शुक्रवार को वाशुक जिले के एक कस्बे और तहसील मुख्यालय बसिमा में एक घर पर छापा मारा।**


बलूचिस्तान प्रांत में अलग-अलग अभियानों के दौरान की गई। एआरवाई न्यूज ने शिवार को यह जानकारी दी है। सुरक्षा बलों ने सूचना मिलने पर शुक्रवार को वाशुक जिले के एक कस्बे और तहसील मुख्यालय बसिमा में एक घर पर छापा मारा। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पांच आतंकी मारे गए, जबकि तीन अन्य फरार होने में कामयाब रहे। मुठभेड़ स्थल की तलाशी के दौरान सीटीडी ने बड़ी



मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। मृतकों की पहचान की जा रही है। सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा कि क्वेटा में एक अन्य ऑपरेशन में उन्होंने एक बच्चे का अपहरण करने वाले तीन लोगों को मार डाला और बच्चे को सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया। मारे गए लोग गैरकानूनी संगठन के सदस्य बताए जा रहे हैं। आतंकियों ने फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण किया था। सीटीडी ने उनके ठिकाने से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया था। सेना की मीडिया मामलों की शाखा के अनुसार, पिछले महीने पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में चीनी श्रमिकों के एक काफिले पर हमला करने वाले दो बंदूकधारियों को मार गिराया था।

## अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेना के सैन्य अभ्यास से तिलमिलाया उत्तर कोरिया, समुद्र में दागीं कई क्रूज मिसाइलें

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई सेना के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में अपनी हथियार परीक्षण गतिविधियों को गति देते हुए शनिवार को समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारी प्रक्षेपण के विवरण का विश्लेषण कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने यह प्रक्षेपण अमेरिका और दक्षिण कोरिया के 11 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास के खत्म होने के दो



दिन बाद किया है। उत्तर कोरिया लंबे समय से अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताकर निंदा करता रहा है। इससे पहले, गुरुवार को अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागकर परमाणु हमले का पूर्वाभ्यास किया था। उत्तर कोरियाई मीडिया केसीएनए ने बताया था कि प्योंगयांग ने पूरे दक्षिण कोरिया में लक्ष्य निर्धारित किए थे और हमलों का पूर्वाभ्यास किया था। उत्तर कोरिया ने कहा था कि वह संघर्ष की स्थिति में दक्षिण कोरियाई क्षेत्र पर कब्जे के लिए कमांड पोस्ट अभ्यास कर रहा है। उल्लेखनीय है कि, उत्तर कोरिया ने इस वर्ष रिकार्ड संख्या में हथियार परीक्षण किए हैं। अभी पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया ने एक खुफिया उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का दूसरा प्रयास किया था, जो असफल रहा। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया द्वारा पिछले महीने एक अंतरिक्ष रॉकेट लॉन्च किए जाने के जवाब में दक्षिण कोरिया ने शुक्रवार को पांच उत्तर कोरियाई व्यक्तियों और एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# ज़ाइडेक्स इंडस्ट्री ने गड्ढों से मुक्त और मौसम-रोधी सड़कों को बनाने के लिए आधुनिक तकनीक पेश की

**नई दिल्ली।** ज़ाइडेक्स टेक्नोलॉजीज सड़कों में पानी घुसने से होने वाली क्षति को न्यूनतम करके सड़कों के लिए सस्टेनेबिलिटी समाधान पर फोकस करती है परंतु उपड़ने और गड्ढे बनने में कमी लाने वाली टेक?नोलॉजी के प्रयोग द्वारा तारकोल की परतों की उम्र बढ़ती है। इसके साथ ही, लगभग शून्य तापमान पर काम करना संभव बनाकर कार्यशील सीज़न का विस्तार करने में मदद करती है।

तारकोल की दो परतों के बीच ठोस मजबूती प्रदान करती है। यह सड़क को बिना तारकोल की परत को भी तेजी से प्राइमिंग कर आपस में जोड़ती है। ज़ाइडेक्स के योजकों (ऐडिटिव्स) और सीमेंट के साथ समूहों के कम प्रयोग से जल-रोधी, लचीली सम्बद्ध और ज्यादा मजबूत टिकाऊ आधार का निर्माण, जो लम्बे समय तक टिकता है।

सड़क निर्माण की क्वॉलिटी को बेहतर बनाने के लिए ज़ाइडेक्स प्रमुख हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। कंपनी ने कई इको-फ्रेंडली समाधान भी तैयार किए हैं। ज़ाइडेक्स के तकनीकी योजकों का हाइवे के निर्माण में तारकोल की परतों के बीच काफी सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया जाता है। इससे हजारों किलोमीटर लंबे हाइवे पर सड़क कहीं से खराब नहीं होती और उस पर गड्ढे नहीं बनते। यह सड़कों को समय से पहले टूटने या खराब होने के मामले



में बीमा सुरक्षा का काम करता है। इससे सड़कों की आयु लंबी होती है। ज़ाइडेक्स योजकों ने पीएमजीएसवाई (प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना) के अंतर्गत पिछले 7 साल में बनी 1,000 किलोमीटर से अधिक लम्बी सड़कों को कवच और स्थिरता प्रदान की है। ज़ाइडेक्स फुल-डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक का प्रयोग करके नमी-रोधक, मजबूत, टिकाऊ और लचीली रास्तों के निर्माण में मदद करने की विशिष्ट स्थिति में हैं। उत्तर प्रदेश में एफडीआर कार्यों के बारे में ज़ाइडेक्स इंडस्ट्रीज के सीओओ, श्री हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि, ÷हमारा पहला एफडीआर पीएमजीएसवाई का आरंभिक प्रोजेक्ट 17 किलोमीटर का था, जिसे वर्ष 2021 में चित्रकूट में पूरा किया गया था। यहाँ हमने प्रति किलोमीटर 2000 क्यूबिक मीटर एग्रीगेट्स की बचत की। सस्टेनेबिलिटी के लिए नवाचार करने की ज़ाइडेक्स इंडस्ट्रीज की दृष्टि भारत सरकार के अमृतकाल दूरदृष्टि से मेल खाती है। एफडीआर टेक?नोलॉजी से सड़क की मौजूदा ऊपरी परत का प्रयोग करके यथावत मिट्टी का आधार तैयार करने में आसानी होती है। इसके साथ उत्तरप्रदेश 'ग्रामीण हाइवेज युग' में प्रवेश कर गया है। आगरा, बहराइच, फर्रुखाबाद, जौनपुर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, मिर्जापुर, प्रयागराज, रायबरेली, सिद्धार्थ नगर में ज़ाइडेक्स की जल-रोधी नैनो टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके सडकों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें ज़ाइडेक्स के इंजीनियरों की टीम जमीनी सहयोग प्रदान कर रही है।

## रीजेंसी हॉस्पिटल, कानपुर में हुई दायीं बाहरी इलियाक आर्टरी में चोट की सफल सर्जरी, बचाया गया मरीज का पैर

**कानपुर।** एक रोचक मामले में, कानपुर स्थित रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने सफल सर्जरी से मरीज के दायें पैर को बचा लिया है। इस मरीज को दायीं ओर की बाहरी इलियाक आर्टरी में चोट लगी थी। इस चोट की वजह किसी अन्य अस्पताल में पहले हो चुकी सर्जरी थी। दरअसल, वहां ऐपेंडिक्स को निकालने के लिए किए गए सर्जिकल ऑपरेशन एपेंडिसेक्टॉमी के दौरान यह चोट लगी थी। रीजेंसी हॉस्पिटल,



कानपुर में कार्डियो थोरैसिक एंड वैस्कुलर सर्जन डॉ. सुमित नारंग के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया। इलियाक आर्टरीज ऐसी ब्लड वेसेल्स होती हैं, जो पेट, पेल्विस, प्रजनन अंगों और पेल्विक क्षेत्र के अन्य अंगों को रक्त की आपूर्ति करती हैं। पेल्विस, धड़ का निचला हिस्सा है, जो हिप्स पर पैरों के जुड़ने के स्थान से एकदम ऊपर होता है। मरीज का ऐपेंडिसेक्टॉमी ऑपरेशन किसी अन्य अस्पताल में किया गया था। वहां इस ऑपरेशन के 4.5 घंटे बाद दायीं बाहरी इलियाक आर्टरी में चोट का पता चला। उसे निचले अंग में गंभीर इस्केमिया की समस्या थी। तुरंत की गई सीटी एंजियोग्राफी में दायीं बाहरी इलियाक और प्रोक्सिमल कॉमन फीमोरल आर्टरी का 8 सेमी. लंबाई का हिस्सा दिखाई नहीं दिया। इस्केमिया ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर के किसी हिस्से में खून का बहना (और इसलिए ऑक्सीजन भी) बंद या कम हो जाता है। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया। वहां इंट्राऑपरेटिव जांच में पता चला कि बाहरी इलियाक आर्टरी में खून के थक्कों से रुकावट और चोट लगी हुई थी, जिसकी विक्रिल टांके से मरम्मत करने का प्रयास किया गया था। आर्टरी में चोट की मरम्मत ईपीटीएफई ग्राफ्ट का प्रयोग करके की गई थी।

# तीन मंत्रालयों के लिए कैपिसटी बिल्डिंग पहल शुरू करने के साथ सिविल सेवाओं में अच्छा बदलाव

**नई दिल्ली।** सक्षम सरकारी अधिकारियों को भविष्य के लिए तैयार करने और एफिशिएन्ट पब्लिक सर्विस डिलीवरी के लिए सक्षम बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), डिपार्टमेन्ट ऑफ़ हायर एजुकेशन (डीओएचई) और डिपार्टमेन्ट ऑफ़ स्कूल एजुकेशन एंड लिटेरसी (डीओएसईएल) ने कैपेसिटी ब्लिडिंग कमीशन (सीबीसी) के साथ मिलकर मिशन कर्मयोगी के तहत एमएसडीई के %नो योर मिनिस्ट्री इंडक्शन मॉड्यूल% और डीओएचई के निदेशकों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल के साथ एनुअल कैपिसिटी बिल्डिंह प्लान (एसीबीपी) जारी किया है।माननीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने सिटीज़न सेन्ट्रिसिटी के प्रमुख तत्व को समाहित करते हुए इन पहलों की शुरुआत की। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, कैपेसिटी बिल्डिंग की दिशा में एक नए प्रयोग के रूप में मिशन कर्मयोगी की शुरुआत की गई है। इस मिशन के द्वारा, सरकारी कर्मचारियों को अपनी सोच, अप्रोच को आधुनिक बनाना होगा और अपने स्किल सेट में सुधार करना होगा। इससे उन्हें कर्मयोगी बनने का अवसर मिलेगा।

भारत सरकार ने भारतीय सिविल सेवा परिदृश्य में मानकीकरण और सामंजस्य स्थापित करने की दृष्टि से कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन (सीबीसी) का गठन किया है। सीबीसी की स्थापना भारत की अपनी सिविल सेवा योग्यता फ्रेमवर्क बनाने के लिए मिशन कर्मयोगी के तहत की गई है, जो हमारे रोजमर्रा के कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता बनाकर भारत की विकास आकांक्षाओं को प्राथमिकता देती है। इस कार्यक्रम में श्री राजीव चन्द्रशेखर, राज्य मंत्री, कौशल विकास और उद्यमशीलता, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी; श्री अतुल कुमार तिवारी, सचिव, एमएसडीई; श्री संजय कुमार, सचिव, डीओएसईएल; श्री के. संजय मूर्ति, सचिव, डीओएचई, एमओई; डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी, चेयर पर्सन, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद; श्री प्रवीण सिंह परदेशी, सदस्य (एडमिनिस्ट्रेशन), सीबीसी;डॉ. आर बालासुब्रमण्यम, सदस्य (एचआर), सीबीसी और श्री श्यामा प्रसाद रॉय, सचिव, सीबीसी की गरिमामयी उपस्थिति रही। एनुअल कैपिसिटी बिल्डिंग प्लान (एसीबीपी) जारी होने से ईकोसिस्टम में अधिकारियों के लिए नियमित और योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न कैपेसिटी बिल्डिंग इन्टरवेन्शन को शुरू करने में मदद मिलेगी। सीबीसी के मेम्बर (एडमिनिस्ट्रेशन) श्री प्रवीण सिंह परदेशी ने एमएसडीई के विकसित एनुअल कैपिसिटी बिल्डिंग प्लान पर प्रेजन्टेशन दिया।

# स्वस्थ और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के लिए -ध्यान से चुनें अपना आहार

**बैंगलुरु।** सेहतमंद जीवनशैली के लिए स्वस्थ आहार।÷ व्यक्ति को संतुलित आहार लेना चाहिए, जिससे शरीर को वृद्धि, स्वास्थ्य और इम्यूनिटी के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व मिल सकें। लेकिन शरीर को अच्छा बनाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी है। आज के दौर में हमें ऐसे कई लोग दिखते हैं, जो शारीरिक फिटनेस को बहुत अहमियत देते हैं। वे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करते हैं मगर उन्हें संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के बीच रिश्ते का पता ही नहीं होता। हाल के वर्षों में पोषण तथा मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। मानसिक स्वास्थ्य को शामिल किए बगैर फिटनेस का विचार अधूरा रहता है। मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए भारत बहुत नाजुक दौर में है। हाल में आए एनसीआरबी के एक अध्ययन के अनुसार 2020 से आत्महत्या की दर 7.2 प्रतिशत बढ़ गई है, जिससे पता चलता है कि लोगों का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसलिए हमें वर्तमान स्थिति का ध्यान रखते हुए विभिन्न तरीके अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस मामले में पोषण और भोजन की भी अहम भूमिका है।

समांथा क्लेटन, वाइस प्रेसिडेंट, स्पोर्ट्स परफॉरमेंस एंड फिटनेस एजूकेशन, हर्बालाइफ ने कहा की, 'मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए तीन प्रमुख बातें बहुत जरूरी हैं भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक रूप से सही बने रहना। स्कूली बच्चे हों या बुजुर्ग, आजकल हर कोई तनाव, चिंता और मानसिक दबाव जैसे शब्दों का इस्तेमाल खूब करने लगा है। चाहे स्कूल, दफ्तर या अन्य क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव हो, ये बातें व्यक्ति के सामान्य स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। खेल, योग और व्यायाम कुछ तरीके हैं मगर इन सभी के साथ एक सरल किंतु जरूरी बात जुड़ी होनी चाहिए÷ पोषक और संतुलित आहार। इससे दिमाग को जरूरी पोषण मिलता है। इससे मानव मस्तिष्क स्थिर बना रहता है और उसे ऊर्जा मिलती है। साथ ही इससे याद्दाश्त भी तेज होती है, जो रोजमर्रा के जीवन में बहुत जरूरी है। इसलिए प्रश्न उठता है कि मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए हमें किस तरह का आहार लेना चाहिए? पोषण से भरपूर आहार में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट जैसे वे सभी तत्व पाए जाते हैं, जो मानव शरीर के विकास के लिए जरूरी हैं। लेकिन आप मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी कुछ आहार लेने की सोच सकते हैं। उनमें सब्जियां, फल, नट्स आदि शामिल होते हैं। यदि आप तेज और स्वस्थ दिमाग चाहते हैं तो आपके आहार में ये खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए।'

हरी पत्तेदार सब्जियां÷ आहार विशेषज्ञ और पोषण विशेषज्ञ हमारे आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करने की सलाह देते हैं क्योंकि इनमें बहुत पोषण होता है। हरी पत्तेदार सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, मिनरल, अल्फा-लिनोलिक एसिड और विटामिन होते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां विटामिन के की अच्छी स्रोत होती हैं। अध्ययनों में पता चला है कि विटामिन के चिंता और अवसाद पैदा होने से रोकता है।

फल एवं बेरी÷ फल तथा बेरी खाने से दिमाग की सक्रियता बढ़ सकती है। इनसे याद्दाश्त बढ़ सकती है और उम्र बढ़ने के लक्षण भी देर से दिखते हैं। अध्ययनों में पता चला है कि फल खाने वालों की मानसिक सेहत ज्यादा अच्छी होती है और फल नहीं खाने वालों की तुलना में उनके भीतर अवसाद के लक्षण दिखने की संभावना कम होती है। फल और बेरी में एंटीऑक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

मछली÷ मछली में ओमेगा-3 वसा बहुत अधिक होती है। ये वसा दिमाग के लिए बहुत जरूरी होती हैं और आहार से ही आनी चाहिए क्योंकि मानव शरीर इन्हें खुद नहीं बना सकता। महामारी से जुड़े अध्ययनों में पता चला है कि ओमेगा-3 फैटी एसिड की कम खुराक और अवसाद के बीच संबंध होता है। ऑयली फिश तथा फिश सप्लीमेंट जैसे समुद्र से मिलने वाले खाद्य यानी सीफूड ओमेगा-3 के बहुत अच्छे स्रोत होते हैं।

नट्स÷ बादाम और अखरोट मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए बहुत अच्छे होते हैं और अखरोट में फैटी फिश की ही तरह ओमेगा 3 वसा भी पाई जाती है। उधर बादाम विटामिन ई के अच्छे स्रोत होते हैं और इनसे याद्दाश्त बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

ये कुछ भोजन हैं, जो हमें आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। स्वस्थ दिमाग के लिए हमें अपने आहार में इन्हें शामिल करना चाहिए। याद रखें कि दिमाग अस्वस्थ हुआ तो शरीर सेहतमंद होने पर भी संपूर्ण स्वास्थ्य खराब ही रहेगा।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो

**बरेली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव आय योजना, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो लॉन्च की है, जो ग्राहकों को साल-दर-साल बढ़ती आय या निरंतर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा, इस गैर-भागीदारी बचत उत्पाद का जीवन कवर घटक यह सुनिश्चित करता है कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा मिले। 30 वर्षों तक बढ़ती आय या निश्चित आय प्रदान करेगा, एकमुश्त लाभ के साथ नियमित आय प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, ग्राहकों के पास अपनी आवश्यकताओं के अनुसार राशि के साथ-साथ एकमुश्त लाभ का समय चुनने की है सुविधा, ग्राहकों को उनकी लघु और दीर्घकालिक आय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाता है, अंतर्निहित लचीलापन ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप आय योजना को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को अन्य लचीलेपन के साथ-साथ आय लाभ और प्रीमियम भुगतान शर्तों का विकल्प प्रदान करके उत्पाद को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने की अनुमति देता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी, अमित पालटा ने कहा कि हम आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो अंतर्निहित लचीलेपन वाला एक दीर्घकालिक बचत उत्पाद है जो ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद को समायोजित करने की अनुमति देगा। इससे उन्हें बेहतर तैयारी करने और जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसके अलावा उत्पाद में जीवन कवर घटक परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE

## अमेज़न मिनीटीवी के लकी गाए' का ट्रेलर कॉमेडी के तड़के साथ सपनों और प्यार का एक कभी न

**मुम्बई।** अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा - अमेज़न मिनीटीवी एक्शन से लेकर रोमांटिक-कॉमेडी और रियलिटी




वाले शोज़ तक कई प्रकार की विविधतापूर्ण सामग्री वाली लाइब्रेरी के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। अपने शोज़ की लिस्ट में शामिल करते हुए, इस स्ट्रीमिंग सेवा ने स्वैगर शर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलकर अपने आनेवाले रोमांचक फैंटसी ड्रामा - लकी गाए का ट्रेलर रिलीज़ किया। यह ट्रेलर इस शो की एक झलक दिखाता है जिसमें रोमांस, गुदगुदाने वाली कॉमेडी और भरपूर ड्रामा है। कहानी की शुरुआत लकी के परिचय के साथ शुरू होती है, जिसका किरदार स्वैगर शर्मा ने अदा किया है, जो एक ऐसा लड़का है जो सितारों के एक अजीब जोड़-तोड़ के साथ इस दुनिया में आता है, जिससे वह दुनिया का सबसे किस्मतवाला इंसान बन जाता है और उसे एक चमत्कारी माला मिल जाती है। हालाँकि, जैसा कि कहा जाता है, अच्छी किस्मत की एक कीमत भी चुकानी पड़ती है!

क्या आप ऐसी ज़िंदगी की कल्पना कर सकते हैं जहाँ आपके लिए सब कुछ ठीक हो और बिना किसी दिक़्क़त के सब चल रहा हो? आप लॉटरी जीत जाते हैं! आपका कभी भी कोई एक्सीडेंट नहीं होता। हर कोई आपको पसंद करता है और हमेशा आपके काम बन जाते हैं।

# सर्विसनाऊ ने फ्यूचरस्किल्स प्राइम के साथ साझेदारी की घोषणा की, जो नैस्कॉम MeitY की पहल है

**नई दिल्ली।** अग्रणी डिजिटल वर्कफ्लो कंपनी सर्विसनाऊ इंडिया ने भारत भर में 5,000 शिक्षार्थियों को नए डिजिटल कौशल में प्रशिक्षित करने के लिए फ्यूचरस्किल्स प्राइम के साथ साझेदारी की घोषणा की है। फ्यूचरस्किल्स प्राइम, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी नैसकॉम डिजिटल कौशल पहल है।

यह साझेदारी मजबूत कॅरियर बनाने का माग्र प्रशस्त करता है, जो सर्विसनाऊ के तेजी से बढ़ते नेटवर्क पर उपलब्ध हैं और यह सर्विसनाऊ के साथ राइजअप का समर्थन करती है, जो 2024 के अंत तक दस लाख लोगों को कौशल प्रदान करने की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है।

यह पहल भारत को वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में विकसित करने के भारत सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाती है और सभी शिक्षार्थियों के लिए बिना किसी लागत के दो प्रवेश स्तर के ऑन-डिमांड सर्विसनाऊ पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगी। सर्विसनाऊ और सर्विसनाऊ एडमिनिस्ट्रेशन फंडामेंटल में डिजिटल कॅरियर स्थापित करने के लिए आवश्यक तकनीकी और पारस्परिक कौशल शामिल हैं। राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनवीसीईटी) द्वारा अनुमोदित एक मानकीकृत और उच्च गुणवत्ता वाली व्यावसायिक और शिक्षा प्रणाली बनाने के लिए पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से जोड़ा गया है। सर्विसनाऊ एडमिनिस्ट्रेशन फंडामेंटल के सफल समापन पर, व्यक्ति सर्विसनाऊ सर्टिफाइड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर (सीएसए) बनने के लिए प्रमाणन परीक्षा देने के लिए योग्यता प्राप्त करेंगे।

एसएससी नैसकॉम की सीईओ कीर्ति सेठ ने कहा, ÷हमें सर्विसनाऊ के साथ सहयोग करके खुशी हो रही है क्योंकि उनका दृष्टिकोण भारत को डिजिटल वैश्विक प्रतिभा केंद्र में बदलने के फ्यूचरस्किल्स प्राइम के दृष्टिकोण में फिट बैठता है। यह सहयोग 1.3 मिलियन फ्यूचरस्किल्स प्राइम शिक्षार्थियों के लिए उद्योग से प्रासंगिक दो पाठ्यक्रम की पेशकश करता है। ये पाठ्यक्रम राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से जुड़े हैं और छात्रों, कामकाजी पेशेवरों और व्यक्तियों को हस्तांतरणीय कौशल प्रदान करेंगे, जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर भारत के छोटे शहरों के शिक्षार्थियों को उनकी तकनीकी क्षमता बढ़ाना और कॅरियर बनाना है।

भारतीय उपमहाद्वीप और सार्क की वाइस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर कमोलिका गुप्ता पेरेज ने कहा, ÷उभरती तकनीकी के लिए वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत के कार्यबल को तैयार करना आने वाले वर्ष में भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों और अवसरों में से एक है। जब मैं वित्तीय सेवाओं, सार्वजनिक क्षेत्र, दूरसंचार, मैन्युफैक्चरिंग और यहां तक कि डिजिटल देशी उद्योगों में सर्विसनाऊ ग्राहकों से बात करता हूं, तो देखता हूं कि सभी एक आम प्रमुख चुनौती साझा करते हैं, जिसमें उन्नत कुशल श्रमिकों की भर्ती या अनुबंध करना शामिल है, जो उनके संगठनों में डिजिटल वर्कफ्लो को सक्षम कर सकें।

फ्यूचरस्किल्स मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (स्र्द्मद्बह्लङ्घ) नैस्कॉम डिजिटल कौशल पहल है, जो इस महत्वपूर्ण व्यावसायिक आवश्यकता को संबोधित करती है और भारत में भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने के लिए सर्विसनाऊ के दृष्टिकोण को मजबूत करती है।

## मेरी क्लेयर पेरिस गोखले मार्ग सैलून का उद्घाटन सेलेब्रिटीज़ ने किया

**लखनऊ।** दुनिया भर में मशहूर मेरी क्लेयर पेरिस सैलून की चौथी शाखा का उद्घाटन गोखले मार्ग पर रणविजय सिंघा, लीगल बाबा और मियां लाकरा ने किया। इस दौरान आरजे आलोक के साथ बहुत से सोशल मीडिया



इंफ्लूएंसर्स भी मौजूद रहें।

ओनर अंशुल कुमार ने बताया कि फैशन और ब्यूटी केयर की सारी फैसेलिटीज यहां उपलब्ध हैं और उद्घाटन के अवसर पर 30त्न डिस्काउंट भी दिया जाएगा।

एमटीवी रोडीज फेम अभिनेता रणविजय सिंघा ने राजधानी की तारीफ करते हुए कहा कि यहां बहुत साफ सफाई है और दुनिया भर के मशहूर ब्रांड अब लखनऊ का रुख कर रहे हैं। इसी कड़ी में मेरी क्लेयर पेरिस सैलून भी यहां पहुंच गया है। जियो पॉलिटिक्स और कानून पर ब्लॉग बनाने वाले मशहूर यूट्यूबर लीगल बाबा उर्फ आशीष दवार ने कहा कि लखनऊ की तहज़ीब, यहां के लोग और खाना बहुत लजीज हैं।

एमटीवी स्पिलिट्स विला फेम ग्रूमिंग एक्सपर्ट मियां लाकरा ने कहा कि दुनिया बहुत खूबसूरत है और हमें भी खूबसूरत दिखने का पूरा हक है। अब गोखले मार्ग पर मेरी क्लेयर पेरिस सैलून खुल गया है जहां खूबसूरती निखारने का पूरा मौका लखनऊ वालों को मिलेगा।

### मोबिक्विक ने 20,000 से अधिक ऑनलाइन रिटेलर्स को अपना ZIP भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए कैशफ्री पमेंट्स के साथ साझेदारी की

**गुरूग्राम।** अग्रणी डिजिटल बैंकिंग प्लैटफॉर्म मोबिक्विक ने आज अग्रणी पेमेंट्स और एपीआई बैंकिंग कंपनी,कैशफ्री पेमेंट्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है। मोबिक्विक इस भागीदारी के माध्यम से 'ज़िप पे लेटर' को कैशफ्री पेमेंट्स का पेमेंट गेटवेके साथ एकीकृत करके अपने यूज़र्स को ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा प्रदान करेगी। इससे यूजर्स को 20,000 से अधिक ऑनलाइन मर्चेंट्स को भुगतान करने के लिए 60,000 रुपये तक की अपनी क्रेडिट लिमिट का उपयोग कर सकेंगे। ज़िप पे लैटर विकल्प को न्यूनतम 499 रुपये मूल्य के सौदों पर 10त्न सुपरकैश के साथ लॉन्च किया जाएगा। मोबीक्विक की चेयरपर्सन, को-फाउंडर और सीओओ, उपासना टाकू ने कहा कि, ÷हम ट्रान्ज़ैक्शन्स को बाधारहित बनाने और ग्राहकों को जानकारी आधारित आर्थिक फैसले लेने के लिए अधिक विकल्प देकर सशक्त करने में विश्वास रखते हैं। कैशफ्री पेमेंट्स के साथ साझेदारी करके हमें बहुत खुशी हो रही है। इस साझेदारी के ज़रिए पूरी प्रक्रिया को बाधारहित बनाने के लिए हम कैशफ्री पेमेंट्स जैसे एक भरोसेमंद और कार्यक्षम पेमेंट गेटवे प्लैटफॉर्म के साथ हमारे लोकप्रिय 'ज़पि पे लेटर' विकल्प की सुविधा पेश कर रहे हैं। मोबिक्विक ज़िप बाधा रहित भुगतान सुनिश्चित करता है, जिसकी सफलता दर 95त्न से अधिक है। ज़पि पे लैटर यूजर्स को उनकी क्रेडिट लिमिट के साथ बिल का भुगतान करने, कपड़ों, किराना और इलेक्ट्रॉनिक्स की खरीदारी करने, भोजन, दवा का आर्डर करने, आदि की सुविधा प्रदान करता है। ज़पि के द्वारा यूज़र्स चेकआउट के समय मोबिक्विक का इस्तेमाल करके घर बैठे एक लाख से अधिक ब्रैंड्स की शॉपिंग करके बाद में भुगतान कर सकते हैं। ऋजु दत्ता, को-फाउंडर, कैशफ्री पेमेंट्स, ने कहा कि, ÷हम कैशफ्री पेमेंट्स में ऐसे बाधारहित भुगतान अनुभवों के साथअपने व्यापारियों का सशक्तिकरण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह वृद्धिशील और सस्ती व्यवस्था है।इस साझेदारी के साथ हमारा लक्ष्य इस मिशन को अगले स्तर तक ले जाना है।

## आईआईटी-दिल्ली का निष्कर्ष : पोकर और रम्मी कौशल से जुड़े खेल

**नई दिल्ली।** आईआईटी-दिल्ली के प्रतिष्ठित प्रोफेसर तपन के. गांधी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन के कैडन्?स चेयर प्रोफेसर हैं। उनहोंने अपनी टीम के साथ हाल में एक विस्तृत अध्ययन किया था जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि पोकर और रुम्मी कौशल के खेल हैं। ÷ऑनलाइन पोकर ऐंड रम्मी - गेम ऑफ स्किल ऑर चान्स÷ नामक यह अध्ययन पोकर और रम्मी में सफलता के लिए ज़रूरी संज्ञानात्मक और अन्य कुशलताओं के महत्व की पुष्टि करता है। अध्ययन में इस खेल में अनुभव और सीखने योग्य कुशलताओं के प्रभाव का और खेल में खिलाड़ी के दीर्घकालीन सफलता में इसकी भूमिका का भी विश्लेषण किया गया। इस रिपोर्ट पर अपनी बात रखते हुए, आईआईटी दिल्ली के डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में असोसिएट प्रोफेसर और एआई एवं ऑटोमेशन के कैडन्स चेयर प्रोफेसर, तपन के. गांधी ने कहा, पहले से तय विचारों के चलते ऑनलाइन गेमिंग पर हो रही बातचीत और उसे वर्जित खेल बनाने वाली पक्षपाती धारणा के बीच इस गहन अध्ययन में विभिन्न खिलाड़ियों के खेल को परखा गया है, ताकि यह समझा जा सके कि यह खेल असल में कुशलता पर केन्द्रित है या इसमें भाग्य हावी रहता है। अपने शोध के दौरान हमें दिलचस्प मामले मिले, जिन्होंने यह स्पष्ट किया कि इन खेलों में यकीनन वह भीतरी समझ चाहिये, जो खिलाड़ियों की संज्ञानात्मक योग्यताओं के निर्माण में सहायक होती हैं। खेल में कुशलता के पहलू को सीमित न रखते हुए, हमने यह भी पाया कि लगातार खेलते वक्त खिलाड़ियों की व्यवहारिक कुशलताएं भी बढ़ीं, जैसे कि सामाजिक संकेतों को समझना, काफी दबाव वाली स्थितियों में फैसले करना, याददाश्त बनाये रखना, आदि। तपन गांधी ने आगे कहा, ÷हम अपने अध्ययन 'ऑनलाइन पोकर ऐंड रम्मी- गेम ऑफ स्किल ऑर चांस'' को साझा करते हुए बहुत खुश हैं, क्योंकि यह बीते वक्त के उस मिथक को तोड़ेगा कि गेम्स किस्मत से जीते जाते हैं और यह सफल होने के लिये जरूरी कुशलता पर रोशनी डालेगा।

## रांची के राहुल भगत ने अमेज़न मिनीटीवी का हिप हॉप इंडिया का इनॉग्रल सीज़न जीता

**मुम्बई।** अमेज़्न मिनीटीवी का सबसे बड़ा डांस रियलिटी शो - हिप हॉप इंडिया का शानदार ग्रैंड फिनाले संपन्न हो चूका है जिसका रिजल्ट आपके सामने लेकर आ रहे है इस डांस शो में धुआंदार परफॉर्मन्स देने के बाद जीत का ताज राहुल भगत पर जच रहा है यह रियलिटी शो एक डांस मैराथन की तरह था इस शो को डांस मास्टर्स रेमो डिसूजा और बॉलीवुड की जानी मानी डांसर नोरा फतेही द्वारा जज किया गया इस भव्य ग्रैंड फिनाले में रैपर बादशाह और रफ़्तार ने अपने स्वैग अवतार के साथ मंच की चमक



बढ़ा दी। जजेस को इस मंच पर डांस के हुनर में सबसे बेहतरीन और कठिन लड़ाई देखने को मिली सप्ताह की कड़ी प्रतिस्पर्धा और शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत का पहला हिप हॉप आधारित डांस रियलिटी शो संपन्न हो गया है, जिसमें राहुल भगत हिप हॉप चैंपियनके तौर पर उभर कर है इस ट्राफी को पाने के लिए राहुल ने दो अन्य फाइनलिस्ट - डांसिंग क्रू यूजीएच, और ऊर्जा से ओतप्रोत जोड़ी दिव्यम और दर्शन को हराया है । इस प्रतिस्पर्धा को जीतकर राहुल अपने घर निसान मैग्नाइट गेज़ा स्पेशल एडिशन कार और हिप-हॉप इंडिया चैंपियनशिप बेल्ट लेकर जा रहे है राहुल का डांस का ये सफर चौथी कक्षा से ही आरम्भ हो चूका था लगभग एक दशक से नृत्य कार्यक्रमों में वह दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। अब उनका आगे का लक्ष्य है पुरे झारखंड में हिप-हॉप डांस को बढ़ावा देना ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड डांसर जो इस शो की जज भी थी रोंगटे खड़े कर देने वाला डांस प्रस्तुत किया नोरा ने

### 6 वर्षों से लगातार भारत की साहित्यिक उत्कृष्टता को दर्शाते जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर ने 2023 के लिए अपनी लॉन्गलिस्ट की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे प्रतिष्ठित फिक्शन पुरस्कारों में से एक, जेसीबी प्राइस फॉर लिटरेचर ने अपने छठे संस्करण की लॉन्गलिस्ट की घोषणा की है। लेखक और अनुवादक, श्रीनाथ पेरूर की अध्यक्षता में विभिन्न विधाओं से सम्बंधित एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सूची को प्रकाशित किया गया है, जो निश्चित ही दुनिया भर के साहित्यिक प्रेमियों में उत्साह का संचार करेगी।

निर्णायक मंडल ने देश भर से प्राप्त हुए प्रविष्टियों को बड़े ध्यान से पढ़ा जिसमें 24 शहरों के लेखकों द्वारा अंग्रेजी समेत अलग-अलग आठ भाषाओं में लिखी साहित्यिक रचनाएँ शामिल थीं। इनमें 6 पुस्तकें मूल रूप से अंग्रेजी भाषा में लिखीं गयी थीं और चार पुस्तकें मूल रूप से बंगाली, हिंदी और तमिल भाषा में लिखी गयी 4 पुस्तकों का अंग्रेजी अनुवाद थीं। इन सभी ने लॉन्गलिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। प्रतिष्ठित लेखक, मनोरंजन ब्यापारी और पेरुमल मुरुगन, जिनकी कृतियों को पहले भी पुरस्कार के लिए दो बार सूचीबद्ध किया जा चुका गया है, तीसरी बार सूची में शामिल हुए हैं, और लेखक तनुज सोलंकी दूसरी बार सूची में शामिल हुए हैं। श्री हंसदा सोवेंद्र शेखर, जो लम्बे समय से एक लेखक के रूप में पुरस्कार के लिए सूचीबद्ध होते रहे हैं, ने इस बार श्री मनोज रूपड़ा की हिंदी पुस्तक के अनुवादक के रूप में सूची में स्थान प्राप्त किया है, यह श्री हंसदा द्वारा किसी पुस्तक का पहला अनुवाद है।

गीत चतुर्वेदी द्वारा लिखित प्रथम उपन्यास, जो श्रीमती अनीता गोपालन द्वारा किसी उपन्यास के अनुवाद का प्रथम प्रयास है, इस वर्ष की लॉन्गलिस्ट में शामिल किया गया है। श्रीमती तेजस्विनी आप्टे-रहम तथा श्री बिक्रम शर्मा द्वारा रचित उपन्यासों को भी इस लॉन्गलिस्ट में शामिल किया गया है।

पुरस्कार के 2023 के इस संस्करण के प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल में लेखक और अनुवादक श्रीनाथ पेरूर की अध्यक्षता में नाटककार और मंच निर्देशक श्री महेश दत्तानी ; लेखक, आलोचक और शिक्षण डिजाइनर श्री सोमक घोषाल ; लेखक और सर्जन श्रीमती कावेरी नांबिसन; और कन्वर्सेशन पत्रकार और फिल्म निर्माता श्रीमती स्वाति त्यागराजन शामिल हैं।

# सीटी मैक्स हॉस्पिटल सील मालती अस्पताल को दिया नोटिस

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र में अवैध अस्पताल संचालकों में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब डिप्टी सीएमओ ने अपनी टीम के साथ छपा मारकर एक अस्पताल को सील कर दिया जबकि एक दूसरे अस्पताल को नोटिस जारी किया। डिप्टी सीएमओ के इस कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

गौरतलब हो कि बीते दिनों सीएमओ कुशीनगर डॉ सुरेश पटारिया को कुबेरस्थान क्षेत्र में दर्जनों अवैध अस्पताल संचालित होने की शिकायत मिली थी। सीएमओ के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ नोडल डा आर. के. गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ कुबेरस्थान चौराहे पर स्थित सीटी मैक्स हॉस्पिटल पर छापेमारी की। इस दौरान डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल का निरीक्षण किया गया। डिप्टी सीएमओ की पुछताछ में अस्पताल का संचालक इंद्रेश कुमार ने अपने को खुद डाक्टर बताया गया, संचालक द्वारा अस्पताल का कोई वैध रजिस्ट्रेशन नही दिखाया गया। मौके पर एक महिला मरीज योगेश्वरी देवी मिली, जिनके हाथ का प्लास्टर किया गया था। यहां स्वास्थ्य टीम को नही कोई पैरामेडिकल स्टाफ व डाक्टर मिले और न ही समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं ही उपलब्ध थी। मानक के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधा नही मिले से अस्पताल को डिप्टी सीएमओ ने सील कर दिया गया। इसके उपरांत उक्त चौराहे के तुर्कपट्टी जाने वाले मार्ग पर स्थित मालती हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, मानक के अनुरूप अस्पताल संचालित न होने व दुर्व्यवस्था से नाराज डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया गया। 03 घंटे तक चली विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र के सभी फर्जी डॉक्टर चौकन्ने हो गए। अस्पतालों को डॉक्टर शटर गिराकर वहां से भाग निकले। इस संबंध में डिप्टी सीएमओ ने बताया कि पूरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। एक अस्पताल को सील कर दिया गया है और एक को नोटिस दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कुबेरस्थन चौराहे पर स्थित अवैध संचालित दो अस्पतालों पर हुई कार्रवाई**

## संस्कृत गीत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कालेज) में संस्कृत सप्ताह समारोह चौथे दिन संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक समिति द्वारा एकल गीत प्रतियोगिता में अभिनव तिवारी और कोमल गुप्ता को प्रथम स्थान, अमृताञ्जलि को द्वितीय स्थान तथा आभांसु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक समिति की तरफ से डॉ अनामिका ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पारम्परिक रूप से संस्कृत छात्र न होते हुए भी बीएएमएस के विद्यार्थियों का संस्कृत गीत प्रतियोगिता में बहुत ही श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। अध्यक्षीय भाषण देते हुए आयुर्वेद कालेज के शैक्षणिक प्रमुख डॉ नवीन के. ने विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए हर्षित होकर स्वयं भी एक संस्कृत गीत गाया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा आयुर्वेद की भाषा संस्कृत है। आप सभी को संस्कृत को उत्साहपूर्वक सीखना चाहिए, तभी आप एक श्रेष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक बन पायेंगे।

# अवैध बालू खननः छह घंटे मशक्कत के बाद भी नाव नहीं तोड़ पाई नायब तहसीलदार की टीम

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी घाटों पर अवैध बालू खनन रोकने को लेकर प्रशासन लगातार घाटों पर पहुंचकर कार्यवाई कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को नायब तहसीलदार हाटा मय टीम पहुंचकर एक घाट से नदी में डूबे नाव को तोड़वाने के लिए निकलवा रहे थे। करीब 6 घंटे के मशक्कत के बाद भी प्रशासन नाव को तोड़ नही सकी, बैरंग वापस लौटना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार छोटी गंडक नदी के मठिया उर्फ अकटहां व फर्दहां घाट के बीच अवैध बालू खनन में लगी नाव की सूचना शनिवार को लगभग साढ़े दस बजे उपजिलाधिकारी हाटा को मिली, जिसके निर्देश पर नायब तहसीलदार हाटा आशीष रंजन राजस्व व स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ उक्त जगह पहुंच गए जहां मौके से खनन तो नही हो रहा था लेकिन नाव को स्थाई रूप से नदी में डूबा पड़ा था। प्रशासन रस्सी से नाव को बंधवाकर निकलवाने की प्रयास करते है, लेकिन 6 घंटे के काफी मशक्कत के बाद भी नाव निकल नही सका और प्रशासन नाव को वहीं छोड़कर बैरंग वापस लौट गई। बता दें कि नायब तहसीलदार पिछले अगस्त महीने में फर्दहां घाट पर अवैध खनन में लगी नाव को तोड़वाया था। अभी हाल ही में बुधवार को मठिया उर्फ अकटहां घाट पर तहसीलदार हाटा धर्मवीर सिंह पहुंचे थे जहां नाव तो नही मिली लेकिन बालू का ढेर मिला जिसे नाव में बहा दिया। ज्ञात हो कि प्रशासन के लगातार कार्यवाई के बावजूद खनन कारोबारियों का हौंसला बुलंद है। आखिर इन लोगों के ऊपर किसका हाथ। बिना डर भय खुलेआम अवैध खनन कर रहे है। इस संबंध में नायब तहसीलदार हाटा आशीष रंजन ने बताया कि नाव को निकलवाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन नाव बड़ी होने के कारण पानी भरा था। इस लिए निकल नही पाया। उक्त नाव पर प्रशासन की नजर है, जल्द ही तोड़ता दिया जायेगा और हर हाल में खनन पर रोक लगाई जायेगी।

**छोटी गंडक नदी के मठिया उर्फ अकटहां व फर्दहां घाट के बीच नाव तोड़वाने पहुंचे थे नायब तहसीलदार**

## डीएम ने की बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकासखंड जामों जगदीशपुर व बाजार शुकुल में विकास मानकों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने स्वास्थ और पोषण शिक्षा कृषि और जल संसाधन वित्तीय समावेशन कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में कर्मचारियों की तैनाती शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आकांक्षात्मक विकासखंडों की प्रगति का अनुश्रवण अब 75 इंडिकेटर्स के आधार पर किया जाएगा। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक विकासखंडों में अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित इंडिकेटर पर ब्लाकवार अद्यतन सूचना वर्तमान माह के अंत तक एकत्र कर ली जाए। इसके उपरांत हर माह की 15 तारीख तक संबंधित विकासखंडों द्वारा अद्यतन विवरण पोर्टल पर फिर किया जाए।

# आश्रम पद्धति विद्यालय से कक्षा नौ की छात्रा गायब, मचा हड़कंप




अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के हेतिमपुर में संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय से कक्षा 09वीं की छात्रा अचानक गायब हो गई। छात्रा के गायब होने की सूचना लगते ही विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर सहजनवा निवासी छात्रा शुक्रवार की शाम विद्यालय के छात्रावास से गायब हो गई। परिजनों ने कसया थाने में आकर छात्रा के गायब होने की सूचना दिया। छात्रा के पिता का कहना है कि 11 दिन पहले एडमिशन कराया था और शुक्रवार को 8 बजे छोड़कर गए थे और शाम को गायब हो गईद्य इसके पूर्व भी वह कई बर घर से निकल चुकीं है। परिजनों का कहना है कि युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ है। इसमें विद्यालय का कोई दोष नहीं है, और न कोई शिकायत है। जबकि इसके बावजूद आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय व छात्रावास के सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान बनता है कि आखिर आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षा कर्मी व विद्यालय के जिम्मेदार प्रधानाचार्य या कर्मचारी किस प्रकार से ड्यूटी करते हैं कि उनकी नाक के नीचे से छात्रावास से एक छात्रा शाम को निकलकर कहीं चली जाती या गायब हो जाती हैं, और किसी को पता तक नहीं। चर्चाएं आम है, कि बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर इनकी भी जवाबदेही बनती है। तहरीर मिलते ही पुलिस छात्रा की छान-बीन में जुटी गई है।

**परिजनों के अनुसार मानसिक रूप से अस्वस्थ है छात्रा, थाने में दी तहरीर**

# जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में देर सायं विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक समस्त परियोजनाओं को पूर्ण करने के साथ सभी घरों में पाइप लाइन के जरिये स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्धस्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए। शासन की प्राथमिकता के कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

जल निगम के अधिशासी अभियंता के आनंद ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत कुल 832 परियोजनाओं पर त्रिपक्षीय एग्रीमेंट कर लिया गया है तथा 733 पर कार्य किया जा रहा है। अभी तक योजना के तहत 86 गांव में शतप्रतिशत घरों में नल से जल की आपूर्ति की जा रही है तथा 75 गांवों में दो माह के अंदर प्रत्येक घर में नल से जल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर नल से जल योजना सरकार के अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। प्रत्येक दशा में मार्च 2024 तक समस्त परियोजनाओं को पूर्ण किया जाए। यदि कहीं परियोजनाएं रुकी हुई है उन्हें यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाए। अधिशासी अभियंता द्वारा डीएम को अवगत कराया गया कि अभी 31 परियोजनाओं के लिए निर्विवादित भूमि नहीं मिल सकी है, जिस पर डीएम ने 7 दिन के भीतर निर्विवादित भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत सातों इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी (आईएसए) के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने सात दिनों के भीतर सभी आवंटित ग्राम पंचायतों में खाता खुलवाने का निर्देश दिया।

# पीड़ित की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारणः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद की चारों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील अमेठी में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया तहसील तिलोई में 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण किया गया। तहसील गौरीगंज में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 03 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 48 शिकायतें प्राप्त हुई।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होगा नर्सिंग प्रशिक्षण, बनेगा सिमुलेशन लैब

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत छात्राओं के समयानुकूल नर्सिंग कौशल में अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर ने मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में कार्यरत तीन प्रतिष्ठित कम्पनियों के साथ शनिवार को संयुक्त रूप से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी एमओयू (समझौता करार) किया। इस एमओयू के होने से अब गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्राओं को सिमुलेशन लैब (अनुरूपण प्रयोगशाला) के जरिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नर्सिंग प्रशिक्षण की अत्याधुनिक सुविधा मिलेगी। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय से एमओयू करने वाली तीनों कम्पनियां एडिशन इक्विपमेंट कम्पनी नई दिल्ली, मेडिसिस एजटेक प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना व लैर्डल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मुंबई संयुक्त रूप से नर्सिंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के दिशानिर्देश के अनुरूप मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में विविध टीचिंग एंड सेल्फ लर्निंग ई-रिसोर्स तथा सिमुलेशन लैब व स्किल (कौशल) लैब सिकसित करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। एमओयू के अनुसार उक्त तीनों कम्पनियां साझा रूप से नर्सिंग कौशल के लिए संसाधन व प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगी। साथ ही उनके द्वारा नर्सिंग शिक्षा के लिए डिजिटल ई-प्लेटफार्म उपलब्ध कराएंगी। ये सभी कार्य उक्त तीनों कम्पनियों की सीएसआर पॉलिसी के अंतर्गत किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि गोरखपुर में एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज और गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सिमुलेशन लैब की स्थापना होनी है। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव, गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा, एडिशन इक्विपमेंट कम्पनी नई दिल्ली के डायरेक्टर (सेल्स) सरबजीत सिंह बेदी व डायरेक्टर (टेक्निकल) आलोक माथुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति डॉ वाजपेयी ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रशिक्षण देकर और दक्ष बनाया जाएगा।

# जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों कहा है कि जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराएं।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का निस्तारण पहले दोनों पक्ष के बीच बातचीत कराकर किया जाए। न होने पर कानूनी तरीके से हल निकाला जाए। जमीन कब्जा की शिकायत पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो उदाहरण बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**

## बंद रहे अधिकांश अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटर

**अमेठी।** स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से अल्ट्रासाउंड और पैथालाजी सेंटर पर हड़कंप मचा हुआ है। शनिवार को नगर के तमाम अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटर बंद रहे मरीजो को जांच के लिए इधर-उधर काफी भटकना पड़ रहा था। पिछले दिनों से स्वास्थ्य विभाग की टीम अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी कर कार्यवाही कर रही है। दर्जनों अल्ट्रासाउंड सेंटर अवैधानिक तरीके से संचालित होते पाए जाने के कारण विभाग ने उन पर कार्यवाही की है। इसी प्रकार तमाम पैथोलॉजी सेंटर जो बग़ैर रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं इस छापेमारी की कार्यवाही से भयभीत होकर शनिवार को भी अपना सटर डाउन किए दिखे। कहीं-कहीं अंदर से कुछ काम होते नजर आए अल्ट्रासाउंड और पैथालाजी सेंटर बंद होने के कारण मरीजों को जांच के लिए काफी भटकना पड़ रहा था इस छापेमारी के दौरान यह खुलासा हुआ है कि अवैध रूप से एक लंबे समय से अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटर जिले में संचालित हो रहे हैं विभाग के सजग होने के बाद इनमें हड़कंप मचा हुआ है।

# डीएम और एसपी ने पशु चिकित्सा वैन को दिखाई हरी झंडी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र और पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने शनिवार को तहसील अमेठी के परिसर से जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं जेके ट्रस्ट के आपसी सहयोग से जेके लक्ष्मी पशु आरोग्य रथ नाम से पशु चिकित्सा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जेके लक्ष्मी स्टेट हेड अजीत सिंह द्वारा बताया गया कि यह चिकित्सा की सुविधा रूट निर्धारित कर विकासखंड भादर के समस्त गांव के पशुपालकों को चिकित्सा सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। आपातकालीन सेवा भी नियमित रूट के पश्चात प्रस्तावित है उसके लिए विकासखंड भादर हेतु पृथक से टोल फ्री नंबर कंपनी द्वारा जारी किया जाएगा। पशु चिकित्सा अधिकारी भादर एवं खंड विकास अधिकारी भादर से संपर्क स्थापित कर शिविर लगाने की तिथि निर्धारित की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि पशुओं की चिकित्सा सुविधा निशुल्क पशुपालकों एवं गो आश्रय स्थलों में सुविधा प्रदान करने वाली अभी जनपद की प्रथम कंपनी है जो की सीएसआर फंड से पशुओं को निशुल्क चिकित्सा स्वव्यय पर प्रदान करने जा रही है। इस मौके पर जनपद के अन्य अधिकारी एवं कंपनी की तरफ से लॉजिस्टिक हेड आशीष गुप्ता एरिया हेड अखिलेश सिंह सेल्स ऑफिसर विपिन सिंह सेल्स प्रमोटर शांति प्रकाश शुक्ला और टेक्निकल मैनेजर अनुराग मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रुद्रपुर के रामचक में ग्राम चौपाल आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज रुद्रपुर तहसील के ग्राम पंचायत रामचक स्थित सामुदायिक भवन में ग्राम चौपाल आयोजित कर शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति परखी एवं ग्रामवासियों से सीधा संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिलाधिकारी ने प्रगतिशील किसानों तथा युवाओं को कृषि उत्पादन संगठन (एफपीओ) का गठन करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एफपीओ का गठन होने से ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

जिलाधिकारी आज अपराह्न 3 बजे रुद्रपुर तहसील के ग्राम पंचायत रामचक पहुंचे। उन्होंने ग्राम पंचायत में हुए विकास के विषय में जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि गांव में कुल 527 परिवार निवास करते हैं, जिनकी आबादी 3,616 है, जिनमें 1688 महिला एवं 1928 पुरुष शामिल हैं। गांव में वृद्धावस्था पेंशन के 65, विधवा पेंशन के 37 लाभार्थी ग्राम में निवास करते हैं। ग्राम स्तर पर 22 स्वयं सहायता समूह गठित हैं, जिनमें से अधिकांश पशुपालन से जुड़े हैं। ग्रामीणों ने हैंडपंप खराब होने की शिकायत की, जिसे ठीक करने के निर्देश दिए गए। विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के पात्रता की पुष्टि ग्रामीणों द्वारा की गई। कुछ ग्रामीणों ने पीएम आवास की मांग की जिस पर डीएम ने पात्र लोगों की सूची बनाने का निर्देश दिया और कहा कि नए आवास के लक्ष्य आने पर पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को समाधान के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम चौपाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समस्याओं का ग्राम स्तर पर ही समाधान करना है। इसके लिए पूरा प्रशासनिक अमला जनता के द्वार आया है। डीएम ने ग्रामीणों को एफ़पीओ गठन के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बायोफ्लॉक मत्स्य पालन, बकरी पालन, कुक्कट लेयर फॉर्मिंग, ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा, सोयाबीन उत्पादन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यूनतम 10 किसान मिलकर एफपीओ का गठन कर सकते हैं। किसी भी फसल का बड़े पैमाने पर उत्पादन होने पर बाजार स्वयं किसानों के द्वार आएगा, जिससे उनकी आय बढ़ेगी। डीएम ने युवाओं के कौशल विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप कौशल से प्रशिक्षित कराया जाएगा। ग्राम चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाए थे, जिनका निरीक्षण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया। ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, एसडीएम विपिन द्विवेदी, सीओ जिलाजीत, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, ग्राम प्रधान इसरावती देवी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

**न्यूनतम दस किसान मिलकर कर सकते हैं एफपीओ का गठनः डीएम**

**ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी एफपीओ**

# राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता के लिए की गयी प्री-ट्रायल बैठक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद के समस्त खंड विकास के अधिकारियों के साथ दीवानी न्यायालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग भवन में प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त खंड विकास अधिकारी चिन्हित किये हुये मामलें को संदर्भित करें तथा अधिक से अधिक संख्या में मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.09.2023 के दिन लगाकर मामलों का निस्तारण करावें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार दूबें ने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार-प्रसार करावे तथा अपने विभाग से संबंधित जो भी मामले है ग्राम सभा स्तर पर चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करावे एवं अबतक चिन्हित मामलों की संख्या से अवगत करावे। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह ने जनपद के समस्त विभाग के अधिकारियों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु एक साथ आगे आने का आह्वान किया।

# डीपीआरओ की जांच में मिली अनियमितता, दिया कारण बताओ नोटिस

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि विकास खण्ड जयसिंहपुर के ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत में उत्तर प्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत शिकायतकर्ता सुरेश कुमार पुत्र परशुराम, ओम प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 सूर्य नारायण सिंह व अन्य निवासी ग्राम पंचायत फतेहपुरसंगत, विकासखण्ड जयसिहपुर जनपद सुलतानपुर द्वारा ग्राम पंचायत फतेहपुरसंगत में कराये गये विकास कार्यो में अनियमितता किये जाने के सम्बन्ध में शपथपत्रयुक्त शिकायतीपत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसकी जांच जिलाधिकारी महोदया द्वारा मुझे सौंपी गई थी। उक्त शिकायती प्रकरण की जांच करते हुए अवलोकन / परीक्षण किये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर ऊपर इण्डिया मार्का - 2 हैण्डपम्प रीबोर कार्य कार्य की पत्रावली में रि-बोर कराये गये हैण्डपम्पों की सूची संलग्न नहीं है। पत्रावली में संलग्न किये गये प्रार्थनापत्र में अंकित लाभार्थियों के नाम के सम्मुख हैण्डपम्पों का क्रमांक अंकित नही है। जांच के समय उपलब्ध करायी गयी दोनों पत्रावलियों में संलग्न कोटेशन के फर्म एवं बिल क्रमांक एक समान है। जिससे स्पष्ट है कि कोटेशन प्रक्रिया का पालन नही किया गया है। आनलाइन प्रियासाफ्ट पत्रक में पृथक-पृथक किये गये भुगतान में एक ही हैण्डपम्पों का क्रमांक 398, 399 एव 400 अंकित करते हुए भुगतान ले लिया गया है, जो संदिग्ध है। श्री संजय निषाद के हैण्डपम्प रिबोर का स्थलीय सत्यापन किया गया, सत्यापन के समय हैण्डपम्प के पुराने स्थान को नहीं दिखाया जा सका, जिससे हैण्डपम्प रिबोर कराये जाने की पुष्टि नहीं हुई है। शिकायतीपत्र एवं आनलाइन प्रियासाफ्ट पत्रक में अंकित हैण्डपम्प क्रमांक 398,

> 15 दिनों में मांगा जबाब, उचित जबाब नहीं मिलने पर होगी रिकवरी व पावर सीज की कार्रवाई

399 एवं 400 का स्थलीय सत्यापन नहीं कराया जा सका। इस प्रकार इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प रिबोर कार्य में शासकीय धनराशि मु0 एक लाख 86,हजार 315 रू0 का दुरूपयोग / वित्तीय अनियमितता मिली है। इसी प्रकार दूसरा आरोप प्राथमिक विद्यालय चपरहवा से कुटियवा नाला तक इन्टरलांकिंग कार्य ~ प्राथमिक विद्यालय चपरहवा से कुटियवा नाला तक इन्टरलांकिंग कार्य की एम0बी0 9,85,150.74 रू0 की गयी है जिसके सापेक्ष 9,67,310.00 रू0 का भुगतान किया गया है। उक्त कार्य टेन्डर प्रक्रिया के अन्तर्गत आता है परन्तु टेन्डर प्रपत्र आदि अभिलेख पत्रावली में संलग्न नहीं है। उक्त कार्य में वित्तीय नियमों का पालन नहीं किया गया है। स्थलीय सत्यापन के समय पाया गया कि इन्टरलांकिग ईटों के नीचे गिट्टी नहीं डाली गयी है, मात्र बालू डालकर इन्टरलांकिग ईटों को बिछा दिया गया है। उक्त कार्य की गुणवत्ता प्रथमदृष्ट्या सन्तोषजनक नहीं पायी गयी है। उक्त के अतिरिक्त उक्त कार्य में मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नियमों के विपरीत श्री जगदम्बा प्रसाद को किया गया है। इस प्रकार इन्टरलांकिग कार्य में वित्तीय नियमों का पालन न करने, कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक न होने एवं मजदूरी की धनराशि का भुगतान एक ही व्यक्ति के नाम पर करने से व्यय की गयी शासकीय धनराशि मु0 9,67,310.00 रू0 का दुरूपयोग / वित्तीय अनियमितता किया जाना पाया गया है। जिसके लिए आप प्रथमदृष्ट्या उत्तरदायी पायी गयी है। ह्यूमपाइप स्थलीय जांच के समय पंचायत सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि माह दिसम्बर 2022 में ह्यूमपाइपों का क्रय किया गया है। उक्त कार्य की एम0बी0 1,85,172.00 रू0 की गयी है तथा एम0बी0 के सापेक्ष शासकीय धनराशि 1,81,470.00 रू0 का भुगतान किया

काय में वित्ताय का के समय पाया गया कि इन्टरलाकिंग ईटों के नीचे गिट्टी नहीं डाली गयी है. मात्र बालू डालकर इन्टरलाकिंग ईटों को बिछा दिया गया है। उक्त कार्य की गुणवत्ता प्रथमदृष्ट्या सन्तोषजनक नहीं पायी गयी है। उक्त के अतिरिक्त उक्त कार्य में मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नियमों के विपरीत श्री जगदम्बा प्रसाद को किया गया है। इस प्रकार इन्टरलांकिग कार्य में वित्तीय नियमों का पालन न करने, कार्य की गुणवत्ता सन्तोषजनक न होने एवं मजदूरी की धनराशि का भुगतान एक ही व्यक्ति के नाम पर करने से व्यय की गयी शासकीय धनराशि मु0 9,67.310.00 रू0 का दुरूपयोग / वित्तीय अनियमितता किया जाना पाया गया है। जिसके लिए आप प्रथमदृष्ट्या उत्तरदायी पायी गयी है।

# त्योहारों में अशांति फ़ैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** चैहल्लुम व श्रीकृष्ण जन्मास्टमी को सकुशल संपन्न कराने के लिए बंधुआकला थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम सदर सीपी पाठक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मे शामिल लोगों से संवाद किया गया। निकलने वाले जुलुस के बारे में जानकारी हासिल करते हुए अधिकारियों की तरफ से जिम्मेदारों को शांति बनाए रखने की भी हिदायत दी गई। किस-किस स्थान पर जन्मास्टमी को लेकर झांकी सजेगी इस बारे में भी जानकारी हासिल की गई। सीओ राघवेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि गड़बड़ी फ़ैलाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की गलत संलिप्तता पाए जाने पर कार्यवाई की जाएगी। इस मौके पर बंधुआ कला थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह,प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अकरम,हसनपुर प्रधान ओम प्रकाश, पूर्व प्रधान साहबे आलम, ढाहा फ़िरोज़पुर प्रधान प्रतिनिधि स्वाले खान, पिकौरा प्रधान नन्दलाल पाल, हसनपुर पूर्व प्रधान इंद्र नारायण तिवारी, हरखी दौलतपुर प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप अग्रहरि, मनियारपुर प्रधान प्रतिनिधि अकबर,भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री राम प्रकाश वर्मा, समाजसेवी राज कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक संपन्न

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/ नोडल अधिकारी, लोक अदालत विराट शिरोमणि ने शुक्रवार को देर शाम नगर मजिस्ट्रेट/नोडल अधिकारी, लोक अदालत, शालिनी प्रभाकर एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नगर)/ नोडल अधिकारी, लोक अदालत कुवर ज्ञानंजय सिंह के साथ ए.डी.आर. भवन में बैठक करते हुए निर्देशित किया कि अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण 09 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में कराया जाय। बैठक में उपस्थित अधिकारियों से लोक अदालत को सफल बनाने में आ रही बाधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सुझाव भी लिये गये। बैठक के माध्यम से सचिव श्री शिरोमणि ने जन सामान्य से अपील की है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के



निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि धारा 24 के निस्तारित वादों में भूमि पैमाईश अनिवार्य रूप से करा दी जाए ताकि प्रकरण का पूरी तरह से निस्तारण हो जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी के आवासीय भूमि से सम्बन्धित प्रकरण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे मामलों में लेखपाल, पंचायत सचिव व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर भूमि से सम्बन्धित समस्या का समाधान कराएं ताकि लाभार्थी को आवास निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वरासत अभियान के सम्बन्ध में डीएम ने शासन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही का निर्देश देते हुए लेखपालों को हिदायत दी कि आवश्यक जांच पड़ताल के पश्चात मृतक के जायज़ वारिसानों का ही नाम खतौनी में दर्ज किया जाय। उन्होंने सचेत किया कि गलत वरासत दर्ज करने की शिकायतों को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाएगा तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 70 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन अभियुक्त पकड़े

**ललितपुर।** बीती 28 अगस्त को मड़ावरा थाना में एक पीड़िता द्वारा सूचना दी कि 20 मई 2023 को उसके साथ गांव के राजाराम अहिरवार, श्रीराम व मंजू उर्फ निर्भान यादव द्वारा सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया गया। सूचना पर पुलिस ने तत्काल धारा 376 डी, 504, 506, 328 व 3 (2) व्ही. एस.सी./एस.टी. एक्ट व 3 (1) द, ध एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ मड़ावरा इमरान अहमद के पर्यवेक्षण में पुलिस ने तीनों वांछित अभियुक्तों को ग्राम प्यासा चौराहा से हिरासत में ले लिया है। अभियुक्तों को पकडने वाली टीम में उ.नि. अरुण कुमार, उ.नि. रामसेवक, का.रोहित, कां.सुशील कुमार, का.कमलेश पाल आदि शामिल रहे।

# समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी नोडल अधिकारियों ने तहसीलों में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मतलब है कि शिकायतकर्ता की सहुलियत के अनुसार समस्या का एक ही स्थान पर तत्काल निस्ताण। इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारी शिकायत का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर निस्तारण करायें, यदि निस्तारण में देरी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बंधित अधिकारी की होगी। यह भी निर्देश दिये गए कि शिकायत प्राप्त होते ही मौके पर जाकर प्रकरण को समझे और निस्तारण करायें। फरियादियों को दूरस्थ क्षेत्रों से जिला मुख्यालय न आना पड़े, उन्हें उनके स्थान पर ही गुणवत्तापूर्ण न्याय मिलना चाहिए। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 08, पुलिस के 03,



> शिकायतकर्ताओं की सहुलियत के अनुसार एक ही स्थान पर त्वरित निस्तारण के निर्देश

विद्युत के 09, विकास का 01 तथा अन्य विभागों के 10 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 21, विकास विभाग के 03, पुलिस के 11, पूर्ति के 13, विद्युत के 03, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभागों के 14 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 95 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 19, पुलिस विभाग के 19, विकास विभाग के 06, पूर्ति के 18, विद्युत के 08, चकबंदी के 03, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य 20 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 03, विकास विभाग के 05, पुलिस विभाग के 05, पूर्ति के 03 तथा विद्युत के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, पुलिस विभाग के 03, विद्युत विभाग के 03, विकास विभाग का 01, चकबंदी का 01, पूर्ति विभाग का 01, सिंचाई का 01 तथा जल संस्थान का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, डीएफओ गौतम सिंह, सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद सहित सम्बंधित तहसील के उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान पर घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**सुलतानपुर,हलियापुर।** थाना क्षेत्र स्थित सैनी गांव के पूर्व प्रधान पर हमला किया गया।पत्नी की हत्या में उम्र-कैद का दोषी ठहराए जाने के बाद दौरान अपील जमानत पर रिहा विजयराज उर्फ बृजराज ने घरवालों के साथ मिलकर पूर्व प्रधान राजेन्द्र के घर मे घुसकर हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष थाने तो पहुंचा,लेकिन मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक एफ आई आर नहीं दर्ज हो सकी थी। पूर्व प्रधान राजेन्द्र के मुताबिक शनिवार की सुबह गांव की तरफ से पैदल आते समय पहले से घात लगाए बैठे सजायाफ्ता विजयराज ने अपने पिता परमेश्वर दीन व घर की महिलाओं के साथ मिलकर लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से उस पर हमला बोल दिया। अति विवादित हेड मास्टर अजयराज का विजयराज उर्फ बृजराज भाई है। अपनी निजी कार में नीली बत्ती लगाकर टोल टैक्स माफ कराने व स्वयं को ऑफिसर बताकर अनुचित लाभ उठाने के आरोप में अजयराज पूर्व में चार्जशीटेड हो चुका है।

# संक्षिप्त समाचार

## अनुप्रिया पटेल का आगमन 04 सितम्बर को

बहराइच। केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार अनुप्रिया पटेल का 04 सितम्बर 2023 को जनपद आगमन प्रस्तावित है। राज्य मंत्री पटेल 04 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 12:20 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचेंगी। पदोपरान्त अपरान्ह 01:00 बजे बन सरिता रिसार्ट, गोण्डा रोड, बहराइच पहुंचकर मासिक बैठक सह जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रतिभाग कर अपरान्ह 05:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

## अपर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील समाधान दिवस,



**बल्दीराय, सुलतानपुर।** अपर जिलाधिकारी पंकज की अध्यक्षता में माह अगस्त के प्रथम शनिवार को तहसील बल्दीराय सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस उप अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह द्वारा आम जनमानस से प्राप्त शिकायतों का निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील में समाधान दिवस में तहसीलदार घनश्याम भारती क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार, खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह, थाना अध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह, थाना अध्यक्ष हलियापुर धर्मवीर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी धनपतगंज अरविंद सिंह, बल्दीराय खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि संदीप पांडेय सहित मातहत उपस्थित रहे।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र से एक जोड़े की विदाई



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में आए कई विवादित वैवाहिक मामलों में से एक जोड़े की विदाई कराई गई। जहां प्रभारी महोदय श्रीमती अंजू मिश्रा,महिला आरक्षी रेनू यादव, महिला आरक्षी सीमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मनोरम पांडे, समाजसेवी अमर बहादुर सिंह, पीएलबी उषा शर्मा के अथक प्रयासों से शाहरीन फातिमा पत्नी चंगेज अहमद निवासी सैदपुर ,चीनी मिल ,के एन आई थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर ने अपना विवाद शांत कर लिया है एवं स्वेच्छा से राजी खुशी से विदाई कराई गई।

## डीएम ने गर्भवती महिलाओं की कराई गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन्न



**बहराइच।** तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आईसीडीएस विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित कैम्प का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ स्टाल का निरीक्षण कर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्राम कुड़वा निवासिनी 02 गर्भवती महिलाओं श्रीमती सोनी व नासरा की गोद भराई की तथा 02 बच्चों प्रांजल व सूरज को अन्नप्रासन कराया।

# कोचिंग जाने वाली छात्राओं को दें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण: डीआईओएस

> मुख्य सचिव के आदेश पर डीएम से जारी निर्देश पर बोले डीआईओएस

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये अब शासन द्वारा कोचिंग सेन्टरों को भी विशेष निर्देश जारी किये हैं। इनमें कोचिंग संस्थानों का समय निर्धारण करते हुये छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिये जाने और सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यह जानकारी देते हुये जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया है कि मुख्य सचिव लखनऊ द्वारा निर्देश के अनुपालन में छात्राओं वाले कोंचिग संस्थान रात में 8 बजे तक ही संचालित होंगे, ताकि वह समय से सुरक्षित अपने घर पहुंच सके। कोचिंग संस्थान में लड़कियों के अलग टायलेट और प्रवेश और निकास द्वार पर सी.सी.टी.वी. कैमरा अवश्य लगा होना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिलाया जाये। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद में संचालित समस्त निजी व सार्वजनिक कॉलेज, माध्यमिक विद्यलयों, डिग्री कॉलेज, कोंचिग संस्थान, ट्यूशन सेन्टर इत्यादि में छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये अच्छी गुणवत्ता एवं पांच साल की गारंटी वाले सी.सी.टी.वी. कैमरा स्थापित किया जाये के साथ एन.एस.एस. इकाईयों की सेफ सिटी परियोजना के क्रियान्वयन में भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी संस्थानों के प्रधानाचार्य को उक्त निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन करें इसमें किसी भी शिथिलता एवं उदासीनता क्षम्य नही होगी।

## घरेलू गैस में दो सौ रुपये घटी दरों का आदेश जारी

**ललितपुर।** मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एण्ड नेचुरल गैस गवर्मेन्ट ऑफ इण्डिया नई दिल्ली से 29 अगस्त को जारी पत्र का जिलाधिकारी के द्वारा हवाला देते हुये जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक झांसी एलपीजी बिक्री क्षेत्र के पत्र 1 सितम्बर के अनुसार समस्त घरेलू कुकिंग गैस उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशानुसार 30 अगस्त से रियायती घरेलू कुकिंग गैस का मूल्य 200 रुपये प्रति घरेलू कुकिंग गैस सिलेण्ड (14.2 कि.ग्रा.) कम कर दिया गया है। उन्होंने सभी एल.पी.जी. वितरक उपभोक्तानुसार घटी दरों पर सम्बन्धित उपभोक्ताओं/ लाभार्थियों को एल.पी.जी.रिफिल की आपूर्ति सुनिश्चित करें एवं उपभोक्ता तदानुसार घटी दरों पर एलपीजी रिफिल क्रय करें।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले हो जाएं सावधान

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यातायात प्रभारी छोटे लाल ने अभियान चलाया हुआ है।बेलगाम होती जा रही शहर की यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए एसपी सोमेन वर्मा के निर्देश पर यातायात प्रभारी छोटे लाल ने शहर में जाम से आम जनता को निजात मिले इसके लिए अभियान चलाया। शहर के बस अड्डा, गोलाघाट, सब्जीमंडी,पयगीपुर, अमहट चौराहा ,बाधमण्डी पर वाहनों की सघन जांच की गई।नियमों को खुलेआम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यातायात प्रभारी छोटे लाल ने बताया कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर नाबालिगो को वाहन न चलाने देने की नसीहत देने के साथ ही ई रिक्सा चालको को अपने रुट पर चलने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। यातायात नियमो का पालन करने और दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट का उपयोग करने की सख्त हिदायत दी गई है। पूरे अभियान में यातायात के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# फूड विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज व्यापारियों ने मांग पत्र

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने जिलाधिकारी से कहा कि शासन से रोक के बावजूद व्यापारियों की प्रतिष्ठानों पर फूड अधिकारी अपने साथ प्राइवेट वक्तियों लेकर जा रहें हैं। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने जिला अधिकारी से कहा कि महोदया जो खाद्य व्यापारी गलत काम करें उनका नमूना भरा जाए* उनके ऊपर कारवाई *की जाए हम व्यापारियों की कोई आपत्ति नहीं है लेकिन सुल्तानपुर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शासन से आदेश के विरुद्ध जाकर कार्य किया जा रहा है। जनपद सुल्तानपुर के विभिन्न बाजारों से व्यापारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एव प्रशासन के कार्य प्रणाली को लेकर विभिन्न शिकायत प्राप्त हुई है जिसका मांग पत्र आपकी सेवा में प्रेषित है निवेदन है कि निदान करवाने की कृपा करें। जिस व्यापारी के यहां नमूना भरा जाता है शासन के निर्देशानुसार उस व्यापारी को नमूना भरे जाने वाली सामाग्री का भुगतान करना चाहिए और व्यापारी से उसकी रसीद लेकर नमूने के साथ संलग्न करना चाहिए लेकिन फूड अधिकारियों द्वारा नमूने की सामग्री की कीमत व्यापारियों को नहीं दी जा रही है निवेदन है कि नमूने के साथ सामग्री



> प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से जांच न कराकर मजिस्ट्रेटी जांच करने की किया मांग

भुगतान की रसीद भी सन लग्न की जाए और व्यापारियों को नमूना सामग्री का भुगतान अधिकारियों द्वारा अवश्य किया जाए।व्यापारियों ने शिकायत किया है कि लंभुआ फ़ूड अधिकारी द्वारा अनिल शर्मा नामक व्यक्ति कादीपुर फ़ूड अधिकारी द्वारा अनंत कुमार उर्फ अनंतु सिंह, फ़ूड अधिकारी नगर द्वारा रवि यादव नामक व्यक्ति और फ़ूड अधिकारी सदर द्वारा अनिल कुमार यादव नामक व्यक्ति तथा फ़ूड अधिकारी जयसिंहपुर द्वारा भी एक अज्ञात व्यक्ति को अपने साथ प्राइवेट व्यक्ति के रूप में लेकर व्यापारियों की दुकानों पर जाया जा रहा है और इन्हीं प्राइवेट व्यक्तियों के माध्यम से धन उगाही की जा रही है जबकि शासन का निर्देश है कि किसी भी अधिकारी के साथ कोइ भी प्राइवेट व्यक्ति नहीं चलेगा और ना ही व्यापारियों की दुकान पर जाएगा। प्राइवेट व्यक्तियों को तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए और अधिकारियों को निर्देशित किया जाए की किसी भी दशा में प्राइवेट व्यक्ति व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर न जाए। व्यापारियों ने यह भी शिकायत किया है कि नमूना भरते समय फूड अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से मोबाइल छीन ली जाती है और पैक सामग्रियों पर जो बैच नंबर व एक्सपायरी डेट लिखा रहता है उसे हाथ से रगड़कर मिटा दिया जाता है। जो व्यापारी फूड अधिकारियों को रुपया दे देता है वह चाहे जितना गलत काम करें उन पर कार्रवाई नहीं होती इसके विपरीत जो व्यापारी फूड अधिकारियों को रुपया नहीं देता है उनके धन उगाही ही में बाधा बनता है।

## कोतवाली देहात क्षेत्र में चल रही है अवैध कटान, पुलिस प्रशासन मौन

**सुल्तानपुर,भदैंया।** उत्तर प्रदेश शासन के कड़े प्रतिबंध के बावजूद कोतवाली देहात क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की कटान धड़ल्ले से जारी है। पुलिस महकमा अवैध कटान करने वाले लकड़ी माफियाओं से अपनी जेब गर्म करने में लगा हुआ है। जहां जनपद के वन विभाग के अफसरों ने अपनी आंखें बंद कर चैन कि नींद सो रहा हैं। बताया जा रहा की क्षेत्र के ग्राम सभा छतौना में दिनदहाड़े महुआ के पेड़ों की कटान जोरों पर हो रही है।जब क्षेत्र में हल्का सिपाहियों से लेकर 112 नम्बर की पुलिस दौड़ती रहती हैं।उसके बावजूद लकड़ी माफियाओं ने महुआ के कीमती पेड़ काटकर उनकी लकड़ियां ठेकेदारों के माध्यम से जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र.सं. 1. ई-निविदा संख्या : CPM-GS-IZN-2023-28,, कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल के अमृत भारत योजना के सम्बन्ध में लालकुआं में रैंप और ग्रेनाइट फिनिशिंग कार्य के साथ लिफ्ट और एस्केलेटर और 12.0 मीटर चौड़े फुट ओभर ब्रिज (एफओबी) की स्थापना के सम्बन्ध में सिविल कार्य। अनुमानित निविदा मुल्य (रू०) : 5,28,29,602.54, बयाना राशि (रू०): 4,14,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 9 (नौ) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक 11.09.2023, • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 25.09.2023 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 25.09.2023 15.30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेवसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/गतिशिक्त, इज्जतनगर

मुजाधि/डब्ल्यू - 294

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## डीएम खुद चेक करते नजर आए नल



**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने ग्राम पंचायत सुजातपुर, वि0ख0 भावलखेड़ा में जन चौपाल के उपरान्त हर घर जल योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाईप द्वारा जलापूर्ति का औचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने गांव में स्थित ग्राम सचिवालय के बाहर ही स्थापित नल को चलाकर औचक रूप से चेक किया। निरीक्षण के दौरान जलापूर्ति पाई गयी। जिलाधिकारी ने जलापूर्ति के विषय में ग्रामीणों से भी जानकारी ली, मौजूद ग्रामीणों ने किसी प्रकार की शिकायत नही जताई। जिलाधिकारी ने मैजूद लोगो से पाईप द्वारा जलापूर्ति किये जाने वाले जल की शुद्धता के विषय में भी जानकारी ली। साथ ही उन्होने मौजूद ग्रामीणों को शुद्ध पेय जल के विषय में जानकारी देते हुये, सभी को टैप वाटर के उपयोग हेतु प्रेरित किया।

## तीन किलो अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहा अभियान के अंतर्गत दिनांक 2/9/2023 को थाना मुस्करा पुलिस के द्वारा 3 किलो अवैध गांजा के साथ अभियुक्त अमित गुप्ता पुत्र रविंद्र गुप्ता निवासी ग्राम कुनेहटा थाना बिवांर जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर, मुकदमा अपराध संख्या 221/2023 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर के अन्तर्गत अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर दी गई जिम्मेदारी

**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई मासिक बैठक में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य राम भरोसे सिंह पटेल जी का जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार को समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि सपा के एक-एक कार्यकर्ताओं को लगकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करें और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसले। लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल ने कहा कि आप सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि सपा की नीतियों को जन- जन तक पहुंचाने का काम करें।




## अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस, किया विरोध प्रदर्शन



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** शनिवार को सदर तहसील परिसर में मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे को सौंपते हुए तहसील परिसर में जुलूस निकालकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए बुलंद की गई आवाज। वही अधिवक्ताओं ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा किये गए निन्दनीय कृत्य पर सोनभद्र बार एसोसिएशन, सोनभद्र के आम सदन की बैठक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड. की अध्यक्ष व महामंत्री आनन्द कुमार मिश्र एड. के संचालन में बीते दिनों की गई बैठक में अधिवक्ताओं के विचारों के अनुसार निर्णय लिया गया कि शनिवार को भी अधिवक्तागण विरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे तथा अपनी मांगो के समर्थन में ज्ञापन भी देंगे।

## एन. विंध्या. सीएसआर द्वारा खेल सामग्री का वितरण



**सोनभद्र/विंध्यनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत समय-समय पर परियोजना परिसर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न कार्य किए जाते रहते है। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना द्वारा परियोजना के आस-पास स्थित वार्ड पार्षदगणों को फूटबाल एवं बॉलीबॉल किट का वितरण किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा इस खेल सामग्री वितरण का मुख्य उदेश्य परियोजना के आस-पास स्थित वार्डवासियों को फूटबाल एवं बॉलीबॉल खेलेने हेतु सामग्री उपलब्ध करवाने के साथ-साथ लोगों में खेल के प्रति रुचि पैदा करना है, जिससे उनका शरीर स्वस्थ्य एवं निरोग हो सके। खेल सभी के लिए बहुत ही लाभदायक है क्योंकि, यह शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायता प्रदान करता है। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री जावेद सामदानी, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं.आरएंडआर) महताब आलम, अधिकारी (मा.सं. सीएसआर) जप्पनजोत सिंह के साथ-साथ सीएसआर टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सितम्बर महीने के पहले शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सहदेव कुमार मिश्रा ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कराने के साथ ही, क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया, इस मौके पर सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सहदेव कुमार मिश्र व उप जिलाधिकारी दुद्धी श्री सुरेश राय, तहसीलदार दुद्धी व अन्य अधिकारियों आदि ने 42 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 12 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# नदी में डूबे बच्चो के परिजनों को राज्यमंत्री ने सौंपे चेक

अवधनामा संवाददाता



**चेक देते समय बिलख पड़े परिजन, राज्यमंत्री की आंखें भी हुई नम**

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिधनकला के मजरा गुरगवां में केन नदी में 30 अगस्त को सुबह 8 बजे कजलिया विसर्जन के दौरान गहरे गड्ढे में सूर्यांश पुत्र लवलेश, विजयलक्ष्मी पुत्री राम विशाल अंजना देवी उर्फ राखी पुत्री रामकृपाल पुष्पेंद्र पुत्र दिनेश कुमार विवेक उर्फ तन्नू पुत्र रामशरन कुटार्य की मौत हो जाने पर मौके पर पहुंचे जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा को तत्काल परिजनों को राज्य आपदा मोचक निधि से चार-चार लाख रुपये परिजनों को सहायता उपलब्ध कराए जाने को लेकर निर्देश दिया था।

वहीं वहीं एसडीएम ने रक्षाबंधन की छुट्टी के बावजूद भी दिन-रात एक करके ट्रेजरी के माध्यम से परिजनों को चार-चार लाख रुपए खातों में पहुंचने का कार्य किया था। वही राज्यमंत्री ने गुरगवा गांव पहुंचकर दिवंगत बच्चों सूर्यांश की मां संगीत विजयलक्ष्मी की मां पवन कुमारी अंजना देवी उर्फ राखी की मां चुनुबादी पुष्पेंद्र की मां उषा तथा विवेक उर्फ तन्नू की मां ममता को चार-चार लाख रुपए के चेक दिए।

वहीं चेक देते ही जैसे ही दिवंगत विवेक उर्फ तन्नू की मां ममता चेक लेते समय आंसू छलक पड़े। राज्यमंत्री भी अपने आप को रोक नहीं पाए और रुंधे गले से कहा कि सरकार आपके साथ है। वहीं एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र द्वारा समय रहते विवेक उर्फ तन्नू को भी 30 अगस्त की शाम 4 बजे तक शव बरामद किए जाने को लेकर तथा परिजनों के खातों में 4-4 लाख रुपए भेजे जाने पर शाबासी दी। कहा कि तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने रेस्क्यू आपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वही एसडीएम पैलानी शशिभूषण मिश्र से केन नदी में डूब रही दो बच्चों को बचाने वाली गुरगवां गांव निवासी रामजीत मिश्र की पुत्री लक्ष्मी व परशुराम मिश्र की पुत्री अनन्या को जांन- जोखिम में डालकर दो बच्चों को बचाने पर शीघ्र प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए हैं। चेक वितरण के दौरान भाजपा नेता राकेश बाजपेई सोनामऊ, दिनेश सिंह सिंधनकला, शिवबली निषाद जसपुरा, भूपत सिंह पैलानी डेरा, मुन्ना निषाद पैलानी डेरा, संजय निषाद, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जसपुरा महेश निषाद, मैयादीन सिंह गौर, क्षेत्रीय सोशल मीडिया प्रभारी उमेश सिंह चंदेल, सीरजध्वज तिवारी, दिलीप गुप्ता, रामजीत मिश्र गुरगवां आदि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायतों का निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सरीला तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 17 शिकायतों का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ 1076 के संदर्भ तथा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए यदि किसी कारणवश 07 दिनों में निस्तारण ना हो पाए तो उसकी अंतरिम आख्या अवश्य प्रस्तुत कर दी जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार.बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में बैठक का आयोजन



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ चन्द्र भूषण की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में बैठक का आयोजन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश के ऐसे सभी नागरिको को जो पांरपरिक शिल्पकार या कारीगर हो उनके लिए महात्वकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की घोषण की गयी है। इस योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु पंरपरागत 18 ट्रेड से जुड़े व्यक्तियों जैसे. कारपेंटर ;सुथार, नाव बनाने वाले ;बोट मेकर, अस्त्र बनाने वाले ;आरमोरर, लोहार ;ब्लैकस्मिथ, ताला बनाने वाले ;लॉकस्मिथ, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले ;हैमर और टूलकिट मेकर, सुनार ;गोल्डस्मिथ, कुम्हार ;पॉटर, मूर्तिकार ;स्कल्पटर, मोची ;कॉबलर शूस्मिथ, राजमिस्त्री ;मेसन, डलिया चटाई झाड़ू बनाने वाले ;कोईर, मैट, ब्रूम मेकर, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले ;डॉल एंड टॉय मेकर, नाई ;बार्बर, मालाकार ;गारलैंड मेकर, धोबी ;वाशरमैन, दर्जी ;टेलर, मछली का जाल बनाने वाले ;फिशिंग नेट मेकर, इत्यादि को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उनके कुशलता में बृद्धि एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना में आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष हो, आवेदक पांरपरिक शिल्पकार या कारीगर हो। आवेदक को स्वतः जन सेवा केन्द्र के माध्यम से अपने को पंजीकृत कराना है।

## समाधान दिवस पर 103 शिकायतें आई

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे की तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कु 103 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से सात शिकायतें मौके पर निस्तारित कर दी गई शेष शिकायतें निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेजी जा रहीं हैं।जबकि सबसे अधिक शिकायतें पुलिस, राजस्व और बिजली के साथ ही पूर्ति विभाग से सम्बंधित दर्ज की गई।

महीने के पहले शनिवार के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी रमेश चंद्र और अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने की।इस दौरान कुल 103 फरियादियों ने अपनी फरियाद सुनाई जिसमें से सात फरियादों को निस्तारण कर दिया गया।जिसमें पाटनपुर निवासी रमेश पुत्र पंचा ने पिछले साल जुलाई में करंट लगने से मरी भैंस के मुआवजे की मांग को लेकर शिकायती पत्र सौंपा, वहीं कस्बे के बड़ा कसौडा निवासी रेहाना ने पुलिस पर हल्की धारा लगाने और दलालों की सांठगांठ से आरोपी को छोड़ने का आरोप लगाया जबकि जबकि रागौल के लल्लू ने नगरपालिका के भवन कर रजिस्टर में नाम नहीं चढाने की शिकायत की,तो ग्राम पंचायत उपरी के सचिव के कार्यालय में तैनात निजी सहायक के खाते में फर्जी भुगतान करने की शिकायत दर्ज कराई,इतना ही नहीं मराठीपुर निवासी भौनी ने कस्बे के उपरौस के भूमाफिया पर अपनी जमीन के कब्जे की शिकायत दर्ज कराई जबकि उक्त भूमाफिया के विरुद्ध समाधान दिवस में कुछ अन्य लोगों ने भी अपनी जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है।तो वहीं अधिवक्ता विनय तिवारी ने बड़े चौराहे पर शौचालय बनवाने की मांग करते हुए अपनी फरियाद सुनाई,वहीं कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी संतोष ने पट्टे की जमीन जो उसके साथ उसके भाई और मां के नाम पर दर्ज है में उपरौस के कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत दर्ज कराई तो कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और मंदिर में झूठी शादी कर छोड़ देने की शिकायत दर्ज कराई साथ ही पुलिस के आलाधिकारियों सहित मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही नहीं की है।

## उमस भरी गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहाल

**सुमेरपुर हमीरपुर।** भीषण उमस और गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती शुरू हो जाने से उपभोक्ता परेशान है। रात और दिन में होने वाली अतिरिक्त कटौती से लोगों के अंदर गुस्सा पनप रहा है। गर्मी एवं उमस का तापमान बढ़ने से विद्युत आपूर्ति भी बेपटरी होने लगी है। बीती रात ग्रामीण क्षेत्रों में रात 10:30 बजे से 1:00 बजे तक आपूर्ति गुल रही। बिजली गुल होने से बच्चे, बूढ़े व महिलाएं परेशान रही। दिन में बिजली कब आएगी। कब जाएगी कोई ठिकाना नहीं रहता है। दोपहर में कस्बे में 12:30 बजे से 1:30 बजे तक तथा 2 बजे से 3 तक बिजली गुल रहने से लोग गर्मी व उमस के चलते बेचैन रहे। रात और दिन में हो रही है अघोषित कटौती का असर व्यापार में भी पड़ रहा है। छोटे-मोटे कल कारखानों का कार्य विद्युत आपूर्ति ठप होते ही बाधित हो जाता है। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने बताया कि बिजली की आंख मिचौली का सबसे बड़ा असर व्यापार पर पड़ रहा है।

## मच्छरदानी के उपयोग से जहरीले कीट पंतगो से बचा जा सकता हैः इंदू सिंह

अवधनामा संवाददाता




**दिशिता महिला मण्डल द्वारा मच्छरदानी वितरण**

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर ग्रामीणों के उत्थान व समाज सेवा के कार्यो मे सदैव अग्रणी रहता है और हमेशा दूर दराज के गावो मे ग्रामीणों के उत्थान हेतु सेवा भाव लेकर समय -समय पर विभिन्न कार्य करते रहते है। इसी क्रम में दिशिता महिला मण्डल द्वारा ग्राम मकरा में मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दिशिता महिला मण्डल की अध्यक्षा इंदू सिंह के द्वारा ग्राम मकरा मे महिला मण्डल की सदस्याओ के साथ 101 मच्छरदानी का ग्रामीणों में वितरण किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि वर्षा ऋतु मे मच्छर,जहरीले कीट पंतगो का प्रकोप बढ़ जाता है मच्छरो के काटने से मलेरिया व डेंगू आदि रोगो का भय बना रहता है। इस मच्छरदानी के उपयोग से इन सभी से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी जरूरतमंद, गरीब वृद्ध पुरुष व महिलाये मच्छरदानी पाकर दिशिता महिला मंडल का एक स्वर में आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया। बहरहाल मच्छरदानी पाकर जरूरतमंद, गरीब वृद्ध पुरुष व महिलाये व अन्य के चेहरे पर खुशी की लहर छा गयी। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, सपना तिवारी, सचिव कविता श्रीमाली, सह सचिव तुलिका श्रीवास्तव,सोमा ढ़ोले, आशा सैनी, विभा सिंह, सविता चौबे, व अन्य सदस्याए प्रमुख रुप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी अनिल झा ने किया इस अवसर पर ग्राम मकरा के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे साथ ही उन्होंने दिशिता महिला मण्डल के इस कार्य की प्रसंशा करते हुए धन्यवाद दिया।

## डंडा पूजन में अधिवक्ताओं ने ताकत और एकता का किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के आवाहन पर हुआ डंडा पूजन का आयोजन**

**बांदा।** गाजियाबाद में अधिवक्ता की हत्या किए जाने और हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किए जाने को लेकर जिला अधिवक्ता संघ में आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश दुबे के आवाहन पर शनिवार को सभी अधिवक्ता अपने घरों से एक-एक डंडा लेकर आए।

मंदिर में पूजन-अर्चन करने के बाद डंडा पूजन भी किया गया। अधिवक्ताओं का कहना है यह डंडा आत्मरक्षार्थ इस्तेमाल किया जाएगा। यह भी कहा गया कि शासन और प्रशासन अधिवक्ताओं की सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री दुबे और महासचिव ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ के सभी अधिवकतओं ने डंडा पूजन कार्यक्रम में एकत्र हुए। इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने अपनी ताकत और एकता का प्रदर्शन किया। अधिवक्तओं ने सबसे पहले संघ परिसर में स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सभी डंडों को एकत्र कर सामूहिक रूप से उनकी विध-विधान से पूजा-अर्चना की गई। संघ अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ के सभी अधिवक्ता पूर्व में हुए जिला हापुड़ एवं गाजियाबाद की घटनाओं को लेकर अत्यधिक आक्रोश में हैं। दंड पूजा का कार्यक्रम करने का उद्देश्य कानून के दायरे में रखकर आत्मरक्षार्थ किया गया है। निर्मम घटनाओं के संघर्ष की दिशा में बार काउंसिल की रविवार को होने वाली बैठक के बाद जारी दिशा निर्देश के अनुसार की जाएगी। इस दौरान अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह भदौरिया, हेमलता, राकेश सिंह, सत्यदेव त्रिपाठी, अजय प्रजापति, राममिलन सिंह पटेल, नवीन अग्निहोत्री, शिवचरन तिवारी, कौसल मुस्ताक, राजेश द्विवेदी, कालिका गुप्ता, सोमदत्त, विशाल गांधी, जगदीश सिंह, जयराम सिंह चंदेल, सुरेंद्र मिश्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आटो और कार की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक घायल

**सुमेरपुर हमीरपुर।** शुक्रवार की रात सुमेरपुर बांदा मार्ग में टेढ़ा के समीप कार आटो के आमने-सामने हुई भिड़ंत में पांच महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सभी को रात में ही सदर अस्पताल रेफर किया गया। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे बांदा मार्ग में टेढ़ा के समीप कार और आटो में सीधी भिड़ंत होने से आटो सवार पांच तथा कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायल सुखराम (65) व मनोज कुमार (50) निवासीगण गडरिया बांदा, सोनाबाई (60) सुरौली बुजुर्ग, श्याम देवी (50) कुछेछा,सुरेखा (30) टेढ़ा, श्याम देवी (40) रामपुर बांदा, दयाराम (50) रामपुर बांदा, निर्मला(26)धर्मेश्वर बाबा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए रात में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर सभी को सदर अस्पताल भेजा गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना व उनका गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 05 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराया गया कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्यतः राजस्व, पुलिस, गन्ना, समाज कल्याण, उद्यान, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, विद्युत, आपूर्ति आदि विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। तहसील समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से विधि सम्मत तरीके से करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए। जो प्रकरण मौके पर निस्तारित होने वाले है उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित कराया जाए और जिन प्रकरणों में फील्ड विजिट की आवश्यकता है उनका निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अंदर सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वालों और निस्तारण में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें, यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत से देर रात ओवर रेट पर जारी रहती है शराब बिक्री




**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** अगर आप शराब के शौकीन हैं और देर रात आपको शराब की जरूरत हो तो चिंता करने की कोई आवश्यकता नही है क्योंकि पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत से वैसे तो कई जगह है जहाँ देर रात सरकारी ठेके बंद हो जाने के बाद शराब ओवर रेट पर आसानी से मिल जाती हैं लेकिन हम आपको एक ऐसी चर्चित जगह बताने जा रहे हैं जहाँ देर रात तक खुलेआम ओवर रेट पर शराब आसानी से ली जा सकती हैं। यूपी के शाहजहांपुर की नगर कोतवाली क्षेत्र की राजघाट चौकी के ठीक पास स्थित यूपी टूरिज्म का लैपविंग होटल जहाँ देर रात तक ओवर रेट में शराब आसानी से खरीदी जा सकती है। दरअसल यूपी में सरकारी शराब के ठेके रात 10 बजे तक ही खुलने का आदेश है। जिसके बाद यह होटल 12 बजे के बाद भी खुला रहता है और यहाँ के कर्मचारी ओवर रेट में शराब बेचते हैं।इसी दौरान बीती रात होटल में भीड़ को देखकर चीता पुलिस पहुँची लेकिन वहां मौजूद लोगों पर पुलिस का कोई खौफ नही दिखा उल्टा पुलिस ने ही मौके की स्थिति को देखते हुए अपना रवैया बदला और हाथ मिलाकर वापस लौट आये।बहरहाल देर रात शराब की गैरकानूनी तरीके से बिक्री होने से कई बार झगड़े भी होते नजर आए।जिसके बाद पुलिस को कार्यवाही करनी पड़ी। लेकिन जब समय निर्धारित है तो उसके बाद भी बिक्री जारी रहने पर आदेशो के क्या मायने।

# बूथ कार्यकर्ता जनता के साथी बनें: अनुप्रिया पटेल

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा- सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अफवाहों का तार्किक ढंग से जवाब दें





**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी/लखनऊ।** ज्ञान व सांस्कृतिक विरासत की ऐतिहासिक नगरी वाराणसी में अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा, हमें अपने बूथ कार्यकर्ताओं को समझाना है कि वह अपने बूथ पर जनता का साथी बने, जनता का मददगार बने, जनसेवक बने, जनता के दुःख-सुख में खड़े हों तो आप जनता के स्वतः साथी बन जाएंगे। अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को वाराणसी के शुभ लग्नम बैंकेट हॉल में पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेशस्तरीय पदाधिकारियों के दो दिवसीय वैचारिक मंथन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान यह संदेश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी के सभी बूथ कार्यकर्ताओं को केंद्र व प्रदेश की एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए, तभी हमारा बूथ कार्यकर्ता गरीब, वंचित आम जनता का सही ढंग से सहयोग कर पाएगा। उन्होंने कहा कि आज इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हमें अपने कार्यकर्ताओं के त्याग व बलिदान को याद करने की जरूरत है। हमें यह आम जनता को यह संदेश देने की जरूरत है।

### प्रशिक्षण से नए साथी में बढ़ेगा विश्वास

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से हमारी पार्टी के नए साथी को पार्टी के इतिहास, त्याग, विचारधारा और यात्रा के बारे में जानकारी मिलती है और उसे पार्टी के प्रति सम्मान बढ़ता है, नेतृत्व पर विश्वास व पार्टी का विस्तार होता है।

### सोशल मीडिया पर तार्किक ढंग से दें जवाब

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण से ही हमारे अंदर अनुशासन आता है। हमारी तर्कशक्ति बढ़ती है और हर कार्य को समय से करने की इच्छाशक्ति प्रबल होती है। भविष्य की नई चुनौतियों को प्रभावशाली ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत है। हमारे पदाधिकारियों को मानसिक और तार्किक ढंग से मजबूत होना है, ताकि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया अथवा चौक-चौराहों पर पार्टी के खिलाफ अफवाह फैलाता है तो उसका जवाब हमें तार्किक ढंग से दिया जा सके।

## राष्ट्रीय सद्भावना सम्मेलन आज

**लखनऊ।** आल इंडिया कौमी तंजीम की ओर से रविवार को राष्ट्रीय सद्भावना सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कौमी तंजीम के प्रदेश अध्यक्ष तालिब अली ने बताया कि नक्खास के बिल्लौचपुरा स्थित सुन्नी इण्टर कॉलेज में दोपहर 2 बजे आयोजित होने वाले सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर शामिल होंगे। सम्मेलन में संगठन के पदाधिकारियों सहित सदस्य शामिल होंगे।

## आयुष मंत्री ने गाजीपुर स्थित वेलनेस सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने आज आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बहादुरगंज, गाजीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टर्स की उपस्थिति और साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

श्री दयालु ने कहा कि मरीजों की उचित देखभाल होनी चाहिए। मरीज आए तो डॉक्टर अनुपस्थिति न पाए जाएं। मरीज के साथ-साथ उनके साथ आने वाले तीमारदारों के साथ भी अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीज को वेलनेस सेंटर से ही दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही मरीजों की पूरी देखभाल की जाए, जिससे कि बीमार पूरी तरीके से संतुष्ट होकर ही घर जाएं।

# प्रदेश की विभिन्न जेलों में 80973 महिलाओं ने पहुंचकर राखी बांधी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के विभिन्न जेलों में निरूद्ध बंदियों को राखी बांधने की समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये थे। प्रदेश की विभिन्न जेलों में रह रहे बंदियों को उनकी बहनों ने जेलों में पहुंचकर राखी बांधी। इस वर्ष 80973 महिलाओं/बहनों ने प्रदेश के विभिन्न जेलों में जाकर राखी बांधी। जबकि गत वर्ष 70 हजार 448 महिलाओं ने राखी बांधी थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बंदियों की संख्या कम होने के बावजूद भी 10 हजार 5 सौ से अधिक महिलाओं ने राखी बांधी। यह जानकारी

- **गाजियाबाद की जेल में सबसे अधिक संख्या में बहनों ने राखी बांधी**

देते हुए कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर 31 अगस्त, 2023 को उन्होंने स्वयं आगरा की जिला जेल एवं सेन्ट्रल जेल पहुंचकर महिलाओं के लिए जेल प्रशासन द्वारा दी गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आई हुई महिलाओं एवं उनके परिजनों से हालचाल लिया। इस दौरान बहन-भाई के बीच प्यार व भावुक पल को देखकर वे स्वयं भी भावुक हो गये। ज्ञातव्य हो 29 अगस्त को लखनऊ स्थित नारी बंदी निकेतन की महिलाओं ने श्री प्रजापति को राखी बाँधी थी। राखी बांधने वाली बहनों को कारागार मंत्री ने अपनी तरफ से 16500 रुपए दिए। इस प्रकार रक्षाबंधन पर बहन को उपहार दिए जाने की परंपरा का उन्होंने निर्वहन किया। श्री प्रजापति ने बताया कि प्रदेश की बहुत सी ऐसी जेलें रहीं, जहां पर बड़ी तादाद में महिलायें अपने भाईयों को राखी बांधने आई। गाजियाबाद में सबसे अधिक 4435 महिलाओं ने राखी बांधी। जबकि लखनऊ में 3991, मथुरा में 3741, फिरोजाबाद में 3336, नोएडा में 2810, आगरा में 2501 एवं सेन्ट्रल जेल आगरा में 639, कानपुर नगर 2225, अलीगढ़ 2022, महिलाओं ने अपने भाईयों को राखी बांधने आई।

# निर्माणाधीन मल्टीप्लेक्स सहित दो अवैध निर्माणों को किया सील





**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध निर्माण/अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को प्राधिकरण अधिकारियों ने आशियाना और आलमबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन मल्टीप्लेक्स सहित दो अवैध निर्माणों को सील कराया। लविप्रा की प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अंशुल गोयल व अर्पित जैन की ओर से आशियाना के कानपुर रोड योजना में व्यवसायिक भूखण्ड संख्या-सी0पी0-138/डी-1 पर लगभग 14050.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल में मल्टीप्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के उलट किये जा रहे निर्माण पर विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। इसी तरह कुलवन्त सिंह व अन्य की ओर से आलमबाग के भिलावां में भूखण्ड संख्या-551क/ओ0462 पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 129 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। दोनों ही मामलों में विहित न्यायालय के सीलिंग के आदेश पर शनिवार को सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व नागेन्द्र मिश्रा ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस की मदद से सीलिंग कराई।

### सी.जी. सिटी स्थित नंदन वन में लगाए पौधों को राखी बांध कर रक्षाबंधन मनाया

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शनिवार को सी.जी. सिटी स्थित नंदन वन में लगाए पौधों को राखी बांध कर रक्षाबंधन मनाया। इस मौके पर कर्मचारियों ने पौधों की रक्षा का संकल्प भी लिया। प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि पौधारोपण महाभियान के तहत सी.जी. सिटी में लगभग 40 एकड़ क्षेत्रफल में नंदन वन विकसित किया गया है। श्री वर्मा ने बताया कि सी.जी. सिटी में 22 जुलाई को मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के नेतृत्व में प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक साथ लगभग 10 हजार पौधे लगाए थे और प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी ने इन पौधों को संरक्षित रखने के निर्देश देते हुए कहा था कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधे लगाए हैं वे रक्षाबंधन के पर्व पर इन पौधों को रक्षासूत्र बांध कर सुरक्षा का वचन देंगे। शनिवार को उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मचारियों ने नंदन वन पहुंच कर अपने लगाए पौधों को राखी बांध कर सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने वहां त्रिशक्ति के रूप में आम, कदम व नीम के पौधे भी लगाए। उपाध्यक्ष ने सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह को पौधों को नियमित रूप से पानी देने और ग्रीन बेल्ट के पूरे क्षेत्र को पिलर व तार लगाकर सुरक्षित करने का निर्देश दिया।


## रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी का निधन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र नाथ त्रिवेदी का शनिवार को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में निधन हो गया। वह पार्टी के सदस्यता अभियान के भी प्रदेश प्रभारी थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पार्टीजनों के साथ उनके आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय लोकदल का झंडा व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिवारीजनों को सांत्वना दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उनके पुत्र मयंक त्रिवेदी को फोन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

# अजय राय, कांग्रेस सचिव व प्रदेश प्रभारी आयोजित कार्यक्रमो में होंगे शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**





**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस सचिव व प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल रविवार को विभिन्न जनपदों का दौरा कर वहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पार्टी प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कल वाराणसी के मैदागिन स्थित कांग्रेस कांग्रेस में स्वाधीनता संग्राम सेनानी और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यहां के बाद श्री राय दुर्गा सप्तशती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद वे पं. कमलापति त्रिपाठी फाउण्डेशन की ओर से वाराणसी के औरंगाबाद में आयोजित जयन्ती समारोह में शामिल होंगे।

वाराणसी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद श्री राय सड़क मार्ग से सुल्तानपुर के के.एन.आई. कस्बा स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर सिंह के आवास पहुंचेंगे। यहां वे श्री सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। लाल पद्माकर सिंह से संवेदना व्यक्त करने के बाद श्री राय अमेठी के मुसाफिरखाना ब्लॉक में पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के इशारे पर पुलिस के फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजे गये ब्लॉक भादर के मंगरा गांव के प्रधान मोहम्मद इमरान और एक समाचार पत्र के पत्रकार विपिन यादव से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगे। इसी तरह कांग्रेस सचिव व प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल रविवार को बुलंदशहर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। प्रियंका गुप्ता ने बताया कि श्री नरवाल बुलंदशहर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में वर्तमान, पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों, जिला-शहर अध्यक्षों, पदाधिकारियों, ब्लाक व वार्ड अध्यक्षों के साथ ही विभिन्न फ्रण्टल, प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा करेंगे।

### छात्रा पर युवक ने मारी चाकू, कांग्रेस आक्रोशित

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई थाना के सेनानी विहार कॉलोनी में स्कूटी से जा रही पूर्व सैनिक परिवार की छात्रा पर युवक का अपने दो साथियों के साथ चाकू से ताबड़तोड़ वार करने की घटना पर कांग्रेस ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल ने कमाण्ड हॉस्पिटल पहुंच कर वहां भर्ती छात्रा के पिता से मिल कर घटना और पीड़ित छात्रा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित छात्रा के पिता को न्याय दिलाने और हर संभव मदद का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, रुद्रदमन सिंह, सोमेश सिंह, डॉ. शहजाद आलम, ए.के. रजा, नितान्त सिंह, अकील अहमद, शिव कुमार यादव शामिल थे।

# सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में सभी अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी लम्बित फाइलों के साथ मीटिंग हॉल में पहुंचे, जहां विभिन्न प्रकरणों से संबंधित कुल 253 फाइलों का निस्तारण किया गया। लविप्रा अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि शनिवार को आयोजित सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में सभी विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, प्रवर वर्ग सहायक व अभियंता अपने अनुभागों की लम्बित फाइलों के साथ मौजूद हुए। मीटिंग हॉल में उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की और फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्रवाई सम्पादित करायी। श्री वर्मा ने बताया कि शनिवार को कुल 253 फाइलों का निस्तारण किया गया। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में रिफण्ड की 44, रजिस्ट्री के 23, अभियंत्रण के 61, प्लानिंग के 8, शमन मानचित्र के 3, नामांतरण के 19, गणना के 31, अधिष्ठान के 64 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।।

# प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री के नेतृत्व में किया गया वृक्षारोपण

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 अरूण कुमार ने आज शहर बरेली में डेलापीर चौराहे से बैरियर सं0-2 तक सड़क के दोंनो तरफ वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के साथ ही वृक्षों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड लगाये गये। इस वृहद वृक्षारोपण में वन मंत्री के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चों ने सड़क के दोनों ओर कदम के पौधे लगाये। वन मंत्री ने पूरे प्रदेश के समस्त विधायकगणों से आग्रह किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में विधायक निधि से पर्यावरण हित में 0.5 प्रतिशत वृक्षारोपण हेतु व्यय करें, ताकि पर्यावरण सुरक्षा में सभी का योगदान रहे। इस वृहद वृक्षारोपण के मौके पर वन मंत्री ने कहा कि सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए, किन्तु वृक्षारोपण वहीं करें जहां उसकी देखभाल हो, उसका पोषण हो। बहुत से लोग वृक्षारोपण करते हैं, परन्तु देखभाल के अभाव में वृक्ष सूख जाते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करने के लगभग 03 वर्ष तक लगातार पेड़ की देखभाल उसके पानी, खाद इत्यादि का ध्यान रखना चाहिए, जिससे यह पेड़ बड़े होकर हमें ऑक्सीजन दे सकें। उन्होंने कहा कि जिन पेड़ों का रोपण हमारे पूर्वजों द्वारा किया गया, उनकी ऑक्सीजन फल आदि का लाभ आज की पीढ़ी ले रही है। इसी प्रकार से वर्तमान में लगाये गये पौधों से हमारे साथ-साथ हमारी आने वाली पीढ़ियां भी लाभान्वित होंगी।

# तीन दिवसीय शब्बेदारी का सिलसिला इमामबाड़ा हैदर हुसैन शीशमहल में जारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंजुमन शब्बीरया की तीन दिवसीय शब्बेदारी का सिलसिला इमामबाड़ा हैदर हुसैन शीशमहल में जारी है। शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना इसतिफा रजा ने खिताब किया। शब्बेदारी में अंजुमन गुंचाए मजलुमिया ने अंजुमन के शायर मारूफ सिरसिवी का लिखा सलाम मजलिसे शब्बीर में किस तरह दिक्कत छोड़ दें, कैसे मुमकिन है कोई इंसान फितरत छोड़ दे, हर बरस हुक्मे खुदा होता है रोजे अरबईन,हर फरिश्ता कर्बला आ जाये जन्नत छोड़ दे पढ़ा तो लोगों ने खूब दाद दी। सलाम की धुन, धुनसाज गजन्फर हुसैन पप्पू ने बनायी थी। इसके बाद शायर-ए-अहलेबैत हैदर रिजवी का लिखा नौहा लबे सुगरा पा था नौहा बहुत मजबूर हूं बाबा, मेरा घर हो गया सूना बहुत मजबूर हूं बाबा, पढ़ा तो अजादारों की आंखें अश्कबार हो गयीं।

इसके अलावा अंजुमन गुंचाए मेहदिया,दस्ते हुसैनी, नय्यरूल इस्लाम, मेराजुल इस्लाम, जलालुल ईमान, कमरे बनी हाशिम और गुलामाने हुसैन ने अपने कलाम व नौहे पेश किये। अंजुमन का अलविदायी अलम रविवार को जोहर की नमाज के बाद उठाया जायेगा जो पत्थर वाली मस्जिद जाकर समाप्त होगा।



### जारी है मजलिसों का सिलसिला

अजाखाना अफसर हुसैन मरहूम हसन पुरिया में मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमिया आबिदया व जफरूल ईमान सहित अनेक अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। रौजए शबीहे नजफ रूस्तम नगर में मौलाना नयाब हैदर ने मजलिस को खिताब किया। बीरबल साहनी मार्ग स्थित हैदरी मस्जिद न्यू हैदराबाद में मौलाना शब्बर हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना जौहर हैदर हुसैनी नैपियर रॉड 2 घासमंडी में मौलाना सैयद अली रजा ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना आकाए शरियत जौहरी मोहल्ला चौक में यादे खतीबे अकबर शीर्षक से मजलिस में शकील हसन शम्सी मर्सिया पेश किया।

### मजलिसे शबे चेहलुम 6 को

**लखनऊ।** इममाबाड़ा शकील रिजवी अब्बास नगर मुफ्तीगंज में 6 सितंबर को रात 8.35 बजे मजलिस को मौलाना अरशद हुसैन मूसवी खिताब करेंगे। इसके बाद शहर की अनेक अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करके कर्बला के शहीदों का गम मनायेंगी।

# यूनिटी कॉलेज में मुश्ताक नक़वी वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** वाद-विवाद न केवल विचारों की रचनात्मक संचार शक्ति को निखारता है, बल्कि छात्रों को उनके आस-पास की दुनिया को समझने के लिये उनकी बौद्धिक क्षमता का भी विकास करता है, जो उन्हें अंतर-सांस्कृतिक समझ और पूरे सम्मान के साथ एक नई सुन्दर और शान्ति पूर्ण दुनिया के विकास के लिये प्रेरित करता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये 02 सितम्बर के खुशनुमा वातावरण में यूनिटी कॉलेज द्वारा मुश्ताक नक़वी मेमोरियल इण्टर स्कूल वाद-विवाद प्रतियोगिता की मेजबानी की गई।

इस प्रतियोगिता को शहाब हुसैन द्वारा अपने परम पूज्य चाचा मुश्ताक नक़वी जो कि एक सुप्रसिद्ध सम्मानित

- **कार्यक्रम का शुभारम्भ कुरान, भगवत गीता और बाइबिल से हुआ**

साहित्यकार रहे हैं, उनकी प्रेम पूर्ण स्मृति में प्रायोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य उनकी समृद्ध साहित्यिक विरासत को भावी पीढ़ी के लिये एक प्रेरणा के रूप में बनाये रखना तथा उसके लिए एक रचनात्मक मंच का निर्माण करना है, जिसमें शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चे सम्मिलित होते हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुरान, भगवत गीता और बाइबिल की भावपूर्ण पंक्तियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूतपूर्व डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस जावीद अहमद की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। निर्णायक मण्डल के सदस्यों में





सी.जे. ड्यूमैन (ला मॉर्टीनियर कॉलेज ब्याएज़), नाहिद वर्मा (आई.सी.एस.) एवम् शीमा मुजीब (केथेड्रिल सेकेण्डरी स्कूल) उपस्थित थे।

**इस प्रतियोगिता का विषय -** ''कृत्रिम बुद्धिमता बुद्धि का स्थान ले रही है।'' विषय के पक्ष या विपक्ष में प्रतिभागियों ने सकारात्मक और नाकारात्मक पहलुओं को ध्यान में रखकर अपने-अपने विचार अत्यन्त तर्कपूर्ण ढंग से व्यक्त किये। प्रश्नकाल का समय सबसे आकर्षक रहा क्योंकि इस समय सभी प्रतिभागियों को अपने प्रतिद्वंदियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सामना भी करना पड़ा। हर प्रतिभागी प्रश्नों का सामना करते हुए अपने तर्क का जोरदार बचाव करता दिखा। यूनिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य फान्सिस केस्टेलीनो ने विशिष्ट अतिथियों, भाग लेने वाली टीमों और अनुरक्षण शिक्षकों का पूरी गर्मजोशी के साथ अभिनन्दन किया।

आज की इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों से सम्बन्धित दस सर्वोत्तम टीमों ने भाग लिया जिसमें हॉर्नर कॉलेज, सेंट फेडलिस कॉलेज, गुरूकुल एकेडमी, सिटी मांटेसरी स्कूल, राजाजीपुरम, सेंट टेरेसा डे स्कूल एण्ड कॉलेज, मोंटफोर्ट इंटर कॉलेज, सेंट फ्रांसिस कॉलेज, राज कुमार एकेडमी, काल्विन ताल्लुकेदार्स् कॉलेज एवं यूनिटी कॉलेज हुसैनाबाद लखनऊ के बच्चों ने अत्यन्त उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज सचिव नजमुल हसन रिज़्वी ने उपस्थित सभी लोगों को बधाई देते हुये कहा कि प्रभावपूर्ण ढंग से व्यक्त किये गये विचारों का जीवन में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान होता है। सभी प्रतिभागियों ने जिस रूचि के साथ अपने-अपने विचार व्यक्त किये हैं, वह वास्तव में उनके उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ाया हुआ उनका पहला कदम है और उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि सभी को सीखने की प्रक्रिया को जारी रखना चाहिये ताकि वह जीवन में अच्छा स्थान प्राप्त कर सके।

# प्रदेश में विकास कार्यों में और अधिक धार देने की तैयारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व, निर्देशन व अध्यक्षता में आगामी 04 सितम्बर 2023 को प्रदेश के सभी खण्ड विकास अधिकारियों की लखनऊ में आयोजित होने जा रही कार्यशाला को भव्य स्वरूप देने व सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हाल में आयोजित होने वाली कार्यशाला को सफल बनाने के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी0एस0 प्रियदर्शी ने शनिवार को ग्राम्य विकास विभाग के उच्चस्तरीय व प्रमुख अधिकारयो व अन्य सम्बंधित के साथ

- **प्रदेश के समस्त खण्ड विकास अधिकारी कार्यशाला में करेंगे प्रतिभाग**
- **कार्यशाला की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे**

इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 4 सितम्बर को आयोजित होने वाली कार्यशाला के सम्बन्ध में उन्होंने सीटिंग अरेंजमेंट्स, खान-पान व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अधीनस्थ अधिकारियों के साथ गहन विचार विमर्श किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में विकास कार्यों में और अधिक धार देना है। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के समस्त 826 विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी कार्यशाला में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि गांव-गरीब के लिए संचालित विभिन्न विकास व लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु खण्ड विकास अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी।